# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




मौनी अमावस्या पर करीब 8 करोड़ ने किया अमृत स्नान






## महाकुंभ में महा-आपदा

*महाकुंभ में मौनी अमावस्या में अमृत स्नान से पहले बड़ा हादसा हो गया। बुधवार तड़के मची भगदड़ में 30 लोगों की जान चली गई। अचानक भीड़ उमड़ने और धक्का-मुक्की होने से हालात बिगड़ गए। इस दौरान कई लोग गिर गए। लोगों में अफरा-तफरी मच गई। भीड़ की वजह से हादसा हुआ। एक तरफ से लोग वापस आ रहे थे, दूसरी तरफ से लोग जा रहे थे। धक्का-मुक्की हुई तो लोग गिर गए, जो गिर गया वो खड़ा नहीं हो पाया। भीड़ ऊपर से रौंदती हुई गई।*



### तगड़े इंतजाम थे, इसलिए हालात जल्द काबू में, उसके बाद हुआ संतों का अमृत स्नान

# आस्था के भंवर में डूबी जिंदगी, अमृत स्नान से पहले भगदड़, 30 की मौत, 60 से ज्यादा घायल

**25 शवों की हुई पहचान**



### आखिर क्यों मची भगदड़?

- पांटून पुल बंद थे। ऐसे में संगम पर लाखों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई।
- संगम पर आने और जाने के लिए एक ही रास्ता था। जिस रास्ते से आए, उसी से वापस जा रहे थे।
- बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ मच गई।
- जब भगदड़ मची तो भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए।

एजेंसी ▸▸ महाकुंभनगर

मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में करीब 7 करोड़ 64 लाख संतों, साधु और श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया। बुधवार तड़के पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगदड़ के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए लखनऊ में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने कहा कि हादसे में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

यह भी कहा कि हादसे के बाद प्रातः काल से ही प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग चार बार हाल-चाल लिया है। उन्होंने बताया कि शाह, भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी हादसे के संबंध में जानकारी ली है। उन्होंने कहा, रात में एक से दो बजे के बीच अखाड़ा मार्ग पर, जहां से अमृत स्नान की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाए गए थे, उनको फांदकर आने में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था की गई है। उनमें से कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं। भगदड़ के कारण संगम में अखाड़ों का स्नान सुबह के बजाय दोपहर करीब ढाई बजे शुरू हुआ। विभिन्न अखाड़ों के साधुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।



### सीएम साय बोले- धैर्य रखें श्रद्धालु



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में मची भगदड़ के दौरान लोगों की मौत पर दुख जताया। श्रद्धालुओं से धैर्य रखने व स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया। साय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर घटित भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन और घायल होने की खबर अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

- मुख्यमंत्री ने भगदड़ के कारणों की जांच के लिए न्यायिक जांच का दिया आदेश
- मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा
- मेला प्रशासन ने जारी किया 1920 हेल्पलाइन नंबर

### न्यायिक जांच के आदेश



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में स्नान के लिए मंगलवार देर रात मची भगदड़ के कारणों की जांच के लिए न्यायिक जांच का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। जांच आयोग की अध्यक्षता पूर्व न्यायमूर्ति हर्ष कुमार करेंगे और इसमें पूर्व आईएएस वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) बीके सिंह भी शामिल होंगे।

### राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा, मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं।

### पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, जो दुःखद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है। कई लोगों को चोट भी आई है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### आंखों देखी

**लेटे हुए लोग चपेट में आए**

असम से आई मधुमिता ने बताया कि संगम घाट पर लोग सुबह होने के इंतजार में बैठे और लेटे थे। तभी लोगों की भीड़ अखाड़ों के अमृत स्नान के लिए बने अवरोधकों को तोड़ते हुए घाट की तरफ बढ़ी और घाट पर लेटे हुए लोग इस भीड़ की चपेट में आ गए।



**ऐसा मौका नाहीं मिली**

बेगूसराय से आई बुजुर्ग महिला बदामा देवी ने कहा, बेटवा ई जनम में तो ऐसा मौका नाहीं मिली। यही खातिर हम इतनी दूर से गंगा माई में स्नान करय खातिर आई रहे। हमका का पता कि इहां इतना बड़ी अनहोनी होई जाई। लगत है गंगा माई की इहै मंजूर रहन।

**सिर्फ 2 पुल खुले थे**

सोनी सिंह ने कहा कि सिर्फ 2 पुल खुले थे, बाकी बंद थे। इस वजह से भगदड़ मची। 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है।

**पत्नी, बच्चे सहित 4 लापता**

गुना जिले के रमेश ने बताया- भगदड़ में उनकी पत्नी, बच्ची, बच्चा, दामाद लापता हो गए हैं। संगम पर अचानक पता नहीं क्यों भगदड़ मची, मैं किसी तरह जान बचाकर भागा हूं।

### टाइमलाइन

- *रात 1.30 बजे भगदड़ की स्थिति निर्मित हुई*
- *रात 3.15 बजे संगम पर करीब 50 एंबुलेंस पहुंचीं*
- *रात 3.30 बजे कई लोग अपने परिवार से बिछुड़ गए*
- *रात 3.30 स्वरूप रानी अस्पताल से भीड़ को हटाया गया*
- *रात 3.45 प्रशासन ने किया एनाउंस, घाट खाली करने की अपील*
- *तड़के 4.00 बजे संगम को एनएसजी ने अपने कब्जे में लिया*
- *सुबह 5 बजे घायलों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ*
- *सुबह 6.20 बजे पीएम मोदी ने सीएम योगी से की बात*
- *सुबह 8.00 योगी की अपील- अफवाह पर ध्यान न दें*
- *सुबह 9 बजे सीएम योगी ने आपात बैठक ली*
- *सुबह 11 बजे संगम जाने का रास्ता खाली कराया*
- *दोपहर 2.30 के बाद अखाड़ों ने शुरू किया अमृत स्नान*
- *शाम 6.30 बजे मृतकों के आधिकारिक आंकड़े जारी*

---

**सत्यम बालाजी और साईं हनुमंत ग्रुप पर आईटी का धावा, कच्चे में लेनदेन का शक**

# चावल कारोबारी के 25 ठिकानों पर छापे चार लॉकर, 30 से ज्यादा बैंक अकाउंट मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कैश तथा कच्चे में लेन-देन के संदेह में बुधवार को आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन टीम ने रायपुर, राजनांदगांव, भिलाई, तिल्दा के साथ महाराष्ट्र, गोंदिया, ओडिशा सहित आंध्रप्रदेश के काकीनाड़ा में 25 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारे। अफसरों की टीम ने रायपुर में सत्यम बालाजी ग्रुप तथा साईं हनुमंत ग्रुप से जुड़े सड्डू स्थित राइस मिल के साथ उनके कई अन्य ठिकानों सहित ब्रोकर के यहां धावा बोला। छापे की कार्रवाई में छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र तथा तेलंगाना के दो सौ ▸▸ शेष पेज 5 पर

- डेढ़ करोड़ रुपए कैश मिले, ज्वेलरी का वैल्यूएशन निकाला जा रहा





### इसलिए छापे की कार्रवाई

आयकर विभाग के अफसरों को जानकारी मिली थी कि सत्यम बालाजी ग्रुप तथा अन्य राइस मिलर ब्रोकर के माध्यम से बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र के साथ ओडिशा तथा आंध्रप्रदेश में चावल का कच्चे में कारोबार कर रहे हैं। कारोबारियों तथा ब्रोकरों की लंबे अरसे से निगरानी करने के बाद आयकर विभाग की टीम ने उन पर कार्रवाई की है।

### इन जगहों पर कार्रवाई

रायपुर में कारोबारी के राजीव नगर स्थित निवास के साथ ही जवाहर मार्केट, रामसागरपारा, भनपुरी में छापे मारे गए हैं। कार्रवाई तड़के साढ़े छह से सात बजे की गई है। छापे की कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए पुलिस लाइन से 50 के करीब बल उपलब्ध कराया गया है। छापे में अब तक कितनी रकम, कितनी ज्वेलरी मिली, इसकी जानकारी नहीं मिली।

### विदेश निर्यात करते थे चावल


सूत्रों के मुताबिक चावल कारोबारियों द्वारा ब्रोकर के माध्यम से विदेश में चावल निर्यात करने के दस्तावेज मिले हैं। चावल विदेश भेजने ब्रोकरों के माध्यम से शेल कंपनी बनाकर निर्यात किए जाने की बात सामने आई है। चावल कारोबारियों के यहां से ज्वेलरी मिली है। ज्वेलरी का वैल्यूएशन किया जा रहा है।

## लेखापाल को 20 हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा

**हरिभूमि न्यूज/कोण्डागांव।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने बुधवार को शिक्षा विभाग में कार्यरत समग्र शिक्षा प्रभारी लेखापाल अरुण सेठिया को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह रिश्वत उन्होंने एक दृष्टि बाधित दिव्यांग की मनचाही पोस्टिंग के बदले मांगी थी। पीड़ित दिव्यांग दिलीप ▸▸ शेष पेज 5 पर



प्रार्थी



आरोपी

*समग्र शिक्षा प्रभारी ने दृष्टि बाधित दिव्यांग से पोस्टिंग के बदले मांगे थे 30 हजार*

### दर्ज किया गया मामला

*एसीबी के अफसरों ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद टीम ने मामले की जांच की। आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।*






## सिद्धिविनायक: जीन्स शॉर्ट्स और स्कर्ट बैन

**मुंबई।** मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर ने भक्तों के लिए ड्रेस कोड जारी कर दिया है। इसमें अब से मंदिर के अंदर छोटे कपड़े, फटी जींस और बैकलेस ड्रेस पर रोक लगा दी गई है।



ऐसे में अगर आप बप्पा के दर्शन करने के लिए अगर छोटे कपड़े यानी वेस्टर्न ड्रेस पहनकर आते हैं, तो आपको मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट द्वारा घोषित नोटिस में कहा गया है कि पुरुष और महिलाओं को सभ्य कपड़े, यानी भारतीय पोशाक पहनकर ही आना होगा।

### पानी में 'जहर' के बयान पर गरमाई सियासत

# सीएम ने पीया यमुना का जल, केजरी पर करेंगे एफआईआर!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी में ज़हर मिलाने का आरोप लगाया है, केजरीवाल के अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी ऐसे ही आरोप लगाए हैं। इसके बाद सियासत गरमा गई है। दिल्ली की एक सभा में पीएम मोदी ने केजरीवाल के बयान पर जमकर निशाना साधा, वहीं हरियाणा के ▸▸ शेष पेज 5 पर

- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ किया यमुना नदी के घाट का दौरा



### केजरीवाल ने दिया राहुल गांधी-शाह को चैलेंज

उधर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना नदी के पानी को जहरीला बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने राहुल गांधी और अमित शाह को इस पानी को पीने की चुनौती दी है। दिल्ली चुनाव से पहले यह विवाद बढ़ता जा रहा है।

### केजरीवाल के पास नहीं हिसाब

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने दिल्ली में पानी की सफाई व सीवरेज इत्यादि के लिए साढ़े 8 हजार करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन यह राशि कहां गई, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के पास इसका कोई हिसाब नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर साफ पानी यमुना में छोड़ने की दिशा में कोई कार्य ही नहीं किया।

### पीएम बोले- हरियाणा का पानी पीते हैं दिल्लीवासी

इधर, दिल्ली की एक सभा में यमुना में जहर मिलाने संबंधी केजरीवाल की टिप्पणी का जिक्र करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा का भेजा हुआ यही पानी दिल्ली में रहने वाला हर कोई पीता है। पिछले 11 साल से ये प्रधानमंत्री भी वही पानी पीता है। सभी न्यायाधीश, न्यायमूर्ति और दूतावास सहित बाकी सभी सम्मानित लोग भी पीते हैं। गलती माफ करना भारत के नागरिकों का उदार चरित्र है, लेकिन जानबूझकर, पाप करने वालों को न दिल्ली कभी माफ करती है, न देश माफ करता है।

## महाकुंभ में भगदड़

### प्रत्यक्षदर्शियों ने सुनाई आंखों-देखी

# भीड़ ने मारा धक्का, मेरी मां नीचे दब गई, सब कुचलते चले गए

## प्रयागराज में संगम स्नान से पहले हुआ हादसा

एजेंसी ▸▸| प्रयागराज

प्रयागराज के संगम तट पर मौनी अमावस्या स्नान के दौरान भगदड़ मच गई। रात 2 बजे बैरिकेडिंग टूटने से श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। मौनी अमावस्या के मौके पर लाखों श्रद्धालु संगम तट पर स्नान के लिए उमड़े थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हम आराम से चल रहे थे, लेकिन अचानक भीड़ धक्का देने लगी। देखते ही देखते हालात बिगड़ गए और भगदड़ मच गई। लोगों ने बताया कि भीड़ में इतना दबाव था कि सांस लेना तक मुश्किल हो गया। कुछ श्रद्धालु जमीन पर गिर गए और उनके ऊपर कई लोग चढ़ गए। इस घटना में कई लोगों की जानें गई अनेक श्रद्धालु घायल भी हुए।



### संगम जाने की जिद से हालात बेकाबू

*भगदड़ के बाद अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा, यह घटना बेहद दुखद है। हजारों श्रद्धालु संगम स्नान के लिए आगे बढ़ रहे थे, जबकि हमने पहले ही अपील की थी कि वे किसी भी गंगा घाट पर स्नान कर सकते हैं। श्रद्धालु केवल संगम पर स्नान करने की जिद कर रहे थे, जिससे स्थिति बेकाबू हो गई। प्रशासन ने पूरी कोशिश की, लेकिन इतने बड़े जनसैलाब को संभालना आसान नहीं था।*

### सेना के हवाले होता कुंभ, तो यह हादसा नहीं होता

*इस भगदड़ को लेकर पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी भावुक हो गए। प्रेमानंद पुरी ने कहा, हमने पहले ही कहा था कि कुंभ की सुरक्षा सेना को सौंपी जाए, लेकिन हमारी बात नहीं मानी गई। यह पुलिस के बस की बात नहीं थी। आज कई परिवार उजड़ गए। किसी का बेटा चला गया, किसी की मां खो गई। यह बहुत दुखद है।प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने की अपील की है।*

### सामान गिरा, लोग कुचलते चले गए

हादसे के वक्त वहां मौजूद श्रद्धालुओं के मुताबिक, बैरिकेडिंग टूटते ही भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। एक महिला ने बताया कि हम अपने परिवार के साथ आगे बढ़ रहे थे कि अचानक सामने भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे को धक्का देने लगे। हमारे सामान गिर गए, मेरी मां नीचे दब गई और भीड़ में सब कुचलते चले गए। वहीं मध्य प्रदेश के छतरपुर से आए एक श्रद्धालु ने बताया। कुछ लोगों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई, लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा थी कि पुलिस भी कुछ नहीं कर पाई। श्रद्धालुओं ने कहा कि हमें समझ नहीं आ रहा था कि कहां जाएं। आगे भी भीड़ थी और पीछे भी। बचने का कोई रास्ता ही नहीं था।

### 'हम चिल्लाते रहे, लेकिन कोई सुन नहीं रहा था'

घटना के दौरान कई श्रद्धालु अपने परिवार से बिछड़ गए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, 'हम लगातार चिल्ला रहे थे, लेकिन कोई सुन नहीं रहा था। लोग केवल खुद को बचाने की कोशिश कर रहे थे। एक महिला श्रद्धालु ने बताया कि एक श्रद्धालु ने बताया कि कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। इतनी भीड़ थी कि अगर किसी ने धक्का दे दिया, तो संभलने का कोई मौका नहीं था। भगदड़ के बाद पुलिस और राहत दल ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम शुरू किया।

## 'मैं अपनी जान बचाने के लिए भागा, वापस लौटा तो परिवार बिछड़ चुका था'

प्रयागराज के संगम तट पर चल रहे महाकुंभ में हुई भगदड़ के बाद प्रशासन हालात सामान्य करने की कोशिश कर रहा है। भगदड़ कैसे हुई, इसे लेकर तमाम तरह के सवाल लोगों के मन में हैं। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों से चर्चा करने पर कई बातें निकल कर सामने आई हैं। वहां मौजूद लोगों ने बताया, भगदड़ के बाद हालात ऐसे हो गए थे कि घाटों पर बिखरी हुई सैंडल, फेंके हुए कपड़े और लोगों के सामान बिखरे हुए थे। पुलिस अफसर लोगों को लाउडस्पीकर पर जरूरी निर्देश दे रहे थे और संगम के तट पर उदासी और बदइंतजामी का नजारा दिख रहा था। भगदड़ के बाद लोग अपने परिवार के लोगों को खोज रहे थे। लोग बड़े उत्साह और उमंग के साथ संगम के तट पर आए थे लेकिन इस घटना की वजह से वे काफी परेशान हो गए।

### लोगों ने बुरी तरह कुचल दिया

सुल्तानपुर से अपने परिवार के साथ संगम के तट पर आए बासदेव शर्मा ने बताया, 'अचानक भीड़ बहुत ज्यादा हो गई थी, मेरे परिवार का एक सदस्य भगदड़ में कुचल गया। हम नहाकर वापस आ रहे थे, तभी हमने देखा कि परिवार की एक महिला बेहोश गिरी हुई है।' बासदेव की रिश्तेदार को भाग रहे लोगों ने बुरी तरह कुचल दिया था। लोग उनके ऊपर से गुजरते हुए चले गए और कोई नहीं रुका।

### अब हम घर कैसे लौटेंगे

सुल्तानपुर से ही आए रामप्रसाद यादव ने बताया कि भीड़ बहुत ज्यादा हो गई थी और इससे उन्हें सांस लेने में बहुत मुश्किल हुई। जब भगदड़ हुई उस दौरान वह नदी की ओर जा रहे थे और गिर गए थे। इससे पहले कि वह उठ पाते, भीड़ ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। उनकी 65 साल की मां इस अफरा-तफरी में बुरी तरह घायल हो गईं।




**हमने एंबुलेंस बुलाई और तब उन्हें अस्पताल ले गए:** रामप्रसाद यादव बताते हैं, 'हमारे पास पैसे भी नहीं है, फोन भी नहीं है और हमें यह भी नहीं पता कि अब हम घर कैसे लौटेंगे।'

**पत्नी और बच्चों की तलाश में भटक रहे रमेश :** गुना के रमेश ने बताया कि वह अपनी पत्नी और दो बच्चों की तलाश में रात से घाट पर भटक रहे हैं। रमेश ने कहा, 'हालात ऐसे थे कि आप किसी को बचा नहीं सकते थे। मुझे अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा। जब मैं वापस लौटा तो परिवार बिछड़ चुका था।'

### चाची जिंदा हैं या नहीं

संगम में आई देविका बताती हैं कि उनकी चाची अभी भी लापता हैं। देविका 20 लोगों के साथ रात करीब 12:30 बजे नहाने के लिए गई थीं लेकिन अचानक भीड़ आ गई और कुछ ही मिनट में उनकी चाची कहीं खो गई। वह कई घंटे तक खोया-पाया केंद्र में उन्हें ढूंढती रहीं। देविका डरी हुई हैं कि उनकी चाची जिंदा हैं या नहीं। झारखंड के रहने वाले किशोर साहू अपने परिवार के 10 लोगों के साथ संगम तट पर आए थे। उन्होंने दिन में भी स्नान किया और रात को फिर से स्नान करने आए लेकिन जब अचानक से भीड़ बढ़ने लगी तो उनकी पत्नी कहीं खो गई। किशोर तब से अपनी पत्नी को खोज रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन सिर्फ कानून व्यवस्था संभाल रहा है और लोगों को खोजने में हमारी कोई मदद नहीं कर रहा है।

### गमगीन पल



---

### खबर संक्षेप

#### हुसैन के बाद रहमान को भी मिली कस्टडी पैरोल

**नई दिल्ली।** ताहिर हुसैन के बाद ओखला से एआईएमआईएम प्रत्याशी शिफा उर रहमान को भी कस्टडी पैरोल मिल गई है। कोर्ट ने शिफा को चुनाव प्रचार के लिए तीन फरवरी तक कस्टडी पैरोल दिया है। अदालन ने कहा कि इस दौरान शिफा उर रहमान अपने घर पर रह सकते हैं। शिफा को दिल्ली दंगा मामले में गिरफ्तार किया गया था। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली की ओखला विधानसभा सीट से एआईएमआईएम उम्मीदवार शिफा उर रहमान को कस्टडी पैरोल दी है।



#### 'बीटिंग द रिट्रीट' संपन्न हुआ गणतंत्र दिवस समारोह

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** राजधानी स्थित राष्ट्रपति भवन के ठीक सामने विजय चौक चौराहे पर बुधवार शाम सूर्यास्त के साथ आयोजित की गई बीटिंग द रिट्रीट के साथ 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह का औपचारिक रूप से समापन हो गया है। जिसमें तीनों सशस्त्र सेनाओं और केंद्रीय अर्धसैन्यबलों के बैंड्स ने ऐसी अनोखी और शानदार प्रस्तुति दी कि जिसने हर खासोआम को रोमांच से भर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेना, वायुसेना और नौसेना की शीर्ष कमांडर के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल हुईं।

#### दक्षिण सूडान में भीषण प्लेन हादसा, 20 की मौत

**हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली।** दक्षिण सूडान के यूनिटी राज्य में बुधवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 21 यात्री और क्रू मेंबर्स सवार थे। इस दुर्घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में एक भारतीय और दो चीनी नागरिक भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के रेडियो मिराया की रिपोर्ट के मुताबिक, ये प्लेन दक्षिणी सूडान की एक ऑयलफील्ड से उड़ान भर रहा था।



---

### दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र

# महिलाओं को 2500, बेरोजगार युवकों को 8500 रुपए हर महीने

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस ने बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं के लिए 2,500 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता, 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज और प्रमुख कल्याणकारी लाभ देने का वादा किया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, मुफ्त राशन किट और घरों के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का भी वादा किया है। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव ने यह भी घोषणा की कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो वह जाति जनगणना कराएगी। इसके साथ ही पूर्वांचलियों के लिए एक समर्पित मंत्रालय स्थापित करेगी। घोषणापत्र में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक 8,500 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता देने की प्रतिबद्धता बताई गई है।



#### खास बातें

- पूर्वांचलियों के लिए अलग मंत्रालय का किया ऐलान
- 5 फरवरी को मतदान व 8 को होगी मतगणना

#### घोषणापत्र की खास बातें

- 25 लाख तक का मुफ्त इलाज
- युवाओं को 1 साल की अप्रेंटिसशिप, हर महीने ₹8,500
- 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी
- 500 रुपए में गैस सिलेंडर, फ्री राशन किट
- सफाई कर्मियों को पक्की नौकरी
- 2025 के बाद कांन्ट्रैक्ट नौकरी खत्म कर स्थायी की जाएंगी
- नौकरियों और योजनाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण
- बुजुर्ग, दिव्यांग और विधवा पेंशन को ₹5,000 किया जाएगा
- विधवा महिलाओं की बेटी की शादी पर ₹1,10,000 रुपए
- दिल्ली में 100 इंदिरा कैंटीन का निर्माण

### आप को झटका, 'स्पैम काल' मामले की होगी जांच



दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग को उन आरोपों की जांच करने की इजाजत दी है जिसमें कहा गया है कि आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट मांगने के लिए स्पैम कॉल किए थे। इनमें चेतावनी दी गई थी कि यदि आप सत्ता में नहीं आई तो मुफ्त की योजनाएं खत्म कर दी जाएंगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने आगे निर्देश दिया कि मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) जांच पूरी कर के निष्कर्षों के आधार पर आप के खिलाफ कार्रवाई करे। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने उक्त आदेश तब जारी किया जब निर्वाचन आयोग ने बताया कि उसने इन कॉल्स के संबंध में अधिवक्ता धोन दीवान की की शिकायत पर संज्ञान लिया है।

---

# ट्रूडो ने बोला झूठ! निज्जर हत्याकांड में नहीं साबित हुआ भारत का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने का कोई सबूत नहीं मिला है। कनाडा की विदेशी हस्तक्षेप कमेटी की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय राजनयिक समेत कई लोग शामिल थे। हालांकि, इस कनाडाई कमेटी की रिपोर्ट कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में किसी विदेशी राज्य से कोई निश्चित संबंध साबित नहीं हो सका।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के खिलाफ लंबे समय से इतना जहर उगल दिया है कि दोनों देशों के संबंध अब खराब हो चुके हैं। हरदीप निज्जर मर्डर केस में ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाने का कोई मौका नहीं छोड़ा है। उनका कहना था कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ है और उनके पास इसके सबूत भी है।

**कनाडा की कमेटी ने दी क्लीन चिट, कहा- इसके पीछे कोई विदेशी ताकत नहीं**

**भारत के खिलाफ तत्कालीन प्रधानमंत्री ट्रूडो ने खूब उगला था जहर**



### चारों आरोपियों को दी जमानत

ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ है। भले ही ट्रूडो भारत के खिलाफ सबूत सबूत करते रहे थे, लेकिन कनाडा सुप्रीम कोर्ट ने मामले में चारों आरोपियों को सबूत न होने के कारण जमानत दे दी। इस मामले में अब फरवरी को सुनवाई होगी।

### कौन थे भारतीय आरोपी?

निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा भारत पर लगातार गंभीर से गंभीर आरोप लगाता रहा था। हालांकि, बाद में कनाडा इन आरोपों से पीछे हट गया था। हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार हुए थे। इनके नाम हैं- करण बरार, अमनदीप सिंह, कमलप्रीत सिंह और करनप्रीत सिंह।

### कनाडा में हुए चुनावों में दखल के आरोपों को भी भारत ने किया खारिज

भारत और कनाडा के रिश्ते में कूटनीतिक तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। कनाडा में हुए चुनावों में भारत के दखल के आरोपों को विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारा इससे कोई भी संबंध नहीं है। इतना ही नहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कनाडा ही है जो भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने एक ऑफिशियल बयान में कहा, 'हमने कथित हस्तक्षेप की गतिविधियों के बारे में एक रिपोर्ट देखी है। दरअसल कनाडा लगातार भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। इसने अवैध प्रवास और संगठित आपराधिक गतिविधियों के लिए माहौल भी बनाया है। हम भारत पर रिपोर्ट के आरोपों को खारिज करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अवैध प्रवास को सक्षम करने वाली सहायता प्रणाली को आगे भी समर्थन नहीं दिया जाएगा।'

---

## एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- इसरो ने हासिल की एक और उपलब्धि



भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने बुधवार को एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। इसरो ने अपने जीएसएलवी-एफ-15 रॉकेट से एनवीएस-02 सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह लॉन्च सतीश धवन स्पेस सेंटर के दूसरे लॉन्च पैड से सुबह 6:23 बजे हुआ। इस मिशन के साथ इसरो ने अपने इतिहास में 100वां उपग्रह मिशन पूरा किया। उपग्रह का मकसद भारत के क्षेत्रीय नेविगेशन नेटवर्क को मजबूत करना है। इससे भारतीय उपमहाद्वीप में हाई लेवल की नेविगेशन सेवाएं मिलेंगी। जीएसएलवी-एफ-15 रॉकेट इसरो का 17वां जीएसएलवी मिशन था, और यह रॉकेट अपने स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज के साथ 11वीं बार उड़ान भरा। रॉकेट की ऊंचाई 50.9 मीटर और वजन 420.7 टन है।

---

भारत सरकार की शर्तों पर राजी हुए अमेरिकी उद्योगपति

## मस्क झुके, भारत में स्टारलिंक की लांचिंग का रास्ता साफ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक ने भारत में सेवा देने के लिए सरकार द्वारा तय किए गए सुरक्षा और डेटा भंडारण मानकों को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। कुछ वक्त पहले स्टारलिंक सैटेलाइट ने भारत सरकार के साथ डेटा साझा करने से मना कर दिया था। स्टारलिंक का कहना था कि वो यूजर प्राइवेसी की वजह से मणिपुर में रिकवर हुए स्टारलिंक सैटेलाइट को खरीदने वाले का नाम उजागर नहीं कर सकते। लेकिन भारत सरकार के कड़े रुख के बाद मस्क ने सारी शर्तों को मान लिया। साथ ही इस मामले में अपना फॉर्मल लेटर सरकार के सामने सब्मिट कर दिया है।



### डेटा प्रोटेक्शन की हैं शर्तें

*केंद्र सरकार की ओर से एलन मस्क को सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लॉन्च के मामले में कोई छूट नहीं दी गई है। स्टारलिंक सर्विस को सिक्योरिटी और डेटा प्रोटेक्शन की शर्तों को मानना पड़ा है, जिसे सरकार ने सेट की है। इन शर्तों को मुताबिक स्टारलिंक को भारत में ही अपना डेटा स्टोर करना होगा। वही अगर इंटेलिजेंस एजेंसी को जरूरत हुई, तो सैटेलाइट इंटरनेट डेटा की जांच का अधिकार सरकार के पास होगा।*

---

## सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा, नौ भारतीयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

- भारतीय वाणिज्य दूतावास हादसे में मृत हुए लोगों के परिवारों के संपर्क में है

सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसे में नौ भारतीयों की मौत हो गई है। जेद्दा में भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी है। मिशन ने बताया कि यह हादसा पश्चिमी सऊदी अरब में जीजान के पास हुआ। मिशन ने बताया कि वह हादसे में मृत हुए लोगों के परिवारों के संपर्क में है। इसके अलावा, वह सऊदी के अधिकारियों के संपर्क में हैं और वे अपना समर्थन दे रहे हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब साम्राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में जिज़ान के पास एक सड़क दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना है। जेद्दा में भारत का महावाणिज्य दूतावास पूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों और परिवारों के संपर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं।'

रायपुर
गुरुवार, 30 जनवरी 2025
माघ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 23, अंक : 194
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 16.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## इधर, रोचक मुकाबला

### दो सगे भाई टकरा रहे, एक कांग्रेस में, दूसरा भाजपाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद के देवभोग नगर पंचायत के चुनावी रण में दो सगे भाई आमने सामने हैं। जहां कांग्रेस ने बड़े भाई विनोद पाड़े को अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं भाजपा ने छोटे भाई मुनुराम पाड़े को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। दोनों भाइयों ने नमांकन भी भर चुके हैं। इस बार यहां चुनाव बेहद दिलचस्प होने जा रहा है और दोनों सगे भाइयों के बीच कड़ा और रोचक मुकाबला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। देवभोग को नगर पंचायत बनाया गया है और पहली बार यहां नगर ▶▶शेष पेज 5 पर

**इसलिए छोड़ी पार्टी**

इस संबंध में चर्चा करने पर कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे विनोद पाड़े ने कहा वे 20 साल तक भाजपा में रहे, लेकिन कभी भी उन्हें बैठक व अन्य कार्यक्रमों में नहीं बुलाया गया। जिसके कारण उन्होंने कांग्रेस प्रवेश कर लिया और कांग्रेस ने विश्वास जताते हुए टिकट दिया है। यह लड़ाई हम दोनों भाइयों के बीच नहीं है, बल्कि भाजपा और कांग्रेस के बीच है।

# किसी ने पार्टी को सबक सिखाने पर्चा भरा, कोई लड़ना ही है, इसलिए लड़ रहा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर, राजनांदगांव, धमतरी, मैनपुर

रायपुर नगर निगम में मेयर पद के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत 28 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। बड़ी संख्या में निर्दलीय सामने आए हैं। इनमें कई चुनाव को लेकर गंभीर हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं, जो लड़ना है, इसलिए, मैदान में उतर गए की तर्ज पर आजमाइश कर रहे हैं। एक महिला प्रत्याशी का तो कहना है कि उनके पति को कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया, इसलिए वह सबक सिखाने के लिए खुद मैदान में उतरी है, ताकि वह बता सके कि उनका भी जनाधार है। ऐसे उम्मीदार सिर्फ रायपुर में ही नहीं, कई निगमों में हैं। निर्दलीयों तक पहुंची हरिभूमि टीम ▶▶शेष पेज 5 पर

## निगम चुनाव में निर्दलीय मैदान में उतरे प्रत्याशियों में गृहणी से लेकर शिक्षिका, डेंटिस्ट और समाज सेविका

खास खबर

### हार-जीत से मतलब नहीं, पार्टी को सबक सिखाना उद्देश्य



भनपुरी निवासी गायत्री सिंह कांग्रेस से जुड़ी हुई हैं। उनके पति जिलाजीत सिंह कांग्रेस के जिला सचिव हैं। पार्टी से जिलाजीत को पार्षद पद की टिकट नहीं मिलने से नाराज गायत्री अब बागी होकर पार्टी को सबक ▶▶शेष पेज 5 पर

### दस बरस से नहीं पहनी चप्पल...



धमतरी। गगन कुंभकार चप्पल नहीं पहनते। चिटफंड पीड़ितों को न्याय दिलाने ऐसा संकल्प उन्होंने ले रखा है। इसी संकल्प के साथ उन्होंने मेयर का पर्चा भरा है। गगन का कहना है कि अब धमतरी की डेढ़ लाख आबादी की सेवा करना चाहते हैं। 12वीं तक पढ़े लिखे गगन अपने पुश्तैनी काम को आगे बढ़ाते ▶▶शेष पेज 5 पर

### सनातनियों को एक मंच पर लाने मैदान में उतरे दीया वाले बाबा



राजनांदगांव। धार्मिक आयोजनों में शहर के चौक चौराहों से लेकर मंदिरों में लाखों दीपक जलाकर सुर्खियों में आए अधिवक्ता राकेश ठाकुर अब सनातन का झंडा लेकर मेयर चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। दिया वाले बाबा के नाम से पहचान ▶▶शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बलौदाबाजार मामले में 43 को जमानत

बिलासपुर। बलौदाबाजार जिला कलेक्ट्रेट परिसर हिंसा और आगजनी मामले में गिरफ्तार 43 लोगों की जमानत हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली है। ध्यान रहे कि 10 जून 2024 को कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ की घटना हुई थी। पुलिस ने इस हिंसा के मामले में कुल 187 लोगों को गिरफ्तार किया है लेकिन ट्रायल में हो रही देरी की वजह से हाईकोर्ट ने इनमें से 43 लोगों की जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

### फ्लाइट में 'हाईजैक अलार्म' से हड़कंप



नई दिल्ली। दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2957 में हाइजैक का अलार्म बजने से हड़कंप मच गया। हालांकि, पायलट ने तुरंत दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित किया कि यह एक झूठा अलार्म था, लेकिन एटीसी ने प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षा एजेंसियों और भारतीय वायुसेना को सतर्क कर दिया।

### पन्नू के एसएफजे पर पांच साल बढ़ाया बैन



नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के एक न्यायाधिकरण ने अमेरिका में वकील गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा स्थापित खालिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह 'सिख फॉर जस्टिस' पर लगाए गए पांच साल के प्रतिबंध को बढ़ा दिया। गतिविधियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को धमकियां देना शामिल है।

### प्रकाश, विकास सीबीआई के नए उपमहानिरीक्षक



नई दिल्ली। आईपीएस के वरिष्ठ अधिकारी आर. प्रकाश और विद्युत विकास बुधवार को सीबीआई के उपमहानिरीक्षक नियुक्त किए गए। ओडिशा कैडर के 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रकाश को पांच साल के शुरुआती कार्यकाल के लिए डीआईजी नियुक्त किया गया है।

### प्रोफेसर पर हमला, टीआई के खिलाफ होगी जांच

भिलाई। प्रोफेसर विनोद शर्मा के साथ हुए हमले मामले में आरोपी प्रोबीर शर्मा की पत्नी के पक्ष में न्यायालय ने फैसला सुनाया है।मामले में भिलाई तीन टीआई और महिला थाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय जांच करने का आदेश दिया है। भिलाई तीन न्यायालय ने टीआई महेश ध्रुव और महिला थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक के खिलाफ धारा 127 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज करने का आदेश दिया है।

## स्वास्थ्य केंद्रों में की थी 660 करोड़ के रीएजेंट और उपकरणों की सप्लाई

# दवा निगम के घोटाले में मोक्षित कार्पोरेशन का एमडी गिरफ्तार, हफ्तेभर की रिमांड

*कई सौ गुना अधिक दाम पर रीएजेंट और उपकरणों की सप्लाई करने वाले मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को ईओडब्ल्यू की टीम ने मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के लिए बुधवार को निधि शर्मा तिवारी की विशेष अदालत में पेश कर सात दिन के रिमांड पर लिया है। दवा निगम के 660 करोड़ से अधिक के घोटाले में सप्लायर एजेंसी के साथ कई विभागीय अफसरों के भी घेरे में आने की उम्मीद है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीजीएमएससी और स्वास्थ्य संचालनालय के अफसरों के साथ मिलीभगत कर स्वास्थ्य केंद्रों में गैर जरूरी रीएजेंट और अन्य उपकरणों की सप्लाई के मामले में ईओडब्ल्यू के अधिकारी की शिकायत पर राखी थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। सोमवार को ईओडब्ल्यू की कई टीमों ने इस घोटाले से जुड़े मोक्षित कार्पोरेशन के दुर्ग और रायपुर के विभिन्न ठिकानों के साथ हरियाणा में भी दबिश देकर जांच की थी। मंगलवार रात मोक्षित कार्पोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को धारा 409, 120 बी के तहत गिरफ्तार किया गया। बुधवार को सप्लायर एजेंसी की भूमिका निभाने वाले मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी को न्यायालय में पेश कर सात दिन की रिमांड पर लिया गया है, उसे चार फरवरी को पुनः कोर्ट में पेश किया जाएगा। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी के परिवारजनों और अधिवक्ता को मिलने की अनुमति दी गई है। गिरफ्तार एमडी से इस महाघोटाले में लिप्त ▶▶शेष पेज 5 पर

### कई अफसरों के घेरे में आने की उम्मीद

ईओडब्ल्यू कर रही मामले की जांच

हरिभूमि फॉलोअप



ईओडब्ल्यू की एफआईआर, हरिभूमि ने किया था उसका खुलासा सिलसिलेवार

जिस ईडीटीए ट्यूब को दवा निगम ने 2352 में खरीदा, वो हरिभूमि को 1 रुपए 70 पैसे में मिला

रीएजेंट पर बड़ा एक्शन, मोक्षित के दर्जनभर ठिकानों पर छापे, 660 करोड़ का मामला



### करोड़ों के रीएजेंट हो चुके खराब

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आंख मूंदकर दी गई अनुमति के बाद दवा कार्पोरेशन द्वारा बिना सुविधा वाले स्वास्थ्य केंद्रों में करोड़ों का रीएजेंट भेजा गया था। जरूरत नहीं होने की वजह से इसका उपयोग नहीं हुआ और करोड़ों के रीएजेंट पड़े-पड़े खराब हो गए। मामले का खुलासा होने के बाद कमियां छुपाने के लिए कई स्वास्थ्य केंद्रों से रीएजेंट दवा निगम के डिपो में वापस बुलाया गया, जो अगले दो माह में एक्सपायर हो जाएंगे।

### पूरा सहयोग करने के निर्देश

*स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारियों को उच्च स्तर निर्देशित किया गया है कि ईओडब्ल्यू की टीम को जांच के लिए पूरा सहयोग किया जाए। अफसरों को निर्देशित किया गया है कि जांच के दौरान अगर ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा मामले से संबंधित किसी तरह के दस्तावेज की मांग की जाती है, तो तत्काल उपलब्ध कराया जाए। मामले का खुलासा होने के बाद मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग में एक हाईलेवल के अधिकारियों की बैठक भी हुई है।*

### ऐसी मशीन जिसमें दूसरा रीएजेंट नहीं

*स्वास्थ्य विभाग के आर्डर पर खुले बाजार में अधिकतम पांच लाख में आने वाली सीबीसी जांच मशीन को विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 17 लाख रुपए की दर से खरीदकर भेजा गया था। इस मशीन की खासियत यह थी कि जांच के लिए इसमें दूसरा रीएजेंट उपयोग नहीं किया जा सकता था। मामले का खुलासा होने के दौरान रीएजेंट की आपूर्ति बाधित हुई, तो संबंधित मशीन से जांच बंद हो गई। मामला विधानसभा में आया था, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मामले की जांच कराए जाने की जानकारी दी गई थी।*

## हिंदू संगम में सीएम और डिप्टी सीएम

### सीएम साय बोले- आदिवासी ही सबसे बड़ा हिंदू, समाज को तोड़ने की हो रही कोशिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को कबीरधाम जिले के बोड़ला में सनातन धर्म सभा में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आदिवासी ही सबसे बड़ा हिंदू है। हमारे समाज को तोड़ने और आदिवासी समाज को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए, हमारे जनजाति समाज को सतर्क रहने की जरूरत है। बोड़ला विकासखंड मुख्यालय के बांधटोला में आयोजित पांच दिवसीय हिंदू संगम में बुधवार को मौनी अमावस्या के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक विजय शर्मा तथा पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं। उन्होंने संगम में आयोजित यज्ञ में भाग लिया और छत्तीसगढ़ की समृद्धि एव खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पांच दिवसीय हिंदू संगम में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी रहा। 29 जनवरी को होने वाली धर्मसभा और समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित कई प्रमुख अतिथि शामिल हुए। हिंदू संगम में यज्ञ में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आयोजन समिति के सदस्यों से आत्मीय भेंट कर आयोजन की पूरी जानकारी ली। उन्होंने यज्ञ में आहुति अर्पित की और छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद मुख्यमंत्री साय ने पारंपरिक रीति से जमीन पर बैठकर भोजन-प्रसाद ग्रहण किया।

- यज्ञ में आहुति डालकर की प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना

# नक्सलवाद से मोहभंग, दो नाबालिग, सात महिला समेत 29 ने किया सरेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नारायणपुर जिले मे चलाए जा रहे माड़ बचाओ अभियान से प्रभावित होकर माड़ स्थित कुकड़ाझोर इलाके में सक्रिय दो नाबालिग समेत 29 माओवादियों ने बुधवार को समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 22 पुरुष व 7 महिला शामिल है, जो क्षेत्र में सक्रिय रूप से माओवादियों के लिए काम कर रहे थे।

सभी नक्सलियों ने संगठन की खोखली विचारधारा से तंग आकर नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जो माड़ के कुतुल एरिया कमेटी के सदस्य है। इनके समर्पण के संगठन को बड़ा झटका लगा है, इतने अधिक संख्या में माओवादियों ने एक साथ समर्पण ▶▶शेष पेज 5 पर

### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

*बुधवार को नक्सल संगठन में सक्रिय जिन 29 नक्सलियों ने समर्पण किया, इनमें दो नाबालिग के अलावा मिलिशिया मेंबर डौली वड्डा 25 वर्ष निवासी गट्टाकाल थाना कुकड़ाझोर जिला नारायणपुर, बटरी वड्डा मिलिशिया सदस्य, मड़िको वड्डा, सोनारी वड्डा, कमली वड्डा, मुन्ना वड्डा, मनूराम वड्डा, बुधराम वड्डा, रामाराम वड्डा, मनकू कुहड़ाम, इरपा वड्डा पंचायत सरकार अध्यक्ष, कारिया वड्डा पंचायत सरकार कृषि शाखा सदस्य, सुकमन कोवाची पंचायत सीएनएम सदस्य, पवन वड्डा, मनी कोवाची, धरम मण्डावी, रैनूराम, राजूराम वड्डा, रैनूराम वड्डा, सन्तूराम वड्डा, रमेश उसेण्डी, केयेराम, बेटीराम कश्यप, रमेश मरकाम, माटा उसेण्डी, मैनू वड्डा, मंगेश वड्डा शामिल है।*

### 60 नक्सली मारे गए

वर्ष 2024 से अब तक 71 से अधिक कैडर के माओवादी ने आत्मसमर्पण कर चुके है। इसके अलावा 60 से अधिक माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है तथा 50 माओवादियों की गिरफ्तार हुई है। लगातार ऑपरेशन से माओवादी संगठन कमजोर होते जा रहे है। जल्द ही अबूझमाड़ में विकास, सुरक्षा एवं शांति का सपना होगा।

\- सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर

## कलारीपयट्टू खेल में छत्तीसगढ़ को पहला गोल्ड




38वें नेशनल गेम्स

28 खेलों में पहले दिन किया क्वालीफाई

40 से 60 किलोग्राम वजन वर्ग

देहरादून। देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में पहले दिन छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना बेहतर रहा। बुधवार को कलारीपयट्टू खेल में कु. मिशा सिंधु ने छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक दिलाया है। उन्होंने 40 से 60 किलोग्राम वजन वर्ग में यह पदक जीता।

## एसीबी की टीम ने की कार्रवाई

### 27 हजार रुपए की रिश्वत लेते सहायक अभियंता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर



एंटी करप्शन ब्यूरो ने ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर ग्रामीण से 27 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए सीएसईबी के सहायक अभियंता को गिरफ्तार किया है। आरोपी सहायक अभियंता ने ग्रामीण से 40 हजार रुपए की मांग की थी। ऐसे में आरोपी को ट्रैप कार्रवाई के तहत डिवीजन कार्यालय में रंगे हाथों पकड़ा गया है। एसीबी द्वारा फिलहाल आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि लखनपुर ▶▶शेष पेज 5 पर

**सत्यापन के बाद ट्रैप कार्रवाई**

एसीबी डीएसपी शरद सिंह ने बताया कि शिकायत की जांच सत्यापन के बाद ट्रैप कार्रवाई के तहत डिवीजन कार्यालय में जैसे ही ग्रामीण ने सहायक अभियंता सचिन भगत को 27 हजार रुपए की रिश्वत दी टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल एसीबी द्वारा मामले की जांच करने के साथ ही आरोपी सहायक अभियंता से पूछताछ की जा रही है।

## बिल्डर का पत्नी से अवैध संबंध का शक, आरोपी पति ने डराने कार में किया विस्फोट

# खिलौने वाले रिमोट से यू-ट्यूब देख चलाया 'बम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बिल्डर के कार में टाइमर बम रखकर विस्फोट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने डराने के लिए बच्चों के खिलौने वाले रिमोट से यू ट्यूब देखकर टाइगर बम का इस्तेमाल किया था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 324(5) भारतीय न्याय संहिता, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

- आरोपी ने पीसी में किया खुलासा
- आरोपी पुलिस पकड़ में

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि कोहका कुरुद रोड पर मंगलवार की शाम को कार में

### एसीसीयू की टीम ने खोज निकाला

एसपी के मुताबिक आरोपी देवेन्द्र सिंह को पकड़ने के लिए सुपेला, स्मृति नगर पुलिस और एसीसीयू की टीम जुटी रही। घटना के बाद सीसी कैमरों का फुटेज खंगाला। उसके बाद जानकारी जुटाई गई। उसके बाद की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देश पर थाना सुपेला, स्मृति नगर चौकी व एसीसीयू की टीम बनाई गई। टीम ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगाले। ऑफिस में काम करने वालों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी फुटेज में मिले वीडियो के आधार पर संदेही को बुलाकर पूछताछ करने पर सारा खुलासा हो गया।



### न्यायिक रिमांड में भेजा गया

देवेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि संजय बुंदेला को डराने के लिए बच्चों के खिलौने वाले रिमोट से यू ट्यूब देखकर टाइगर बम का इस्तेमाल किया था। मंगलवार को संजय बुंदेला की डस्टर वाहन को ब्लास्ट कर क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायिक रिमांड में भेजा है। आरोपी के पास से स्कूटी, पांच हजार कैश व मोबाइल जब्त किया गया।

ब्लास्ट हुआ था। पुलिस ने राम नगर सुपेला निवासी देवेन्द्र सिंह को पकड़ा गया। सीसी कैमरे में आरोपी का मिलता जुलता चेहरा कौशल बिल्डकॉन ऑफिस में काम करने वाली सहायक मैनेजर पूजा सिंह के पति देवेन्द्र का है। पुलिस ने उसे तुरंत बुलाकर पूछताछ करना शुरू की। आरोपी देवेन्द्र ने खुलासा किया कि उसे संदेह था कि उसकी पत्नी पूजा का बिल्डर से अवैध संबंध है। इस कारण उसे डराने के लिए कार में विस्फोट करना स्वीकार किया। इसे पकड़ने के लिए आरोपी ने मोबाइल में फ्लेश टैग ऐप ▶▶शेष पेज 5 पर



# ग्रामीण/शहरी रणभूमि



### कांग्रेस की लूट और भ्रष्टाचार से ऊब चुकी जनता: केदार



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, नगर निगम में कांग्रेस के मेयर अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में न तो शहर का समुचित विकास किया और न ही जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा पाए। मल्टीलेवल पार्किंग और उद्यानों का व्यवसायीकरण कर जनता के हितों की अनदेखी की गई। मेयर एजाज ढेबर ने अपने कांग्रेसी पार्षदों के साथ जमकर लूट मचाई थी। कांग्रेस की लूट और भ्रष्टचार से ऊब चुकी है जनता।

### भाजपा झूठे और खोखले दावे कर जनता को ठग रही: सुशील



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, झूठे वादे और खोखले दावें करके जनता को ठगना ही भाजपा नेताओं का एक सूत्रीय काम है। उन्होंने कहा है सरकार की नाक के नीचे राजधानी में मोवा ओवरब्रिज के गुणवत्ताहीन कार्य में ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट क्यों नहीं किया गया? राजधानी के ट्रैफिक व्यवस्था को बाधित करने वाले, भाजपा के भ्रष्टाचार का स्मारक स्काईवॉक पर क्या स्टैंड है?

**नगर पालिक निगम धमतरी**

नगर पालिक निगम धमतरी महापौर का पद सामान्य वर्ग होने के कारण सभी वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में नामांकन फार्म दाखिल किया। निर्दलीय व क्षेत्रीय पार्टियां वोट काटने का काम करेंगी। इससे भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों को फायदा और नुकसान दोनों होगा। बहरहाल स्थिति जैसी भी हो, लेकिन धमतरी निगम में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होगा।

**आमने सामने**

# दो दिग्गजों के बीच होगा सीधा मुकाबला, भाजपा से रामू और कांग्रेस से विजय, मुद्दों पर होगी जंग

## धमतरी में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी

महापौर के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी रामू रोहरा हैं, जो जिले के कद्दावर नेता के रूप में जाने जाते हैं। प्रदेश भाजपा महामंत्री रहते हुए उन्होंने शहर के विकास में हाथ बंटाया है। इस संबंध में हरिभूमि से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शहर विकास उनका मुख्य मुद्दा है। शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने के साथ बड़े विकास कार्य की सौगात यहां की जनता को जरूर मिलेगी। वर्षों पुराना ड्रेनेज सिस्टम सुधारा जाएगा। पुरानी मांग जरूर पूरी होगी। शहर के पुराने पेंडिंग मांगों को पूरा करने राज्य शासन से फंड लाएंगे। धमतरी में अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।




शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने के साथ बड़े विकास कार्य की सौगात यहां की जनता को जरूर मिलेगी।

वर्षों पुराना ड्रेनेज सिस्टम सुधारा जाएगा। पुरानी मांग जरूर पूरी होगी।

## शहर का विकास मुख्य विजन

शहर की आम जनता को सुविधाएं देना।

शहर विकास के लिए फंड की व्यवस्था करेंगे।

पुराना कार्य पूरा करने के साथ रेलवे की जमीन का समाधान करेंगे।



महापौर के लिए कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी विजय गोलछा शहर के प्रतिष्ठित नागरिक हैं। श्री गोलछा पिछले 40 साल से कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रहते हुए आम जनता के हित के लिए कई कार्य किए। वर्तमान में वे जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हैं। श्री गोलछा ने बताया कि शहर का विकास उनका मुख्य विजन है। शहर की आम जनता को सुविधाएं देना, पुराने कार्यों को पूरा करना, नए विकास कार्य के लिए पूरा प्रयास करेंगे। शहर विकास के लिए फंड की व्यवस्था करेंगे। पुराना कार्य पूरा करने के साथ रेलवे की जमीन का समाधान करेंगे।

**रोचक खबरें**

## भाजपा का दांव- जिस नेता के कोटे से दी टिकट, जीत की जिम्मेदारी भी अब उन्हीं पर

हरिभूमि ▶▶| राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव की नामांकन प्रक्रिया निपटने के बाद अब भाजपा ने 51 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों की जीत को लेकर तगड़ी रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया के दौरान अपने समर्थकों को टिकट दिलाने में अड़े भाजपा नेताओं को ही उस वार्ड में जिम्मेदारी दिए जाने की तैयारी है। संगठन स्तर पर चल रही चर्चाओं में यह बात भी खुलकर सामने आ रही है कि जिनके कहने पर टिकट दी गई, उन्हें ही वार्ड की जिम्मेदारी दिए जाने से चुनाव में गुटबाजी और भीतरघात को रोका जा सकता है।

भाजपा संगठन में प्रत्याशी चयन को लेकर पिछले आठ-दस दिनों से लगातार खींचतान का दौर जारी रहा। यही कारण है कि कई वार्ड ऐसे भी रहे, जहां जीतने वाले दावेदारों के बजाय तेरा-मेरा के चक्कर में ऐसे नेताओं को मैदान में उतार दिया गया है, जिनके पास जनाधार ही नहीं है। इसके साथ आरोप है कि कुछ बड़े नेताओं के दबाव में संगठन ने परिवारवाद को बढ़ावा देते टिकट




बांट दी है। जिसके चलते भाजपा के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में आक्रोश की स्थिति भी निर्मित हो रही है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा संगठन ने अब 51 वार्ड में अपने प्रत्याशियों को जीताने के लिए तगड़ी रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा भी संगठन के पास यह मांग की जा रही है कि उन्होंने जिस नेता के कोटे से टिकट दी है, उन्हीं वार्ड के भाजपा प्रत्याशी को जीताने की जिम्मेदारी दी जाए। कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही मांग को संगठन बेहद गंभीरता से ले रहा है। बताया जाता है कि संगठन के नेताओं का भी यही तर्क है कि इससे गुटबाजी और भीतरघात को रोका जा सकता है।

## कांग्रेस में मेयर पद के दावेदारों को मिल सकती है जिम्मेदारी

इधर कांग्रेस में भी मेयर सहित पार्षद प्रत्याशियों की जीत के लिए तगड़ी मोर्चाबंदी किए जाने की रणनीति तैयार हो रही है। संगठन के कई नेताओं के पार्षद चुनाव में उतरने के कारण चुनाव के संचालन में आ रही दिक्कतों के बीच कांग्रेस अब मेयर पद के दावेदार रहे नेताओं को इस चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है। सूत्रों ने बताया कि महापौर पद के लिए कांग्रेस में करीब 20 से अधिक नेताओं ने दावेदारी की थी। इन दावेदारों में से निखिल द्विवेदी को कांग्रेस ने मेयर का प्रत्याशी बनाया है। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा सहित कुछ दावेदारों को पार्षद की टिकट दी गई है। यही कारण है कि मेयर सहित वार्ड स्तर के चुनाव संचालन के लिए कांग्रेस ने अब मेयर पद के दावेदारों को जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी की है। बताया जाता है कि कांग्रेस संगठन के कुछ नेताओं ने भी यह सुझाव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दे दिया है।

## वार्ड-49 विद्युत नगर में रिकाउंटिंग के बाद जीते प्रत्याशी गए थे हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ये बात है वर्ष 2004-05 में दुर्ग निगम के वार्ड-49 विद्युत नगर में हुए वार्ड चुनाव की। चुनाव में कांग्रेस ने श्रीकांत समर्थ को प्रत्याशी बनाया, वहीं भाजपा ने भूपेंदर सिंह पिंदर को मैदान में उतारा। पिंदर उस समय तत्कालीन निगम महापौर सरोज पांडेय के काफी करीबी माने जाते थे। वहीं श्रीकांत समर्थ पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के करीबी थे। इसलिए यह चुनाव काफी हाईप्रोफाइल चुनाव था। दोनों ही राजनीतिक पार्टियों ने इस सीट को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था। प्रचार-प्रचार के दौरान दोनों ही राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारों ने इस वार्ड में डेरा जमाए रखा। मतदाता भी खासे कश्मकश में फंसा महसूस कर रहे थे। जैसे-तैसे वोटिंग हुई। इसके बाद मतगणना हुई। मतगणना के बाद परिणाम कांग्रेस के श्रीकांत समर्त के पक्ष में आया। वे यह चुनाव 14 वोटों के अंतर से जीत गए। इसके बाद




भाजपा ने हंगामा शुरू कर दिया। सरोज पांडेय खुद मतगणना स्थल पर पहुंच गई। इसके बाद रिकांउटिंग कराई गई। इसके बाद पिंदर यह चुनाव 1 वोट से जीत गए। उस समय कांग्रेस नेताओं में गलत तरीके से चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताए जाने का आरोप भी लगाया। यहां तक कहा कि रिकाउंटिंग के दौरान जानबूझकर बिजली बंद की गई। आपत्तियों की सुनवाई और निराकरण नहीं किया गया। इस प्रकार भूपेंदर सिंह पिंदर यह चुनाव महज एक वोट से जीत गए। बाद में एक लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया, लेकिन उन्होंने निगम में अपना कार्यकाल पूरा किया। उनका यह चुनाव हमेशा याद किया जाता है।

**प्रत्याशी की जमानत ही जब्त हो जाए तो यह पार्टी के लिए शर्मनाक**

# निर्दलीय ही नहीं भाजपा-कांग्रेस के नेताओं की भी होती है जमानत जब्त

छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकायों के चुनावों में प्रमुख राजनीतिक दल की टिकट हासिल करना भी प्रतिष्ठा का बड़ा सवाल होता है। टिकट मिलने के बाद से लेकर चुनाव लड़ने और परिणाम आने तक सियासत कई दौर से गुजरती है, लेकिन परिणाम आने के बाद साफ होता है कि किस दल का प्रत्याशी कितने पानी में था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हालांकि चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवार ही ज्यादा संख्या में जीतते हैं, लेकिन कई नेता ऐसे भी होते हैं जो बड़े दल का प्रत्याशी होने के बाद भी अपनी जमानत नहीं बचा सकते हैं। या जनता ही उनकी जमानत जब्त करवा देती है। पिछले नगरीय चुनाव की बात की जाए को प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों के सैकड़ो प्रत्याशियों ने जमानतें गंवाई हैं।




### 10 निगमों सहित 141 निकायों में हुए थे चुनाव

निकाय चुनाव की बात करें तो 2019 में हुए चुनाव में राज्य की 10 नगर निगमों, 38 नगर पालिका, और 103 नगर पंचायतों सहित कुल 151 निकायों के लिए चुनाव हुए थे। पिछले चुनाव में मेयर और अध्यक्ष के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुए थे। निगमों में पहले पार्षदों का चुनाव हुआ था, बाद में पार्षदों ने मिलकर मेयर का चुनाव किया था। इस बार सीधे मेयर का चुनाव हो रहा है। पिछले चुनाव में राज्य में 2 हजार 840 वार्डों के चुनाव पालिका के लिए और निगमों के लिए 542 वार्डों में चुनाव कराए गए थे। जबकि नगर पंचायतों के लिए 1545 वार्ड में चुनाव कराए गए थे। इन चुनावों में राष्ट्रीय दलों के साथ एकमात्र राज्यीय दल मैदान में था।

**जमानत जब्त होने खतरनाक संकेत**

राजनीति के जानकारों का कहना है कि किसी भी दल से टिकट पाने वाले प्रत्याशी अगर चुनाव हार जाएं तो कोई खास बात नहीं लेकिन अगर किसी प्रत्याशी की जमानत ही जब्त हो जाए तो यह न केवल प्रत्याशी कि लिए बल्कि पार्टी के लिए भी शर्मनाक स्थिति होती है। पार्षद चुनाव को राजनीति की पहली सीढ़ी माना जाता है। अगर इसी दौर में प्रत्याशी की जमानत न बचे तो संबंधित नेता का चुनावी राजनीति में बने रहना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि वह प्रत्याशी फिर कभी उस सीट से चुनाव लड़ने की हिम्मत जुटा नहीं पाता। ऐसे प्रत्याशियों को पार्टिंया टिकट देने से भी बचती है।

----

### भाजपा-कांग्रेस सहित बड़े दलों के प्रत्याशियों की जमानतें जब्त

राज्य में 2019 में जब निकायों का चुनाव हुआ था, उस समय राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। इस समय भाजपा राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी बनी थी। इस चुनाव में कांग्रेस ने कांग्रेस ने कुल मिलाकर 2 हजार 829 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, इनमें से 1238 जीतने में सफल रहे। लेकिन 231 कांग्रेसी प्रत्याशियों की जमानतें जब्त हो गईं थीं। अगर भाजपा की बात करें तो पार्टी ने 2820 प्रत्याशी उतारे थे, इनमें से 1139 जीतने में सफल रहे, लेकिन 246 अपनी जमानत नहीं बचा पाए। बहुजन समाज पार्टी ने इस चुनाव में 213 उम्मीदवार उतारे, इनमें से केवल 7 ही जीत सके। बाकी के 168 की जमानत जब्त हो गई। इसी क्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 39 प्रत्याशी लड़ाए। इनमें से 2 को जीत मिली 24 की जमानत नहीं बची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) ने 21 प्रत्याशी उतारे थे, इस पार्टी के 3 प्रत्याशी जीत पाए। 13 की जमानत जब्त हो गई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने 18 सीटों पर चुनाव लड़ा, इन्हें कहीं भी जीत नहीं मिली। लेकिन साथ ही 15 प्रत्याशी जमानत बचाने में सफल नहीं हो सके। एक मात्र राज्यीय दल जनता कांग्रेस जोगी ने 429 उम्मीदवार उतारे, इनमें से 36 चुनाव जीतने में सफल हुऐ और 286 की जमानत नहीं बची।

**टुकुन की नजर से...**




# 55 बरस पुरानी जांजगीर नैला नगर पालिका तीन दशकों से अजा वर्ग के लिए सुरक्षित

## 14 साल अनारक्षित वर्ग और एक दशक प्रशासकों ने संभाली है कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर चांपा

जिला गठन से करीब 3 दशक पूर्व गठित जांजगीर नैला नगर पालिका परिषद बीते तीन दशकों से अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। शेष ढाई दशकों में एक दशक प्रशासकों के हवाले रहा है तो साढ़े 14 साल के करीब अनारक्षित वर्ग को नेतृत्व करने का मौका मिला है।

जांजगीर नैला नगर पालिका परिषद का गठन 1 दिसंबर 1970 को हुआ। तब महावीर प्रसाद शर्मा प्रथम सभापति मनोनीत हुए। 1 नवंबर 1970 से लेकर 31 अक्टूबर 1973 तक उनका कार्यकाल रहा। फिर 1 नवंबर 1973 से लेकर 28 नवंबर 1978 तक प्रशासकों ने कमान संभाली। इसके बाद 29 नवंबर 1978 से 22 मई 1980 तक बाबू सिंह




अध्यक्ष रहे। तत्पश्चात 23 मई 1980 से लेकर 31 मार्च 1983 तक रघुराज प्रसाद पांडेय अध्यक्ष रहे। इसके बाद 2 अक्टूबर 1984 से 13 मार्च 1990 तक आर पी पांडेय सभापति रहे। इस बीच 1 अप्रैल 1983 से लेकर अक्टूबर 1984 और 15 मार्च 1990 से लेकर 4 सितंबर 1995 तक प्रशासकों ने पालिका की कमान संभाली। फिर 5 जनवरी 1995 से पालिका अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सुरक्षित हुआ। जो लगातार सात कार्यकाल तक के बाद आठवीं बार फिर से आज वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। इस दौरान 5जनवरी 1995 से 18 मार्च 1997 से तक पवन प्रधान 28अप्रैल 1997 से 12जनवरी 2000 तक परदेसी सूर्यवंशी पालिका अध्यक्ष रहे। फिर 13 जनवरी 2000 से लेकर 3 जनवरी 2005 तक मालती देवी रात्रे, 4 जनवरी 2005 से 5 जनवरी 2010 तक मोतीलाल डहरिया और 6 जनवरी 2010 से 4 जनवरी 2015 तक रमेश पैगवार फिर 17 जनवरी 2015 से 6 जनवरी 2020 तक फिर से मालती देवी रात्रे इसके बाद 6 जनवरी 2020 से भगवान दास गढ़ेवाल अध्यक्ष है। इस तरह से देखा जाए तो 1995 से लेकर अब तक के यहा पालिका अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सात बार आरक्षित रहा है और इस बार आठवीं बार भी इसी वर्ग के लिए आरक्षित है। जिसमे तीसरी बार अजा वर्ग महिला के लिए यह सीट सुरक्षित हुआ है।

# पिछले तीनों महापौर ओबीसी वर्ग से ही, 2014 में सीट थी सामान्य फिर भी ओबीसी महापौर

बिलासपुर नगर निगम की सीट ओबीसी को ही रास आती है ऐसा लगता है। पिछले तीन महापौर को ही देख लें तो तीनों महापौर ओबीसी के ही रहे हैं। 2014 में सामान्य सीट से भाजपा के किशोर राय जो ओबीसी वर्ग से आते हैं महापौर बने थे। 2019 में कांग्रेस के रामशरण यादव महापौर बने तो अब फिर से बिलासपुर की सीट ओबीसी के लिए आरक्षित हो गई है। जाहिर है भाजपा की श्रीमती पूजा विधानी या फिर कांग्रेस के प्रमोद नायक में से कोई एक जीतेगा और बिलासपुर में फिर से ओबीसी महापौर बनेगा। इससे पहले बिलासपुर नगर निगम के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 1995 से महापौर के पद पर आरक्षण का दौर प्रारंभ हुआ। तब से लेकर अब तक राजनैतिक रूप से ओबीसी वर्ग के दावेदार और उम्मीदवार ही फायदे में रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

वर्ष 1995 से अब तक महापौर की कुर्सी तीन बार जनरल के लए आरक्षित हुई है। इसमें दो बार सामान्य वर्ग के उम्मीदवार महापौर बने तो तीसरे मर्तबे सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित महापौर की कुर्सी ओबीसी वर्ग के हिस्से में रही। तब राजनीतिक परिस्थितियां इस कदर पलटी कि बिलासपुर से लेकर प्रदेश के सभी निगमों में कांग्रेस का कब्जा हो गया। 1995 में महापौर का पद सामान्य वर्ग के लिए तय किया गया था। पहले महापौर बने राजेश पांडेय। एक दशक बाद 2004 में मेयर की कुर्सी दूसरे मर्तबे सामान्य वर्ग को मिली। अशोक पिंगले मेयर बने। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को फिर लंबा इंतजार करना पड़ा। तकरीबन डेढ़ दशक बाद 2019 में एक बार फिर महापौर की कुर्सी सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हुई। हालांकि इस चुनाव में पार्षदों ने महापौर को चुना और ओबीसी वर्ग से आने वाले कांग्रेस के रामशरण यादव महापौर बन गए।

बिलासपुर नगर निगम




### पिंगले पहले महापौर जो कार्यकाल नहीं कर पाए पूरे

वर्ष 2004 के चुनाव में महापौर का पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हुआ। भाजपा ने अशोक पिंगले को उम्मीदवार बनाया। पिंगले ने जीत दर्ज की और निगम की राजनीति को बेहतर ढंग से चलाया भी। दुर्भाग्यवश वे कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए और उनका निधन हो गया। बिलासपुर नगर निगम के इतिहास में उनका नाम दर्ज हो गया है। वे ऐसे महापौर बने जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए।

### निर्दलीय पार्षद पांडे बन गए महापौर

यह भी ध्यान रहे कि वर्ष 1995 का वह दौर अविभाजित मध्यप्रदेश का था। स्थानीय विधायक व मंत्री बीआर यादव की प्रदेश के साथ ही छत्तीसगढ़ की राजनीति में दखलंदाजी भी उसी अंदाज में हुआ करती थी। निर्दलीय पार्षद होने के बाद राजेश पांडेय महापौर बन गए। यह बीआर यादव का रसूख ही कहा जा सकता है कि कांग्रेस के दिग्गज पार्षदों के बावजूद निर्दलीय व अपने समर्थक राजेश पांडेय को महापौर की कुर्सी पर बैठा दिया। तब महापौर का कार्यकाल ढाई वर्ष का हुआ करता था। कार्यकाल पूरा होने से पहले ही मध्यप्रदेश सरकार ने महापौर का कार्यकाल पांच साल कर दिया गया।

### एक ही बार बनीं महिला मेयर

बिलासपुर नगर निगम में अब तक एक ही बार महिला महापौर बनी है। वर्ष 2009 में महापौर का पद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित की गई थी। तब कांग्रेस ने वाणीराव को उम्मीदवार बनाया था। वाणी राव ने चुनाव जीतकर नगर निगम में कांग्रेस की सत्ता में वापसी कराई। लंबे अंतराल के बाद निगम की राजनीति में कांग्रेस की वापसी हुई थी। वर्ष 2014 के चुनाव में एक बार फिर ओबीसी राजनीति की वापसी हुई और भाजपा ने पांच साल के अंतराल में ही निगम में कब्जा कर वापसी कर ली। तब भाजपा के किशोर राय महापौर बने।







वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी-स्पेशल

# पहचानें लक्षण-बरतें सावधानी
# पॉसिबल है कैंसर ट्रीटमेंट

कैंसर का नाम सुनते ही आमतौर पर लोग घबरा जाते हैं। वास्तविकता यह है कि अगर समय रहते इसकी पहचान कर ली जाए, मेडिकेशन शुरू हो जाए तो कैंसर का ट्रीटमेंट पॉसिबल है। यहां यह जानना भी जरूरी है कि अपनी लाइफस्टाइल और डाइट हैबिट में अगर हम जरूरी सावधानी बरतें तो काफी हद तक कैंसर से बचे रह सकते हैं। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. वैभव चौधरी
ऑन्कोलॉजिस्ट
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

- *10 मिलियन (1 करोड़) लोगों की बीते वर्ष 2024 में दुनिया भर में कैंसर से मौतें होने का अनुमान है।*
- *80 फीसदी लोग दुनिया भर में ऐसे हैं, जिनका इलाज तब शुरू होता है, जब कैंसर लास्ट स्टेज (तीसरी या फिर चौथी अवस्था) में पहुंच चुका होता है।*

*(स्रोत- विश्व स्वास्थ्य संगठन)*









**अमेरिका स्थित** हारवर्ड मेडिकल स्कूल के अनुसार .कैंसर तब शुरू होता है, जब कोशिका के डीएनए में कोई गड़बड़ी (म्यूटेशन) हो जाती है। कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से लगातार बढ़ती रहती हैं, जो कालांतर में कैंसर का कारण बनती हैं।



वैसे तो शरीर में कोशिकाओं के बनने और उनके मृत होने की प्रक्रिया चलती रहती है, लेकिन जब कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं तो इस स्थिति को कैंसर कहा जाता है। कोशिकाओं का अनियंत्रित रूप से बढ़ना शरीर के किसी भी भाग में हो सकता है। ये अनियंत्रित कोशिकाएं शरीर के किसी भी भाग या अंग में गांठ जैसा रूप अख्तियार कर लेती हैं। ऐसी अनियंत्रित कोशिकाओं को ही कैंसरस सेल्स कहा जाता है।

## कैंसर होने के कारण

'दि न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार कैंसर का एक कारण अस्वास्थ्यकर जीवनशैली है। अस्वास्थ्यकर खान-पान और व्यायाम न करना कालांतर में कई प्रकार के कैंसरों को उत्पन्न कर सकता है। फास्ट फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों में वसा अधिक मात्रा में होती है, इनमें विटामिंस और मिनरल्स नगण्य होते हैं। फास्ट फूड्स अकसर लेने से कब्ज, बदहजमी, गैस और पेट संबंधी अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिनसे पेट के कैंसर (गैस्ट्रिक कैंसर) और बड़ी आंतों का कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। इसके अलावा कैंसर के कुछ अन्य प्रमुख कारण हैं। जैसे धूम्रपान और तंबाकू का विभिन्न रूपों में सेवन। इनसे मुंह, जीभ, गले, भोजन नली (फूड पाइप), फेफड़े, पेट और मूत्राशय का कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। इसी तरह तले हुए अत्यधिक वसायुक्त खाद्य पदार्थों को ग्रहण करने से बड़ी आंतों का कैंसर होने का रिस्क बढ़ जाता है।

एक अरसे तक शराब पीने की लत लिवर और किडनी कैंसर का कारण बन सकती है। वहीं हानिकारक रासायनिक पदार्थों या उनके माहौल के संपर्क में आने से त्वचा का कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। देश-दुनिया में बढ़ता वायु प्रदूषण भी चिंता का सबब बन रहा है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि बढ़ते वायु प्रदूषण से निकट भविष्य में फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ सकते हैं।

### कैंसर और साइकोट्रीटमेंट काउंसलिंग

**कैंसर के** इलाज में विभिन्न पहलुओं पर रोगी को परामर्श दिया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कैंसर का पता चलने के बाद मरीज के हौसले अकसर पस्त हो जाते हैं और वह समझने लगता है कि अब उसकी जिंदगी में कुछ भी अच्छा नहीं रहा। यही नहीं कैंसर पीड़ित व्यक्ति के परिजन, उसके मित्र और शुभचिंतक तक भयभीत हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को परामर्श की जरूरत होती है। इस मनोचिकित्सकीय परामर्श के कई पहलू हैं। जैसे अचानक बीमारी का पता चलने के बाद मरीज को मानसिक स्तर पर बहुत बड़ा झटका लगता है। इस झटके से उबरने के लिए उसकी काउंसलिंग की जाती है। अनेक मरीज ऐसे होते हैं, जो कैंसर चिकित्सा के दौरान अपनी निराशाजनक सोच के चलते डिप्रेशन में चले जाते हैं। ऐसे लोगों को एंटीडिप्रेशंट दवाएं दी जाती हैं। इसके अलावा कैंसर सपोर्ट ग्रुप्स से जुड़े लोगों की मदद से भी कैंसर पीड़ितों का मनोबल बढ़ता है। ऐसे ग्रुप्स में वे लोग शामिल होते हैं, जो विभिन्न प्रकार के कैंसरों से अपनी-अपनी लड़ाई जीत चुके हैं। इन सपोर्ट ग्रुप्स के लोग जब कैंसर पीड़ितों से बात करते हैं तो उनका हौसला बढ़ता है।

## कैंसर के लक्षण

शरीर का जो भाग कैंसरग्रस्त होता है, उसी भाग से संबंधित समस्याएं लक्षणों के रूप में मरीज को पीड़ित करती हैं। जैसे अगर किसी व्यक्ति को गले का कैंसर है तो उसे किसी खाद्य पदार्थ को निगलने में दिक्कत महसूस होगी। यहां बताए जा रहे लक्षणों के दिखने या महसूस होने पर शीघ्र ही डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए।

- बिना किसी कारण के वजन घटना (6 महीने में 10% से अधिक) कैंसर की वजह से हो सकता है।
- किसी जख्म या घाव का लंबे समय तक न भरना।
- त्वचा के आंतरिक भाग में किसी गांठ का महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (आमतौर पर महिलाओं के स्तनों में गांठ के मामले ज्यादा सामने आते हैं), शरीर के किसी भाग में सूजन होना और उस पर गांठें बनना, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि हर गांठ कैंसरस नहीं होती है।
- खून की कमी (एनीमिया) से ग्रस्त होना।
- बिना किसी इंफेक्शन के बार-बार बुखार आना।
- काफी दिनों से शारीरिक रूप से असहज महसूस करना।
- मस्सों और तिलों में बदलाव होना या आकार बढ़ना।
- परिश्रम किए बगैर थकान और कमजोरी महसूस करना।
- लंबे समय तक सामान्य से कम भूख लगना।

## डायग्नोसिस के तरीके

डॉक्टर मरीज की शारीरिक स्थिति और उसके लक्षणों के अनुसार कैंसर से संबंधित जांचें कराते हैं। रक्त परीक्षणों के जरिए कैंसर का शुरुआती स्टेज में पता चल सकता है। कैंसर से संबंधित अन्य जांचों में पीईटी सीटी स्कैन, एफएनएसी, बायोप्सी, एमआरआई आदि शुमार हैं।

### कैंसर से बचाव के तरीके

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार धूम्रपान और तंबाकू की लत छोड़ने पर फेफड़े और गले का कैंसर होने का खतरा लगभग 50 फीसदी कम हो जाता है। भारत में विभिन्न प्रकार के कैंसरों में 34% कैंसर पीड़ित धूम्रपान और तंबाकू की लत के शिकार हैं। इसलिए तंबाकू और इससे निर्मित अन्य उत्पादों और शराब आदि मादक पदार्थों का सेवन न करें। जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। विटामिंस और फाइबर युक्त यानी रेशेदार आहार जैसे-हरी सब्जियां, फलों, साबुत अनाजों और दालों को भोजन में वरीयता दें, बार-बार गर्म किए तेल, घी या रिफाइंड ऑयल में बने खाद्य पदार्थों से परहेज करें। 'दि लैंसेट' मेडिकल मैगजीन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार कैंसर से बचाव में खट्टे फलों जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू आदि के अलावा लहसुन, अदरक, ब्रोकली और टमाटर का सेवन अत्यंत लाभप्रद हैं। वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन के अनुसार मोटापा कोशिकाओं में गड़बड़ी (म्यूटेशन) का एक कारण बन सकता है। इसलिए अपना वजन सामान्य रखें और किसी भी स्थिति में मोटापे को स्वयं पर हावी न होने दें। इसके लिए अपने डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेकर नियमित रूप से व्यायाम करें।



## ट्रीटमेंट के प्रकार

कैंसर के उपचार में सर्जरी, रेडिएशन और कीमोथेरेपी को अपनाया जाता है। इलाज की अन्य आधुनिक तकनीकों में रोबोटिक सर्जरी, नवीनतम साइबरनाइफ और गामानाइफ आदि ने कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में काफी परिवर्तन कर दिया है। चिकित्सा की ये तकनीकें स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बगैर अत्यंत सुरक्षित हैं और कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में सहायक हैं। इसके अलावा टार्गेटेड थेरेपी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट आदि से भी कैंसर के इलाज को एक नया आयाम मिला है।

**इंटेंसिटी मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी:** आईएमआरटी नामक इस थेरेपी से कैंसर ग्रस्त भाग को रेडिएशन से हटा दिया जाता है। इस प्रक्रिया में कैंसरग्रस्त भाग के समीप स्थित स्वस्थ कोशिकाओं पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ता। इस थेरेपी का इस्तेमाल ब्रेन ट्यूमर और प्रोस्टेट कैंसर में हो रहा है।

**टी कार सेल थेरेपी:** इस थेरेपी में मरीज की टी कोशिकाओं के जरिए कैंसरग्रस्त कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है।

**इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी:** इसे आईजीआरटी भी कहते हैं। कैंसरग्रस्त भाग का पता लगाने और उसका आकलन करने के बाद यह थेरेपी उस भाग को रेडिएशन से हटा देती है। फेफड़ों के कैंसर, पेट संबंधी कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में इस थेरेपी का इस्तेमाल हो रहा है।

**जीन थेरेपी:** कोशिकाओं में मौजूद जीन (जो डीएनए का एक भाग होता है) में गड़बड़ी के कारण कैंसरग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। जीन थेरेपी के अंतर्गत इसी गड़बड़ी को दूर करने का प्रयास किया जाता है। फिलहाल इस थेरेपी के संदर्भ में शोध और अध्ययन जारी हैं।

**इम्यूनोथेरेपी:** शरीर में किसी भी रोग का मुकाबला करने के लिए जो कोशिकाएं होती हैं, उन्हें प्रतिरक्षी सेल्स (इम्यून सेल्स) कहा जाता है। इन सेल्स के जरिए कैंसरग्रस्त कोशिकाओं के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस थेरेपी के संदर्भ में दुनिया भर में शोध जारी हैं।

**एंटीबॉडी-ड्रग कंजुगेट थेरेपी:** यह कैंसर का ऐसा इलाज है, जिसमें टारगेटेड थेरेपी और कीमोथेरेपी का समन्वय एक साथ कर ट्रीटमेंट किया जाता है।

## जल्द डायग्नोसिस है जरूरी

विख्यात मेडिकल जर्नल 'दि लैंसेट' के अनुसार कैंसर का निदान (डायग्नोज) करने में जितनी जल्दी की जाए, तो इससे मरीज के ठीक होने की संभावना उतनी ही बढ़ती जाती है। जैसे गले में स्थित स्वर यंत्र (वोकल कॉर्ड) के कैंसर का स्टेज 1 में पता लगने पर रेडियोथेरेपी से 95% मामले ठीक हो जाते हैं, स्टेज 2 में 70% और स्टेज 3 में 50% मामलों में पीड़ितों को इस बीमारी से छुटकारा मिल जाता है। कमोबेश उपरोक्त आंकड़े शुरुआती अवस्था में विभिन्न प्रकार के कैंसरों का पता चलने और उनके इलाज के संदर्भ में भी लागू किए जा सकते हैं। वैसे इस संदर्भ में एक बात याद रखनी चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति के शरीर के हर अंग की कार्यप्रणाली, कार्य शक्ति या उसकी संरचनात्मक विशेषताएं अलग-अलग होती हैं। इसलिए इस संदर्भ में किसी अंग विशेष के कैंसर और उससे पीड़ित मरीज के स्वस्थ होने के बारे में एक निश्चित जानकारी नहीं दी जा सकती। फिर भी पहली स्टेज और दूसरी स्टेज में कैंसर का इलाज संभव है, लेकिन इसका यह आशय न निकाला जाए कि तीसरी और चौथी अवस्था में पहुंचे लोगों को कैंसर से राहत या छुटकारा नहीं मिल सकता। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

## आमतौर पर होने वाले कैंसर

**कुछ प्रकार** के कैंसरों के मामले महिलाओं में और कुछ पुरुषों में ज्यादा सामने आते हैं। जैसे महिलाओं में आमतौर पर स्तन कैंसर, गर्भाशय, अंडाशय (ओवरी) और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से संबंधित कहीं ज्यादा मामले सामने आते हैं। इसी तरह पुरुषों में फेफड़े का कैंसर, मुंह और गले के कैंसर के मामले ज्यादा सामने आते हैं।

**फेफड़े का कैंसर**: विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली मौतों में सबसे ज्यादा मौतें फेफड़ों के कैंसर से होती हैं।

**कारण**: फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त जो लोग धूम्रपान करने वाले लोगों के संपर्क में आते हैं, उन्हें भी कालांतर में कैंसर हो सकता है। धूम्रपान करने वाले लोगों के निकट रहने वाले को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा जो लोग धुएं या गर्द वाले प्रदूषित क्षेत्र के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी फेफड़े का कैंसर हो सकता है।

**लक्षण**: फेफड़ों के कैंसर में लगभग 25 प्रतिशत लोगों में कोई लक्षण नहीं सामने आते हैं लेकिन कुछ लक्षण सामने आते हैं। जैसे- सांस लेने में तकलीफ, अकसर खांसी आना, सीने में





घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।

**टेस्ट**: छाती का एक्स-रे, एमआरआई, पैट सीटी स्कैन और सीटी स्कैन, ब्लड टेस्ट, यूरीन टेस्ट, बायोप्सी, ब्रॉन्कोस्कोपी से इसका पता चलता है।

**उपचार**: उपचार की विधि ट्यूमर के आकार, उसके स्थान और मरीज के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। उपचार के दो मुख्य रूप सर्जरी और विकिरण चिकित्सा है।

**सर्जरी**: प्रारंभिक लंग कैंसर का इलाज सर्जरी से किया जा सकता है। एक्सटर्नल-बीम रेडिएशन थेरेपी लंग्स कैंसर के इलाज में उत्साहवर्धक परिणाम दे रही है। कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी उन मामलों में आवश्यक हो सकती है, जिनमें ट्यूमर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल जाए।

**मुंह एवं गले का कैंसर**: यह कैंसर दुनिया भर में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर है। यह कैंसर हमारे मुंह से लेकर गले तक के हिस्से में होता है।

**लक्षण**: मुंह में किसी तरह का घाव, जो कई दिनों के बाद भी ठीक न हो रहा हो। किसी खाद्य पदार्थ को निगलने में परेशानी। खाना खाने में तकलीफ। दांतों का जीभ में लगना। आवाज में बदलाव। मुंह का कम खुलना। गले में किसी तरह की गांठ महसूस होना भी कैंसर का लक्षण हो सकता है।

**कारण**: तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अकसर शराब पीने वाले लोग इस कैंसर के अधिक शिकार होते हैं।

**उपचार**: मुंह और गले के कैंसर के बारे में अगर शुरुआती स्टेज में ही पता चल जाए तो बायोप्सी के बाद सर्जरी की जाती है। जब हमें इस बीमारी के बारे में दूसरी या तीसरी स्टेज में पता चलता है, तब कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। मरीज की स्थिति के अनुसार डॉक्टर आगे के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं।

---

हेल्थ न्यूज

# ब्रेस्ट कैंसर को पहचानेगा नया जेनेटिक मॉडल

**भा**रत में तेजी से बढ़ रहे ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों के लिए हाल ही में विकसित एक नए मॉडल से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। अमेरिकी शोधकर्ताओं की एक टीम ने स्तन कैंसर के लिए एक नया आनुवंशिक मॉडल विकसित किया है, जो वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद कर सकता है कि कैंसर क्यों और कहां फैलता है? अमेरिका में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एरन आंद्रचेक, ई2एफ5 जीन और ब्रेस्ट कैंसर के विकास में इसकी भूमिका पर शोध कर रहे हैं।

आंद्रेचेक की स्टडी में प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर कहा जा सकता है कि ई2एफ5 जीन के नष्ट होने से साइक्लिन डी 1 के विनियमन में बदलाव होता है। साइक्लिन डी 1, मेटास्टेटिक ब्रेस्ट ट्यूमर से जुड़ा एक प्रोटीन है। ऑन्कोजीन पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में यह भी दर्शाया गया है कि ब्रेस्ट ग्लैंड में ई2एफ5 को हटाने से ट्यूमर का निर्माण होता है। अध्ययन से निष्कर्ष निकलता है कि जैसे-जैसे वैज्ञानिक बेहतर ढंग से समझेंगे कि जीन स्तन कैंसर को कैसे प्रभावित करते हैं, वे यह भी जान सकेंगे कि कैंसर मेटास्टेसाइज क्यों होता है और कैंसर कहां फैलने की संभावना है? आंद्रेचेक के अनुसार, उनका माउस मॉडल आनुवंशिक रूप से तैयार मॉडल से अलग है। आनुवंशिक रूप से तैयार माउस मॉडल को इंजेक्शन के माध्यम से कृत्रिम रूप से बदला जा सकता है ताकि कैंसर कोशिकाओं को यकृत या मस्तिष्क जैसे अंगों में जाने के लिए मजबूर किया जा सके।



आंद्रेचेक बताते हैं कि इस मॉडल को लेकर हमारे इतने उत्साहित होने का एक कारण यह है कि यह मॉडल कुछ ऐसा करता है, जो अधिकांश आनुवंशिक माउस मॉडल ने कभी नहीं किया है। आंद्रेचेक के अनुसार, स्तन कैंसर सबसे अधिक बार लिंफ नोड्स हड्डियों या यकृत में फैलता है। आंद्रेचेक की प्रयोगशाला, ब्रेस्ट कैंसर के विकास और प्रगति में शामिल तंत्रों की जांच करने के लिए आनुवंशिक मॉडल के साथ-साथ बॉयोइंफॉर्मेटिक्स का भी उपयोग करती है। *

**प्रस्तुतिः अजेश कुमार**

---

बड़ी आसानी से उगने वाला और हर मौसम में हरा-भरा रहने वाले सदाबहार के पौधे में अनेक औषधीय गुण पाए जाते हैं। लेकिन इसका किसी भी प्रकार से सेवन करने से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से परामर्श जरूरी है। इसके औषधीय गुणों के बारे में जानिए।

# अनेक बीमारियों में कारगर सदाबहार

हर्बल जोन
रेखा देशराज



**स**दाबहार या सदाफूली भारत में सदियों से उगाई जाने वाली और कई रोगों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली जड़ी-बूटी है। हिंदी में इसे सदाबहार कहते हैं, जबकि बांग्ला में नयनतारा, पंजाबी में रतनजोत, मलयालम में उषामलारि और तेलुगू में बिलागैन्नेस के नाम से इसे जानते हैं। बारहों महीने खिले रहने वाले फूलों का यह पौधा, जब जंगल में अपने आप उगता है तो झाड़ीनुमा शक्ल अख्तियार कर लेता है। पूरी दुनिया में इसकी 8 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 7 प्रजातियां मेडागास्कर में और 8वीं यानी एक प्रजाति समूचे भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है। इसका वैज्ञानिक नाम केथारेंथस रोजस है।

**होते हैं कई औषधीय गुणः** सदाबहार में अनेक औषधीय गुण पाए जाते हैं। लेकिन उसके पहले यह जान लें कि इसकी पत्तियों, जड़ तथा डंठलों से निकलने वाला दूध विषैला होता है। हाल के सालों में इसमें मधुमेह, कैंसर, ब्लड प्रेशर, एंटीसेप्टिक,एंटीमाइक्रोबियल गुणों के कारण इसे संक्रमण जैसी समस्याओं के लिए बेहद कारगर पाया गया है। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी औषधीय पौधे के रूप में मान्यता दी है। इस पौधे का गुण क्षारीय या एल्केलॉयड होता है। बीपी की समस्या के लिए इसकी पत्तियां और इसके पौधे के विभिन्न हिस्से बहुत कारगर होते हैं। जैसे खांसी, गले की खराश, फेफड़ों के संक्रमण आदि में भी यह बहुत कारगर होती है।

**मधुमेह को रखे नियंत्रित :** हाल के दशकों में मधुमेह के उपचार में कारगर होने की वजह से इसका महत्व बहुत बढ़ गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि सदाबहार में जो क्षारीय तत्व है, वह रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करता है। इसके इस गुण पर शोध के दौरान पाया गया कि यह सिर्फ मधुमेह में ही बहुत उपयोगी नहीं है बल्कि बहुत सारी बीमारियों के लिए यह बेहद उपयोगी जड़ी-बूटी है।

**कैंसर के उपचार में सहायकः** भारत के केंद्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान द्वारा इस पर किए गए शोध से पता चला है कि इसकी पत्तियों में 'विनिकरस्टीन' नामक क्षारीय पदार्थ पाया जाता है, जो कैंसर विशेषकर रक्त कैंसर के इलाज में बेहद उपयोगी होता है। इसलिए यह विषाक्त पौधा आज संजीवनी बन गया है।

**त्वचा रोगों में कारगरः** इसकी पत्तियां, फूल, टहनियां, जड़ें या कहें कि पौधे का हर हिस्सा शरीर पर होने वाले फोड़े, फुंसी, घाव आदि के लिए रामबाण की तरह होते हैं। इसलिए भारत में सदियों से फोडे-फुंसी जैसी समस्याओं पर इसकी पत्तियों और फूलों का लेप लगाया जाता रहा है।


**सलाह के बाद ही करें सेवनः** सदाबहार का किसी भी रोग में संतुलित मात्रा में ही सेवन करें और बेहतर यही है कि इसके इस्तेमाल से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर कर लें। बिना सलाह लिए इसका उपयोग खतरनाक हो सकता है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाओं को इससे दूर रहना चाहिए। छोटे बच्चे को भी इससे दूर रखना चाहिए वर्ना यह उनके लिए खतरनाक हो सकता है। *

---

डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर



# जब बार-बार हो सीने में दर्द



**मेरी उम्र 49 वर्ष है। मैं वर्षों से स्मोकिंग कर रहा हूं। कुछ दिनों से मेरे सीने में रह-रहकर दर्द होता है और कफ में कभी-कभी रेड स्पॉट नजर आते हैं। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हितेश, कुरुक्षेत्र**

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आपकी परेशानी सुनकर ऐसा लग रहा है कि चेस्ट में इंफेक्शन है, इसलिए आप बगैर देर किए जनरल फिजिशियन और अगर संभव है तो चेस्ट स्पेशलिस्ट से संपर्क करें। वह जांच कराएंगे, इसके बाद इस परेशानी का कारण पता चलेगा और उपचार किया सकेगा। फिलहाल आप स्मोकिंग बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-मोहित, रायपुर**

सर्दी के मौसम में कई बार टॉन्सिल की समस्या हो जाती है, जिससे कुछ भी खाने या गटकने में परेशानी महसूस होती है। इसलिए आप कोशिश करें कि सुबह और शाम गर्म पानी का गरारा करें और दिन में हल्का गुनगुना पानी पिएं। फ्रिज का रखा हुआ कोई भी ठंडा खाद्य न खाएं, न ही ठंडा पानी पिएं। इस तरह आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 47 वर्ष है। एक-डेढ़ महीने से मेरे सिर के पिछले हिस्से में रह-रहकर टीस होती रहती है। कई बार यह दर्द बहुत असहनीय हो जाता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुशील, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपके सिर के पिछले हिस्से में टीस होती है और दर्द होता है, इसलिए बगैर जांच किए कोई भी उपचार नहीं किया जा सकता है। आप मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे आपकी कुछ ब्रेन से संबंधित जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा, लेकिन आप इस बात पर गौर करें कि यह समस्या नियमित रूप में होती है या कभी-कभी होती है और अगर कभी-कभी होती तो किन स्थितियों में होती है। इस पर भी गौर करें। इससे ट्रीटमेंट में मदद मिलेगी।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। पिछले एक महीने में दो बार अचानक मेरे नाक से खून रिसने लगा फिर कुछ देर बाद बंद भी हो गया। ऐसा क्यों हो सकता है, यह कोई चिंता की बात तो नहीं?**

**-अंचित, दुर्ग**

हालांकि इस तरह की समस्या गर्मी के मौसम में होती है लेकिन आप बता रहे हैं कि आपको इस तरह की प्रॉब्लम अभी हो रही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि नाक में अंगुली डालने के बाद ऐसी समस्या आती है? क्योंकि कई बार नाक में खुजली करने से ऐसी समस्या आ जाती है। आप एक बार ईएनटी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच से नाक से ब्लीडिंग के कारण का पता करेंगे फिर उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मेरे पैर अकसर सुन्न हो जाते हैं। कुछ देर के लिए इसमें कोई संसेशन नहीं होता। कई बार इस वजह से चलने-फिरने में लड़खड़ाहट होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रमेश चंद्र, महेंद्रगढ़**

आपको मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि जैसा आप बता रहे हैं कि कभी-कभी पैर सुन्न हो जाते हैं और तब लड़खड़ा जाते हैं। इसका मतलब नर्वस सिस्टम में कोई न कोई परेशानी आ रही है। इसलिए आप बगैर देर किए डॉक्टर से संपर्क करें। जांच के बाद इसका कारण पता चलेगा और फिर उपचार कराना होगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**



## चिंतन

# कुंभ भगदड़ की जांच करके दोषी पर हो सख्त कार्रवाई

किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे उपाय किए जाएं, ताकि दोबारा उसी तरह के हालात पैदा न हों। मगर धार्मिक स्थलों पर या ऐसे आयोजनों में जमा होने वाली भीड़ और उसके प्रबंधन को लेकर अक्सर इस हद तक लापरवाही बरती जाती है कि बार-बार भगदड़ की वजह से लोगों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हैं। एक के बाद एक हो रहे ऐसे हादसों का सबसे बड़ा कारण यही है कि कोई भी घटना हो जाने के बाद न तो किसी को दोषी ठहराया जाता है और न ही कोई कार्रवाई होती है और जान से हाथ धो बैठता है बेचारा आम आदमी। कौन भूला होगा हाथरस के हादसे को, जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की जानें चली गई। अभी वो दिमाग से उतरा भी नहीं था कि प्रयागराज के संगम तट पर लगे कुंभ में अचानक भगदड़ मच गई और 35 से 40 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने अभी 20 लोगों के मरने की पुष्टि की है। महाकुंभ में संगम तट पर बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भगदड़ मची। बताया जा रहा है कि मौनी अमावस्या' पर हजारों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आए थे। भीड़ में धक्का-मुक्की हो गई। जो लोग पहले ही संगम में स्नान कर चुके थे, उनके वहां से निकलने के लिए जगह नहीं थी। हद तो यह भी थी कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान करने के बाद लोग सुरक्षित रूप से वहां से निकल जाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए कोई पुलिस व्यवस्था नहीं थी। न कोई बताने वाला था कि लोग किधर जाएं। कोई नक्शा या संकेत वगैरह वहां नहीं लगा था। अब सवाल यह है कि जब हादसा हुआ तब सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे अधिकारी कहां थे। ऐसी भगदड़ को रोकने के लिए क्या इंतजाम किए गए थे। वैसे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महाकुंभ मेला परिसर को राज्य का 76वां जिला ही घोषित कर रखा है। करीब 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र में बसे महाकुंभ नगर को 25 सेक्टरों में बांटा गया है। इनमें 56 थाने और 144 चौकियां बनाई गई हैं और सुरक्षा बलों के 60 हजार जवान तैनात हैं। हर थाने में साइबर डेस्क है। इतना ही नहीं, दो साइबर थाने भी अलग से बनाए गए हैं। सिविल पुलिस, पीएसी, एनएसजी, एसटीएफ, होमगार्ड, डिफेंस और एनजीओ को मिलाकर मेले में सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं। राज्य सरकार के अनुसार सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है जिनमें एनएसजी कमांडो और यूपी पुलिस के जवानों की भी तैनाती है। इतना ही नहीं, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मेले में एआई युक्त कैमरे लगे हैं जो लोगों की गिनती करते हैं। अगर किसी इलाके में 2 हजार लोगों के खड़े होने की जगह है तो 1,800 लोग होते ही संबंधित अफसर को जानकारी दी जाती है। इसके अलावा, 100 फेस रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं। 2,700 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। वहीं, ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी हो रही है। पानी के अंदर की सुरक्षा के लिए पहली बार नदी के अंदर 8 किलोमीटर तक डीप बैरिकेडिंग की गई है। इसके बावजूद यह हादसा हो गया। इससे साफ है कि जिन लोगों को दायित्व सौंपा गया था, उसमें कहीं न कहीं चूक हुई है। अगर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होती तो ऐसा हादसा होना संभव ही नहीं है। इसका जिम्मेदार कौन है, उस पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। वैसे जांच तो होगी, लेकिन ऐसा न हो कि हमेशा की तरह भीड़ को जिम्मेदार ठहराकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाए, जैसा अब तक होता आया है। अगर भगदड़ मामलों में सख्ती दिखाई गई होती तो शायद आज ये हादसा न होता। उम्मीद की जानी चाहिए कि योगी सरकार दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।



उम्मीद

डॉ.जयंतीलाल भंडारी

# राहत और सुधारों का होगा बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का यह लगातार सातवां पूर्ण बजट होगा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2025-26 का बजट एक ऐसा ऐतिहासिक बजट होगा, जिसमें खपत और व्यय बढ़ाकर घटी हुई विकास दर बढ़ाने, गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ आर्थिक सुधारों के साथ सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान दिखाई देंगे। वित्तमंत्री चालू वित्त वर्ष में जो पूंजीगत व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3 .4 प्रतिशत है, उसे आगामी बजट में 4 फीसदी के स्तर पर पहुंचाते हुए अर्थव्यवस्था को धीमी विकास की मार से उबारने की रणनीति के साथ भी आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकेंगी।

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा 1 फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट की ओर लगी हुई हैं। सीतारमण का यह लगातार सातवां पूर्ण बजट होगा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2025-26 का बजट एक ऐसा ऐतिहासिक बजट होगा, जिसमें खपत और व्यय बढ़ाकर घटी हुई विकास दर बढ़ाने, गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ आर्थिक सुधारों के साथ सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान दिखाई देंगे। वित्तमंत्री चालू वित्त वर्ष में जो पूंजीगत व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है, उसे आगामी बजट में 4 फीसदी के स्तर पर पहुंचाते हुए अर्थव्यवस्था को धीमी विकास की मार से उबारने की रणनीति के साथ भी आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकेंगी। नए बजट के माध्यम से वित्तमंत्री आर्थिक डगर पर अटके पड़े सुधारों को आगे बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने, रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म के मंत्रों से अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने तथा 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के मद्देनजर बुनियादी रणनीतियां प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी।

इसके साथ-साथ वित्तमंत्री राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2025-26 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.5 फीसदी के स्तर पर रखते हुए खजाने को मजबूत करने की डगर पर भी आगे बढ़ेंगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में खपत और व्यय में कमी से विकास दर घट गई है। मध्यम वर्ग के निजी उपभोग में कमी आई है। वैश्विक परिदृश्य पर जो सैन्य संघर्ष और आर्थिक गुटबाजी की चुनौतियां हैं, वे कोविड-19 से भी ज्यादा वैश्विक जीडीपी का नुकसान कर सकती हैं। डोनॉल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी नई आर्थिक रणनीति से दुनिया के आर्थिक गणित बदलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन सब कारणों से वैश्विक व्यापार और वैश्विक विकास दर में गिरावट आएगी। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्तमंत्री सीतारमण की मुट्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है। विगत एक दशक से आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में लगातार वृद्धि हुई है।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण करीब 16 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 16 फीसदी से भी ज्यादा है। इनवेस्टमेंट इन्फॉर्मेशन और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025-26 के दौरान भी कर संग्रह में भारी वृद्धि का अनुमान है। ऐसे में उम्मीद है कि वित्तमंत्री आगामी बजट के तहत गरीब, युवा, महिलाएं, किसानों और मध्यम वर्ग के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर भी अपने आवंटन को केंद्रित करते हुए दिखाई दे सकती हैं। बजट में वित्तमंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, किसान सम्मान निधि बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी



प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना, स्वच्छ ऊर्जा तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। आगामी बजट में वित्तमंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती है।

वित्तमंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने, पीएम किसान सम्मान राशि बढ़ाने, खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि वित्तमंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (एमएफआई) को मजबूत बनाने के लिए विशेष फंड बनाने, विकसित भारत के लक्ष्य के मद्देनजर डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन के प्रावधान तथा रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन दिखाई दे सकता है। इस समय चीन, पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्ला देश से भी बाहरी सुरक्षा को खतरे बढ़े हैं, ऐसे में सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक धन की जरूरत स्पष्ट दिखाई दे रही है। चूंकि देश के विकास का इंजिन कहे जाने मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में धन की कमी के कारण उनके निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से विकास दर प्रभावित हो रही है।

ऐसे में आगामी बजट में खपत बढ़ाने के मद्देनजर मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश उभर कर दिखाई दे सकती है। वित्तमंत्री सीतारमण मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित कर सकती हैं। आयकर के नए टैक्स रिजीम में 10 लाख रुपए तक की आमदनी टैक्स फ्री की जा सकती है। वित्तमंत्री आगामी बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से आयकरदाता और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्तमंत्री कर सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि वित्तमंत्री आयकर सुधारों के तहत वर्ष 2025-26 के बजट सत्र में नया आयकर कानून पेश कर सकती हैं। इसका मकसद मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट 1961 को आसान, स्पष्ट और समझने योग्य बनाना है। नया आयकर कानून मौजूदा कानून में सिर्फ संशोधन नहीं होगा, बल्कि पूर्णतया एक नया कानून होगा। इसके तहत अनावश्यक और अप्रचलित प्रावधानों को हटाया जाएगा। कर विवादों को कम किया जाएगा। टैक्सपेयर्स के लिए अनुपालन को आसान बनाया जाएगा।

हम उम्मीद करें कि एक फरवरी को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2025-26 का बजट आर्थिक कल्याण, आर्थिक सुधारों और तेज विकास को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2025-26 के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 फीसदी तक लाने के लक्ष्य के मद्देनजर राजकोषीय अनुशासन का पालन करते हुए भी दिखाई देंगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कामाक्षी अम्मन मंदिर दिव्य देवी कामाक्षी को समर्पित है, जिन्हें प्रेम, प्रजनन क्षमता और शक्ति की हिंदू देवी पार्वती का अवतार माना जाता है। वीकामाक्षी अम्मन मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है, माना जाता है इस स्थान पर देवी सती की नाभि गिरी थी।

## विमर्श

विकास खितौलिया



# दिल्ली चुनाव में महिलाओं को फायदा होना निश्चित

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी प्रमुख दलों ने महिलाओं को नकद राशि, मुफ्त सफर और सस्ते भोजन सहित कई घोषणाएं की हैं। कुल मिलाकर देखें तो इस चुनाव में सरकार किसी भी दल की बने, दिल्ली की महिलाओं को फायदा होना निश्चित है। दिल्ली में 27 साल से सत्ता का वनवास झेल रही भाजपा ने दिल्लीवालों के लिए मुफ्त की योजनाओं की झड़ी लगा दी। भाजपा के इस कदम को आम आदमी पार्टी की घोषणाओं की काट के रूप में देखा जा रहा है। आप और भाजपा के अलावा कांग्रेस भी कई घोषणाएं कर चुकी हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार ने महिला सम्मान योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा की थी, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया, उसके बावजूद चुनाव के बाद इसे 2100 प्रतिमाह करने का वादा आप सरकार कर चुकी है । बात करें पंजाब की तो इस तरह की योजना आप सरकार ने वहां भी लागू की थी, परन्तु करीब ढाई साल से ज्यादा का समय सरकार को बने हो गया है, यह योजना सिर्फ कागज़ों पर है। वहीं, भाजपा ने मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत हर गर्भवती महिला को 6 पोषण किट और 21 हजार रुपये देने और साथ ही महिला समृद्धि योजना के तहत गरीब महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। पार्टी का कहना है कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वह इस योजना को लागू कर चुकी है। परंतु हकीकत यह है कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में जहां भाजपा एवं एनडीए की सरकार है वहां भी इस योजना का कोई भी नामो निशान नहीं है। फिर कांग्रेस कैसे पीछे रह सकती है, प्यारी दीदी के नाम से योजना लागू की जिसके अंतर्गत दिल्ली की सभी महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया और पार्टी ने दावा भी किया कि इस योजना को सत्ता में आते ही लागू कर दिया जाएगा। दिल्ली का कुल बजट लगभग 75 हज़ार करोड़ का है। अगर सत्ता में आने वाला कोई भी दल अपनी सभी घोषणाओं को पूरा करेगा तो इसका लिए करीब 35 से 40 हज़ार करोड़ राशि की जरूरत होगी। इससे साफ है कि ऐसी घोषणाएं किसी भी राज्य के भविष्य के लिए खतरनाक साबित होंगी। एक तरफ देखा जाए तो जनता को सीधे धन ट्रांसफर कर सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। राजधानी में लगभग 60 लाख से अधिक महिलाएं हैं। सत्ता में आने वाला कोई भी दल यदि प्रतिमाह प्रत्येक महिला को 2000 रुपये भी देता है तो उसके लिए करीब 10 हज़ार करोड़ रुपये लगेंगे, जिसे भारत के अधिकांश अर्थशास्त्री ठीक नहीं मानते हैं। कोई भी सरकार अधिकांश राशि अपने घोषणा पत्र के अनुसार जनता में बांट देगी तो वह विकास के कार्य कैसे करेगी? अस्पताल, सड़क, स्कूल, स्टेडियम, पार्क कैसे बनेंगे? जो पहले से बना है उसकी मरम्मत, बुजुर्गों एवं विकलांगों को पेंशन वेतन आदि दे पाना भी चुनौतीपूर्ण होगा। जनता को पैसा देना और लोकलुभावन वादे कर चुनाव जीतना लघु अवधि के कार्य हैं, जबकि आईआईटी, आईआईएम जैसे शिक्षण संस्थान खोलना, उद्योग स्थापित करना, रोजगार देना यह दीर्घ अवधि तक नागरिक को सक्षम बनाने वाले कार्य हैं। सरकार के पास ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है, वह कितने लोगों को यह राशि देगी, जो जरूरतमंद है उनको देगी या सबको देगी। जैसा कि झुग्गी की महिला और एक कामकाजी महिला की जरूरत में अंतर है। हालांकि, राजनीतिक दलों के वादे जनता को तुरंत आकर्षित करते हैं और लोग इन बातों में आकर मतदान भी करते हैं, लेकिन आर्थिक स्तर पर ठीक नहीं है।

- (लेखक-विचारक)

## सिया राम मय सब जग जानी



संकलित

दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया... अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है- 'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित

प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सनातन बोर्ड की जरूरत क्यों

मीडिया की मानें तो दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में एक नया मोड़ आ गया है। यहां पहुंचे संतों और महंतों ने एक साथ मिलकर सरकार से सनातन बोर्ड बनाने और वक्फ बोर्ड को खत्म करने की मांग कर दी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के नेतृत्व में संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि वे महाकुंभ छोड़कर तब तक नहीं जाएंगे जब तक सरकार उनकी मांग नहीं मानती। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, जूना अखाड़े के महंत स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि, आनंद अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरि आदि सभी ने एक स्वर में सनातन बोर्ड गठन के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। अब सरकार के फैसले का इंतजार है।

*– प्रवीण दुबे, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# किम का परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने परमाणु सामग्री बनाने वाले एक संयंत्र का निरीक्षण किया और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के बाद उत्तर कोरिया देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान कर अमेरिका पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। किम के परमाणु सामग्री बनाने वाले संयंत्र में जाने से उत्तर कोरिया के परमाणु शस्त्रागार के विस्तार पर निरंतर जोर देने का संकेत मिलता है। ट्रंप ने हालांकि कहा है कि वह कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए किम से बात करने को तैयार हैं। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) की खबर के अनुसार, किम ने परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र और परमाणु हथियार संस्थान जाकर निरीक्षण किया। खबर में यह नहीं बताया गया कि ये केंद्र कहां स्थित हैं, लेकिन किम की यात्रा की उत्तर कोरियाई तस्वीरों से संकेत मिलता है कि उन्होंने संभवतः यूरेनियम-संवर्धन केंद्र का दौरा किया था, जहां वह पिछले सितंबर में गए थे। केसीएनए की खबर के अनुसार किम ने कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछले वर्ष परमाणु सामग्री के उत्पादन में 'अद्भुत' प्रदर्शन किया है और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने के लिए इस वर्ष उत्पादन को और बढ़ाने की जरूरत है।



## ऑफ बीट

# पहले की तुलना में ज्यादा पैदा हो रहे जुड़वां बच्चे

दुनियाभर में महिलाएं कम बच्चों को जन्म दे रही हैं। जन्म दर में इस गिरावट के बावजूद, आज जुड़वां और एक साथ तीन बच्चों के जन्म के मामले पहले की तुलना में काफी बढ़े हैं। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है - और शोध से जुड़वां बच्चों की दरों में निरंतर वृद्धि का अनुमान जताया जा रहा है। पिछले वर्षों में, जुड़वां बच्चों के जन्म की दरें समग्र जन्म दरों के अनुरूप कम हुई हैं। ऐसा होने के कई कारण हो सकते हैं। अधिक उम्र में गर्भधारण तथा प्रजनन उपचारों का अधिक उपयोग जैसे सामाजिक कारक इसके प्रमुख कारण प्रतीत होते हैं। हालांकि एक समय में एक बच्चे की तुलना में कई बच्चे पैदा होना कम आम बात है, लेकिन कई बच्चे पैदा होना मानव प्रजनन का एक स्वाभाविक हिस्सा है। लगभग हर 60 गर्भधारण में से एक में कई बच्चे पैदा होते हैं - चाहे वह दो, तीन या छह बच्चे हों। जुड़वां बच्चे तब होते हैं जब दो अलग-अलग अंडे एक ही समय में निषेचित (फर्टिलाइज) होते हैं, या जब एक निषेचित अंडा दो भागों में विभाजित हो जाता है। 'हाइपर-ओव्यूलेशन' के परिणामस्वरूप भी कई बच्चे पैदा हो सकते हैं - जब एक ही चक्र में एक से अधिक अंडे निकलते हैं। हालांकि बहुत दुर्लभ 'हाइपर-ओव्यूलेश"' ' यानी 'हाइपर-ऑर्डर मल्टीपल प्रेगनेंसीज' के कारण तीन शिशुओं से लेकर नौ शिशुओं तक का जन्म हो सकता है।



## ट्रेंड

### महाकुंभ हादसे से व्यथित



महाकुंभ में हुए दु:खद हादसे से अत्यंत व्यथित हूँ। इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दु:ख सहने की शक्ति दें। प्रशासन घायलों को अस्पतालों में उपचार दे रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भगदड़ की घटना दु:खद



प्रयागराज की संगम स्थली पर, महाकुम्भ में हुई भगदड़ में, जिन भी श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवाई है व घायल हुए हैं। यह घटना अति-दु:खद व चिन्तनीय। ऐसे समय में कुदरत पीड़ितों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे, मेरी यही कामना है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### ईमानदारी का सर्टिफिकेट



जनता ने शीला जी की कांग्रेस सरकार में पूरी दिल्ली को बदलते देखा है। ईमानदार को किसी सर्टिफिकेट की ज़रूरत नहीं होती - जो बेईमान होते हैं वो ही अपने आप को ईमानदारी का सर्टिफिकेट देते फिरते हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### शेयर बाज़ार का मिथक



शेयर बाज़ार का मूल्यांकन एक मिथक है। एक ऐसी कहानी जिसे हर कोई पसंद करता है। इसका कंपनियों की कमाई की वास्तविकताओं से कोई लेना-देना नहीं है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### चावल कारोबारी के ....

से ज्यादा आयकर अधिकारी, कर्मी शामिल बताए गए हैं। आयकर विभाग की टीम को अब तक कारोबारियों तथा ब्रोकर के अलग-अलग ठिकानों से डेढ़ करोड़ रुपए मिले हैं, जिनका मिलान किया जा रहा है कि वह कच्चे का है या पक्के का। आयकर विभाग की टीम ने सड्डू स्थित जिस राइस मिल में छापे की कार्रवाई की है, उसी परिसर में छह अन्य राइस मिल संचालित होने की बात सामने आई है। इसी के साथ ही सड्डू मार्ग में सत्यम बालाजी से जुड़े एक कार शोरूम में आईटी की टीम ने दबिश दी है। रायपुर में छापे की कार्रवाई के दौरान 30 बैंक पास बुक मिलने की खबर है, जिसमें कच्चे में करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन करने का शक है। इसी के साथ ही चार लॉकर मिलने की बात सामने आई है। छापे की कार्रवाई तीन से चार दिन तक चल सकती है।

### लेखापाल को 20 ....

कुमार ने जगदलपुर एसीबी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई थी कि समग्र शिक्षा के प्रभारी लेखापाल अरुण सेठिया ने उनसे अच्छी जगह पोस्टिंग दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की थी। रिश्वत की मांग से मानसिक रूप से परेशान होकर दिलीप कुमार ने मामले की जानकारी एसीबी को दी। शिकायत की पुष्टि के बाद टीम ने जाल बिछाया। आज अरुण सेठिया को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पूरी कार्रवाई को गोपनीय रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया।

### सीएम ने पीया ...

सीएम हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुना नदी तट का दौरा किया और पानी पीया। इस बीच, हरियाणा सरकार केजरीवाल के बयान के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए लोगों में भय पैदा करने का जो बयान दिया है, वो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बयान देकर द्वेष पैदा नहीं करना चाहिए। सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इस बयान के लिए दिल्ली और हरियाणा के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली -हरियाणा बॉर्डर पर दहिसरा गांव के पास यमुना नदी के चार नंबर प्वाइंट का दौरा किया और पूजा-अर्चना कर यमुना के पानी का आचमन किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने बयान दिया है कि हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने यमुना में जहर मिलाकर भेजा है। जबकि वॉटर अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा पानी के जो सैंपल लिए गए हैं, उसमें कहीं भी जहरीले पदार्थ नहीं मिले हैं। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल झूठ की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने 10 साल पहले दिल्ली के लोगों से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया। उन्होंने जहरीले पानी का बयान देकर दर्द भरा और भय पैदा करने वाला कार्य किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पिछली चार सैंपल की जाँच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली की सीमा में दाखिल होने से पहले हरियाणा की सीमा पर यमुना का जल मानकों पर पूरी तरह खरा उतरा है। हरियाणा से दिल्ली को साफ पानी जा रहा है। दिल्ली के बाद पलवल और फरीदाबाद में जब हरियाणा को यह पानी मिलता है, वह बहुत अधिक खराब स्थिति में होता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण बयान देने के लिए अरविंद केजरीवाल को माफी मांगनी चाहिए। केजरीवाल को जब भी मौका लगता है, वह कभी पराली के नाम पर तो कभी पानी के नाम पर हरियाणा पर झूठे आरोप लगाते रहे हैं, जिनमें कोई सच्चाई नहीं होती है। हरियाणा से दिल्ली में पानी के प्रवेश स्थल दहिसरा गांव के पास यमुना नदी के पॉइंट नंबर चार से 28 जनवरी की अमोनिया नाइट्रोजन रिपोर्ट के अनुसार बीडीएल (डीएल=0.5) ) बीडीएल (डीएल-0.5) तथा 16 जनवरी 2025 में यह मात्रा बीडीएल (डीएल=0.5) रही है। 17 दिसंबर 2024 को बीडीएल (डीएल=0.5) तथा 26 नवंबर 2024 को बीडीएल (डीएल=0.5) कम रहा है।

## पेज एक के शेष

### किसी ने पार्टी को सबक...

ने उनसे बात की, उनकी मंशा समझी।

**विस, लोस के बाद अब मेयर-पार्षद का लड़ रही चुनाव :** महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले निर्दलीय प्रत्याशियों में एक ऐसी प्रत्याशी भी है, जिसकी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जमानत जब्त हो चुकी है। इस प्रत्याशी का नाम राधेश्वरी गायकवाड़ है जो नहरपारा विधानसभा रोड की रहने वाली है। बीएससी की पढ़ाई कर चुकी राधेश्वरी वैसे समाज सेविका है। राजनीति में आकर वह अब कुछ बड़ा काम करना चाहती है, इसलिए वह पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव लड़ी। इन दोनों चुनाव में 150 से कम ही वोट मिले हैं, जिससे कारण वह जमानत तक नहीं बचा पाई है।अब वह महापौर और वार्ड-10 से पार्षद दोनों पद के लिए एक साथ चुनाव लड़ रही है।

**ऑटो चालक की पत्नी भी मैदान में :** महापौर पद के लिए बैरनबाजार निवासी एक ऑटो चालक की पत्नी नंदनी नायक भी चुनाव में खड़ी हुई है। नंदनी का यह पहला चुनाव नहीं है। इससे पहले वह विधानसभा 2023 और लोकसभा 2024 चुनाव भी लड़ चुकी है। इन दोनों चुनाव में उसे बहुत कम वोट मिले थे। इस तरह दोनों चुनाव में उसकी जमानत राशि जब्त हो गई थी। इसके बाद भी नंदनी अब महापौर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है।

**चुनाव जीतने के बाद काम परफेक्ट दिखना चाहिए :** ग्राम कांदूल निवासी चांदनी साहू महापौर पद की प्रत्याशी है। उन्होंने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से नामांकन दाखिल किया है। फार्मेसी में डी-फार्मा करने वाली चांदनी साहू ने बताया कि वह पहली बार कोई चुनाव लड़ रही है। चांदनी का मानना है कि महापौर का पद पाने के लिए प्रत्याशी जनता से बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन उन वादों को पूरा नहीं किया जाता है या फिर अधूरे छोड़कर आगामी चुनाव आने के दौरान किया जाता है, जबकि जीत के बाद से हर काम दिखना चाहिए और वह भी परफेक्ट तरीके से। भाजपा-कांग्रेस के कई महापौर बदल चुके हैं, लेकिन शहर अभी भी मूलभूत सड़क, पानी, सफाई जैसी सुविधाओं से जुझ रहा है। उनका कहना है कि अगर वह चुनाव जीत जाती है तो सबसे पहले शहर के सभी वार्डों को मूलभूत समस्याओं से मुक्त करेंगी।

**हार-जीत नहीं, कोशिश बड़ी चीज :** समता कालोनी निवासी सुषमा अग्रवाल ने भी पर्चा भरा है। उनका कहना है शहर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सड़कों पर गड्ढा, नालियों में कचरा जाम होने से गंदगी से उठती बदबू को देख कर पीड़ा होती है। इसे स्वच्छ और हरा भरा शहर बनाना चाहती हूं। अभी तक हमारा शहर स्मार्ट सिटी नहीं बन पाया। न मैं भारतीय जनता पार्टी से हूं न ही कांग्रेस पार्टी से। अपने सिद्धांतों पर चुनाव लड़ रही हूं। इससे पहले रायपुर दक्षिण का विधानसभा चुनाव लड़ा था, उस समय 191 वोट मिले। इस बार महापौर का चुनाव लड़ने चुनाव मैदान में हूं। हार मिले या जीत पर कोशिश करना सबसे बड़ी बात है। सुषमा अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने मैथ्स सब्जेक्ट में बीएससी किया है, साथ ही डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग कोर्स कर चुकी हैं।

### हार-जीत से मतलब...

सिखाने के लिए महापौर पद के लिए निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है। गायत्री ने बताया कि वह अपने वार्ड क्रमांक-4 यतियतनलाल वार्ड से पार्षद पद के लिए निर्दलीय चुनाव भी लड़ चुकी है, जिसमें वह 195 वोट से पराजित हुई थी। इस बार उम्मीद थी कि उनके पति को पार्टी से टिकट मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पार्टी को अब सबक सिखाने के लिए वह महापौर पद का चुनाव लड़ रही है। वह बताना चाहती है कि उनको भी वोट मिलते हैं।

### दस बरस से नहीं पहनी...

चिटफंड कंपनी के निवेशकों को न्याय दिलाने 10 वर्षों से संघर्षरत हैं। उन्होंने न्याय मिलते तक चप्पल नहीं पहनने की कसम खाई है। वे पिछले 10 वर्षों से नंगे पांव चल रहे हैं। नंगे पाव ही पूरे प्रदेश की पदयात्रा की है। गगन जनहित में 65 बार रक्तदान किया है। मरणोपरांत शरीर दान की घोषणा भी की है। अब महापौर बनकर जनता की सेवा करना चाहता है।

### सनातनियों को एक ...

बनाने वाले श्री ठाकुर का कहना है कि अयोध्या में भगवान श्री राम लला मंदिर की स्थापना की पहली सालगिरह में उन्होंने दिग्विजय स्टेडियम में लाखों दीपक जलाने की अनुमति मांगी थी, लेकिन प्रशासन ने नहीं दी। जिससे नाराज होकर वे पूरे शहर के सनातनियों को एक मंच पर लाने के लिए इस चुनावी जंग में उतरे है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा एक चेहरे को ही बार बार रिपीट किए जाने से लोगों में नाराजगी है।

### दो सगे भाई टकरा रहे...

पंचायत का चुनाव होने जा रहा है। देवभोग नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 सोनामुंदी में कांग्रेस ने बड़े भाई विनोद पाड़े को मैदान में उतारा है। वहीं दूसरी ओर उसके सगे छोटे भाई मुन्नु राम पाड़े को भाजपा ने टिकट देकर दोनों भाइयों के बीच चुनावी रण को रोचक बना दिया है। **भाजपा ने जताया विश्वास :** वहीं दूसरी ओर छोटे भाई भाजपा से चुनाव लड़ रहे मुन्नुराम पाड़े ने कहा कि मैं भाजपा का एक कार्यकर्ता हूं और भाजपा ने मुझ पर विश्वास कर टिकट दिया है। मेरे बड़े भाई को मेरे खिलाफ कांग्रेस द्वारा टिकट देकर कुटनीति रचा जा रहा है, लेकिन जनता का उन्हें आशूर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा हम दोनों भाई के बीच कोई मन मुटाव नहीं है। यह चुनाव का मामला है बहरहाल देवभोग नगर पंचायत चुनाव में दो सगे भाई आमने सामने चुनावी रण में आने से यह चुनाव बेहद रोचक हो गया है और पूरे जिले के लोगो की नजर इस वार्ड पर बनी हुई है।

### नक्सलवाद से मोहभंग, दो...

करने के पीछे माड़ और नारायणपुर जिले में चलाये जा रहे विकास कार्य बड़ा कारण रहा तेजी से बनती सड़कें गांव तक पहुंचती विभिन्न सुविधाओं ने इन्हें प्रभावित किया है। वहीं संगठन के विचारों से मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद के चलते इन्होंने आत्मसमर्पण किया समर्पित नक्सलियों में जनताना सरकार, मिलिशिया मेंबर, सीएनएम, कृषि सदस्य, पंचायत सरकार अध्यक्ष व अन्य मेंबर शामिल है।

एसपी ने बताया कि शासन की पुनर्वास नीति से यह लोग प्रभावित हुए है तथा इन्होंने खुद की भलाई के लिए सोचा है और माड़ बचाओ अभियान ने उन्हें अब एक नई आस दी है।

माओवादी की विचारधारा में भटके नक्सलियों को उनके घर वाले भी वापस लाना चाहते थे हम सभी नक्सली भाई-बहनों से अपील करते हैं कि अब समय माड़ को वापस उसके मूलवासियों सौंप देने का है, जहां वे निर्भीक रूप से सामान्य जीवन व्यतीत कर सके। समर्पण के दौरान आत्मसमर्पण करने पर प्रोत्साहन राशि 25 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। वहीं उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाएं दिलाया जायेगा। इस अवसर पर डीएफ, बीएसएफ व आईटीबीपी के अधिकारी भी मौजूद थे।

### 27 हजार रुपए की ...

केवरी निवासी चंदन सिंह गांव में फ्लाई एस ईंट प्लांट की स्थापना की जा रही है और प्लांट की स्थापना हेतु ट्रांसफार्मर लगाने के लिए लखनपुर स्थित सहायक अभियंता कार्यालय में आवेदन दिया गया था। दस्तावेज पूर्ण होने के बाद भी सहायक अभियंता सचिन भगत द्वारा ग्रामीण को बार बार दौड़ाया जा रहा था और अंत में उससे 40 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर रिश्वत मांगने की शिकयत चन्दन सिंह द्वारा 16 जनवरी को एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में की गई थी। ग्रामीण के शिकायत की एसीबी द्वारा जांच की गई। इस बीच ग्रामीण चन्दन सिंह और सहायक अभियंता के बीच मोलभाव कर 27 हजार रुपए में सौदा तय किया गया। सौदा तय होने के बाद सचिन भगत ने रिश्वत की रकम लेने के लिए ग्रामीण को अंबिकापुर स्थित डिवीजन कार्यालय बुलाया गया था।

### खिलौने वाले रिमोट...

डाउनलोड किया। दोनों की सारी बातें इसी से सुना करता था। प्लान तैयार कर मंगलवार की रात बिल्डर संजय बुंदेला के ऑफिस के बाहर खड़ी उसकी कार सीजी 07 एवी 9990 में बम रखकर विस्फोट कर फरार हो गया था।

घटना की शिकायत जवाहर नगर निवासी संजय बुंदेला ने पुलिस को दी थी। कौशल बिल्डकॉन का ऑफिस इंदू आईटी स्कूल के पास ही है। कार्रवाई में डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक, सुपेला प्रभारी राजेश मिश्रा, चौकी प्रभारी गुरविंदर संधु की टीम का अहम रोल था।

## यूएपीए मामला : राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राजौरी जिले में सक्रिय आतंकवादियों के 25 ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बड़े पैमाने पर की गई तलाशी के दौरान अभियोजन योग्य सामग्री और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद तथा जब्त किए गए हैं।

## 1954 से अब तक हो चुके हैं 5 बड़े हादसे

**कुंभ में बार-बार भगदड़**

# भीड़ प्रबंधन में थोड़ी सी चूक बड़ी त्रासदी का कारण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हर 12 साल में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले में लाखों श्रद्धालु पुण्य स्नान के लिए आते हैं, लेकिन इतिहास गवाह है कि भीड़ प्रबंधन में थोड़ी सी चूक बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। 1954 से लेकर 2025 तक, कई बार कुंभ मेले में भगदड़ मची और हजारों श्रद्धालु अपनी जान गंवा बैठे। बुधवार (29 जनवरी) को प्रयागराज में मौनी अमावस्या के स्नान के दौरान भारी भीड़ के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बनी, जिसमें कई लोग घायल हो गए। आइए जानते हैं, महाकुंभ के अब तक के सबसे बड़े हादसों के बारे में।

### 1954: आजादी के बाद का पहला कुंभ और भीषण त्रासदी

3 फरवरी 1954 को प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या स्नान के समय भगदड़ मच गई। यह घटना तब हुई जब अचानक कुछ अफवाहें फैलीं, जिससे श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई।

भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोग एक-दूसरे को कुचलते चले गए। इस त्रासदी में लगभग 800 लोगों की जान चली गई, जबकि हजारों श्रद्धालु घायल हुए। यह भारत के इतिहास की सबसे भीषण भगदड़ में से एक थी। इस हादसे के बाद कुंभ मेले में भीड़ नियंत्रण के लिए कई कड़े नियम लागू किए गए, लेकिन हादसों का सिलसिला जारी रहा।

### 1986: हरिद्वार कुंभ में वीआईपी मूवमेंट बना हादसे की वजह

1986 के हरिद्वार महाकुंभ के दौरान एक और बड़ी भगदड़ हुई, जिसमें करीब 200 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह और कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री संगम स्नान के लिए पहुंचे। सुरक्षा बलों ने आम श्रद्धालुओं को किनारे से दूर कर दिया, जिससे गुस्साई भीड़ बेकाबू हो गई। लोगों ने जबरन बैरिकेड तोड़ दिए और अफरा-तफरी में बड़ी संख्या में लोग कुचले गए।

### 2003: नासिक कुंभ में गोदावरी नदी किनारे मची भगदड़

2003 में महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित महाकुंभ के दौरान 27 अगस्त को एक बड़ा हादसा हुआ। गोदावरी नदी में स्नान के लिए उमड़ी लाखों की भीड़ अचानक बेकाबू हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। इस घटना में 39 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। विशेषज्ञों के मुताबिक, भीड़ को काबू करने में नाकामी और संकीर्ण रास्तों की वजह से यह हादसा हुआ था।

### 2013: प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर मची अफरा-तफरी

10 फरवरी 2013 को प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी। भीड़ इतनी अधिक थी कि स्टेशन पर बने एक फुटब्रिज पर अचानक भगदड़ मच गई। इस हादसे में 42 लोगों की मौत हो गई और 45 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब महाकुंभ स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्टेशन पहुंचे।

### 2025: प्रयागराज में फिर मची भगदड़

29 जनवरी 2025 को प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति बनी। मौनी अमावस्या स्नान के दिन संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे बैरिकेड टूट गए और अफरा-तफरी मच गई। कई लोगों की मौत हो गई व अनेकों लोगों के घायल होने की खबर है।

---

**छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर**
**ब्लॉक-बी, सेक्टर-24, नवा रायपुर, अटल नगर Tele fax-2432151, 2432531**
**website-tbc.cg.nic.in, Email-cgtbcraipur@gmail.com**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक-02 / कागज / / 2025 — रायपुर, दिनांक 27.01.2025

**GENERAL CAVEAT**

The Caveator, Chhattisgarh Pathya Pustak Nigam Through its Managing Director Having its office at office Complex, Block "B", Sector-24, Nava Raipur, Atal Nagar, Chhattisgarh has issued a Notice Inviting Tender for Supply 220 GSM MG Cover Paper Conforming to BIS Specification IS 6956: 2001 (Reaffirmed 2017) with one side glazed (shine) and latest amendments in Sheet size 61 cm x 86.5 cm. bearing Notice Inviting Tender Number GEM/2025/B/5808465_dated 12.01.2025.

The Caveator apprehends that any person from public at large aggrieved by the said Notice Inviting Tender of the Caveater may file a Writ Petition under Article 226 or a public interest litigation or any case under the Constitution of India For Issuance of Appropriate Writ/Writs, Directions Etc., In the Nature of Mandamus, Certiorari And/or Any other Suitable Writ Of Like Nature before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh at Bilaspur and may also pray for the stay of Notice Inviting Tender of the Caveater as such. That the Caveator Chhattisgarh Pathya Pustak Nigam Through its Managing Director Having its office at Office Complex, Block "B", Sector-24, Nava Raipur, Atal Nagar, Chhattisgarh, has given instructions to Shri ARJIT TIWARI, ADVOCATE practicing in the High Court to appear and oppose for and on behalf of the caveator against any interim application by placing the material before the Hon'ble High Court on behalf of caveator.

**ARJIT TIWARI**
**ADVOCATE, C.G. HIGH COURT**

S-42933/1

---

**Govt. of Bihar**

**Bihar Forestry Development Corporation Limited, Patna.**
**K/6, Officers Flat, New Punaichak, Patna-800023.**
Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com.
**SHORT NOTICE INVITING E-AUCTION**
**(Through e-procurement mode only over (https://eproc2.bihar.gov.in)**
**Tender Notice No.05/BFDCL/e-Proc/2025-26**

E-Tendering/E-Procurement is being introduced from last few years in 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' for making the tendering/process of Kendu Leaves lots sale of 2025 collection season more efficient and transparent.

**Agencies/contractors interested in the advance purchase of Kendu leaves lots of 2025 Kendu leaves collection season from 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' are required to get themselves registered with Bihar Govt. centralized E-Procurement portal** https://eproc2.bihar.gov.in/

**Tender Schedule/Programme:**

| Sl. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Organization | **'Bihar Forestry Development Corporation Limited' Patna.** |
| 2 | Name of the Assignment | Selection of Contractors for operation of Kendu Leaves Lots-24 Advance Sale. |
| 3 | Tender Processing Fee/Cost(Non - Refundable) | INR 590/3540/5900(Including of GST) payable online through e-payment mode i.e. NEFT/RTGS/Credit/ Debit Card on **(https://eproc2.bihar.gov.in )** Up to 70 Lacs-INR 590.00, As per **eproc2.** |
| 4 | Tender Fee/Cost(Non -Refundable) | **Rs. 10,000.00** (inclusive of GST @18%) to be paid through (RTGS/NEFT) In Divisinol Manager, Bihar Forestry Development Corporation Ltd, Patna Divison, Patna के इंडियन बैंक(इलाहाबाद बैंक), पाटलिपुत्र कोलनी, पटना के Account no-50452834949, IFSC Code No–IDIB000P613. |
| 5 | Date of issue of NIT | 29-01-2025 |
| 6 | Date of uploading of tender document | 06-02-2025 |
| 7 | Date of Submission of Technical bid & Financial Bid. | 07-02-2025 to 16-02-2025 (Time-6:00PM) |
| 8 | Date and Time of Opening of Technical Bid. | 17-02-2025 (Time-11:00AM) |
| 9 | Date and Time of Opening of Financial Bid. | 18-02-2025 (Time-11:00AM) |
| 10 | Uploading of names of successful bidders for Participating in E-Auction | 20-02-2025 |
| 11 | Incremental Value will be | **I. Upto 05 Lacs of Base Price incremental Value will be 2%** **II. Above 05 Lacs of Base Price incremental Value will be 1%** |
| 12 | Date and Time of E-Auction | 21-02-2025 to 25-02-2025 |
| 13 | Up Loading of Final Result | 28-02-2025 |
| 14 | Contact person for queries | Administrative Officer Bihar Forestry Development Corporation Limited Patna. Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com. |
| 15 | Addressee and address at which Hard Copy of proposal in response to RFP notice is to be submitted. | Administrative Officer Bihar Forestry Development Corporation Limited Patna. Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com. |

- For support related to e-tendering process, bidders may contact at following address "e-Procurement HELP DESK - **eProc 2.0 Help Desk Address: mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. - Shastri Nagar, Patna 800 014, Bihar, (Toll Free Number: 1800 572 6571. Email Id: eproc2support@bihar.gov.in Working Hours: 8AM to 7PM (All days in week except few selected state holidays)** or may visit the link "Vendor Info" at **(**https://eproc2.bihar.gov.in/**)**.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Divisional Manager**
**Bihar Forestry Development Corporation Limited**

PR. No.18382 (B & C) 2024-25

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

---

## गुमशुदा



**विट्ठल वैरागडे**

मैं विट्ठल वैरागडे पिता स्व. गंगारा वैरागडे उम्र 78 वर्ष पता हीरापुर कालोनी CH-107 थाना कबीर नगर रायपुर, हुलिया- उचाई 4½" चेहरा गोल, बाल सफेद, रंग गेहुआ, क्रीम कलर के शर्ट, चाकलेटी कलर का पैट, गले में काला धागा, भाषा हिन्दी, मराठी बोलते है। जिनस समर्थ को गुम इंसान बिना बतोये घर से कही निकल गया है। जिसे आस पास, रिस्तेदारों, आदि मे पता किया कि कही पता नही चलने पर थाना आमानाका में गुम दर्ज किया गया है। जिस किसी भी सज्जन को दिखे या मिलें तो कृपया निम्न पते पर सूचित करे।

**अभिनव - 7354411259**
**उज्वाल - 9827183103**

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती शामबाई पति श्री पोषण लाल साहू निवासी गड़रिया पारा सिलतरा जिला-रायपुर (छ.ग.) यह सूचित करती हूं कि मेरे पुत्र तुषार देव साहू का आधार कार्ड क्र. 617019579538, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र में नाम तुषार देव साहू अंकित है। अतः मैं अपने पुत्र जो कि पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय लोहरसी (धमतरी) में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत है, उसके शैक्षणिक दस्तावेज में उसका नाम तुषार देव साहू दर्ज कराना चाहती हूं। इस हेतु यह ईश्तहार जारी है। जिस किसी भी को कोई आपत्ति हो तो सूचित करें।

दिनांक : 29/01/2025

**भवदीय**
**श्रीमती शामबाई**
**पति श्री पोषण लाल साहू**
**निवासी गड़रिया पारा सिलतरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

---

**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Chaibasa**
**eercdchaibasa-jhr@nic.in**

**Very Short E-Procurement Notice**

**E-tender Reference No. : RCD/CHAIBASA/2024-25/17 (5th Call)**
**Date : 29.01.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Selection of Bidder for collection of user fee through fee collecting agency on the basis of the competitive bidding through on E-Tender Basis only at Km. 13+400 at Sanagajata Toll Plaza for the section from Km. 0.00 to Km. 47.86 (Chaibasa-Kandra Section) of State Highways No. 5 in the state of Jharkhand. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs 12,43,50,000.00 (Twelve Crore Forty Three Lacs Fifty Thousand) Only. Per annum |
| 3. | Time of Completion | 02 (Two) Years |
| 4. | Date of Publication of Tender On Website | 30.01.2025 at 11.30 AM |
| 5. | Last date/Time for receipt of bids. | 06.02.2025 Up to 3.00 P.M. |
| 6. | Date of Opening of Bid | 07.02.2025 at 03:30 P.M. |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division, Chaibasa |
| 8. | Contact no. of Procurement Officer | 7781899686 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3510880 |

* Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in

**Executive Engineer**
**RCD, Road Division,**
**Chaibasa.**

PR 345352 West Singhbhum(24-25)#D

---

## राशिफल

**मेष:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष:** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क:** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर:** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

---

## शब्द पहेली - 5763

**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5762 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

---

## सूडोकु नवताल - 5773

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5772 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### नहाने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत

**धमतरी।** गांव के तालाब में नहाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कंडेल निवासी खुमेश निर्मलकर उम्र 20 वर्ष प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी गांव के तालाब में नहाने के लिए गया था। युवक साबुन लगाकर तालाब में उतरा तो फिर बाहर ही नहीं निकला। युवक को पानी से बाहर नहीं निकलता देख पास में नहा रहे एक अन्य ग्रामीण ने उसकी आसपास तलाश की, लेकिन खुमेश का कहीं पता नहीं चला। उसके बाद युवक को पानी में तलाश करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान उसका पैर युवक से टकरा गया। दो तीन ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर युवक को बाहर निकाला। युवक की मौत हो चुकी थी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** कोड़कुर्से थाना क्षेत्र में नाबालिग को बहला फुसला कर अपहरण कर ले जाने के बाद शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उसके बाद पुलिस ने न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार कोड़कुर्से थाने में शिकायत मिलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एएसपी संदीप पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी उप निरीक्षक केजूराम रावत के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। मुखबिर एवं तकनीकी मदद से अपहत बालिका का हैदराबाद में होने की जानकारी मिलने पर अपहता की पतासाजी कर अपहत नाबालिग बालिका को आरोपी बालोद जिला के रनचिरई थानांतर्गत ग्राम रजौली निवासी 21 वर्षीय लोकेश कुमार यादव पिता लवकुश यादव के पास से दस्तयाब किया गया।

नक्सलमुक्त करने तर्रेम से पामेड़ के बीच दर्जन भर से अधिक नए पुलिस कैम्प खोले गए, कई कम्पनी तैनात

# 4 दशक में दर्जनों मुठभेड़, 60 से अधिक जवान शहीद
# तर्रेम-पामेड़ मार्ग नक्सलियों के चगुंल से हुआ मुक्त

राजेश दास ⏭ जगदलपुर




अलग खबर

बीजापुर व सुकमा जिले की यह सड़क तेलगांना बार्डर से लगा हुआ है दशकों तक यहां नक्सलियों का एकछत्र राज हुआ करता था, लेकिन अब क्षेत्र कि स्थिति यहां की फिजा में बदलाव देखने को मिल रहा है। हम बात कर रहे है बीजापुर जिले के तर्रेम से होते हुए तेलगांना के करीब पामेड़ तक के मार्ग की जिसका निर्माण बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन द्वारा किया जा रहा है। इस मार्ग के निर्माण के लिए सुरक्षाबलों की कई कम्पनियों को तैनाती करते हुए आधा दर्जन से अधिक नए पुलिस कैम्प खोले गए। इलाके से नक्सलियों को खदेड़ने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया। इलाके के लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना राज्य के चेरला होकर पामेड़ जाना पड़ता था। इसके लिए लोगों को 210 किलोमीटर की दूरी तय करके बीजापुर से पामेड़ तक पहुंचते थे लेकिन इस मार्ग के निर्माण से यह दूसरी अब लगभग 120 किमी रह जाएगी तथा 100 किमी की अतिरिक्त दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। नक्सलियों के मांद कहे जाने वाले कोरागुट्टा में फोर्स का डेरा लगते ही 40 सालों से बंद पड़े बीजापुर से तर्रेम होकर पामेड़ जाने वाले रास्ते को फिर से बहाल करा दिया गया है। फिलहाल इस मार्ग पर सड़क व पुल-पुलिया निर्माण का काम चल रहा है। इस मार्ग के खुल जाने से अब लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना होकर जाने की बाध्यता खत्म हो जाएगी और सौ किलोमीटर का फासला भी बच जाएगा। लगभग चार दशक बाद यह सड़क नक्सलियों के चंगुल से आजाद हुई है। पिछले चार दशक की बात करें तो तर्रेम से पामेड़ तक के मार्ग में सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए नक्सलियों ने कई हमले किए जिसमें इन वर्षो में 60 से अधिक जवानों की शहादत देनी पड़ चुकी है।

- जिला मुख्यालय बीजापुर से पामेड़ की दूरी लगभग 150 किमी

### पीएलजीए बटालियन नम्बर एक का कोर इलाका



यह पूरा इलाका नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर एक का कोर क्षेत्र कहलाता है। बीजापुर से तर्रेम, कोंडापल्ली होकर पामेड़ जाने वाले इस रास्ते पर पिछले चार दशक से आवागमन बाधित था। इलाके के लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना राज्य के चेरला होकर पामेड़ जाना पड़ता था। क्षेत्र के लोग 210 किलोमीटर की दूरी तय करके बीजापुर से पामेड़ पहुंचते थे। प्रदेश के आखिरी छोर पर बसा पामेड़ जहां इससे पूर्व तक जवानों से लेकर राशन तक हवाई मार्ग से पहुंचता था। कारण नक्सलियों की सबसे ताकतवर बटालियन 01 का था गढ़ माना जाता रहा है यहां नक्सल मिलिट्री चीफ हिड़मा व देवा का एकछत्र राज चला करता था।

### पूरे इलाके को नक्सलियों से मुक्त कर लोगों को राहत देने प्रयास जारी

तर्रेम से पामेड़ तक का इलाका नक्सलियों का आधार क्षेत्र माना जाता रहा है लेकिन वर्तमान में स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। सड़क व पुलों के निर्माण के साथ ही इलाके के प्रमुख बासागुड़ा, आवापल्ली, उसूर, तर्रेम, सिलगेर व पामेड़ के लोगों को सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं देते हुए नक्सलियों को खदेड़ा जा रहा है। जल्द ही इस मार्ग से आवागमन बहाल हो जाएगा और लोगों को तेलगांना होकर आना जाना नहीं पड़ेगा इसके लिए पुलिस व प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है।

**- सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर

## डीन ने सुरक्षाकर्मी को जड़ा थप्पड़, सुरक्षा कर्मियों ने काम बंद कर किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मेडिकल कॉलेज में मंगलवार की रात कैजुअल्टी में काफी भीड़ जुटी हुई थी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.केके सहारे वहां पहुंचे और इतनी भीड़ क्यों है कहकर सुरक्षाकर्मी दिलीप कुमार को थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना के बाद सभी सुरक्षा कर्मियों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सुरक्षा कर्मियों की मांग है कि डीन सार्वजनिक रूप से उससे माफी मांगे नहीं तो वह काम पर नहीं जाएंगे और इसकी शिकायत पुलिस से करेंगे। जिसकी वजह से बुधवार की सुबह तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में माहौल गरमाया रहा। आखिरकार प्रशासन की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

उल्लेखनीय है कि पीड़ित सुरक्षा कर्मी दिलीप कुमार जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बतौर सुरक्षा कर्मी ड्यू टी में तैनात है। मंगलवार की रात भी हमेशा की तरह दिलीप अस्पताल में ड्यू टी कर रहा था। इस दौरान कैजुअल्टी में सेवा दे रहे डॉ.गुनेश्वर सिंह कंवर कथित तौर पर नशे की हालत में थे और मरीजों का इलाज नहीं कर रहे थे। यही कारण है कि अस्पताल कैजुअल्टी में मरीजों व उनके परिजनों की भीड़ लग गई थी। कैजुअल्टी में भीड़ जमा होने की वजह से पुलिस को भी बुलाना पड़ा था। इसकी सूचना मिलने पर कॉलेज के डीन डॉ.केके सहारे अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को लेकर नाराज होकर सुरक्षा कर्मी दिलीप कुमार को थप्पड़ मार दिया। बिना किसी कारण व गलती के सुरक्षा कर्मी दिलीप कुमार को सबके सामने थप्पड़ मार देने से साथी सुरक्षा कर्मियों में आक्रोश व्याप्त हो गया और इस घटना के विरोध में सुरक्षा कर्मियों ने कामबंद कर मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### रिपोर्ट का इंतजार

सिर्फ लापरवाही पर डांट-फटकार लगाई थी। ड्यूटी डॉक्टर की मेडिकल जांच कराई गई है, जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है। बाद में प्रशासन की मध्यस्थता से मामला शांत हुआ और सुरक्षा कर्मी काम पर लौट गए।

**- डॉ.केके सहारे,** डीन, मेडिकल कॉलेज

## बाइक चोरी करने वाले अंतर जिला चोर गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



ग्राम हसुवा में मोटरसाइकिल से चोरी की बैटरी बेचने की फिराक में घुमते हुए 2 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जहां क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक बड़े अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के संबंध में पता चला। गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड दर्ज है। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा धारा 317(2), 303(2), 3(5) बीएनएस एवं 35(1)(5) बीएनएसएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर इस चोर गिरोह के 4 अपचारी बालकों सहित कुल 9 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों द्वारा जिला जांजगीर–चांपा, बिलासपुर, रायपुर एवं कोरबा में भी सिलसिलेवार वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया।

## हाईकोर्ट ने पूछा- इतनी ट्रेनें रद्द क्यों, यात्रियों की परेशानी कब दूर होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए रेलवे से पूछा है कि इतनी ट्रेन रद्द क्यों करते हो। यात्री सुविधा को लेकर लगी इस जनहित याचिका में रेलवे की ओर से डीआरएम ने शपथ पत्र भी पेश किया। इसमें कहा गया कि ट्रैक के अपग्रेडेशन का कार्य चल रहा है। अगले एक साल में अपग्रेडेशन का यह काम पूरा हो जाएगा। उसके बाद फिर ट्रेन रद्द होने की संभावना कम हो जाएगी। हाईकोर्ट में बिलासपुर रेलवे स्टेशन में आने वाले यात्रियों को होने वाली असुविधा और बदहाल सड़क को लेकर बुधवार को सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने रेलवे से पूछा इतनी ट्रेन रद्द क्यों करते हैं आप लोग..? जिस पर अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने रेलवे का पक्ष रखा। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यात्री ट्रेन की प्लेटफार्म नंबर एक में मालगाड़ियों के खड़े रहने और बुजुर्ग महिलाओं और बच्चों की परेशानी के बारे पूछा। इस पर अधिवक्ता ने कहा कि पैसेंजर ट्रेन मौजूद नहीं रहती है, तब मालगाड़ियां आती है। बाकी समय में ऐसा नहीं किया जाता। वहीं कोर्ट के पूर्व आदेश के परिपालन में बिलासपुर डीआरएम ने शपथपत्र में जवाब दाखिल कर जानकारी दी।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

तत्काल आवश्यकता है- बंगलो एवं ऑफिस में कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10 वर्ष उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें:- 9109222000. (RO-3257)

**पैकेजिंग/डिलिवरी कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य , माल पैकेजिंग एवं डिलवरी कार्य हेतु जो ई-रिक्शा चला सके 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें: डुको आर्ट प्रा. लि. शादीजा कंपाउंड एल आई जी-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(RO-om)

हरिभूमि

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- स्कूल बस एवं मैजिक चलाने हेतु (बैच वाले) अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता। पता: केंट इंटरनेशनल स्कूल, अमलेश्वर रोड, ग्राम-झीट, खुड़मुड़ी रोड, सुबह 10 से 2 बजे तक सम्पर्क करें - 7880111062 पर बायोडाटा वाट्सएप करें। (RO-6967)

आवश्यकता है- किस्टा/डिजायर टैक्सी चलाने के लिए ड्रायवर की आवश्यकता है जिसको बाहर रहने में कोई तकलीफ ना हो वही कॉल करें अमलीडीह रायुपर 7470308181, 7697800066. (RO-7444)

आवश्यकता है- ड्रायवर की आवश्यकता है। वेतन:- 12,000/- समय 12 घंटे सुबह 10:00 बजे से रात 10:00 बजे तक पता:- बी.फिट फिटनेस सेंटर के आर.सी टॉवर महादेव घाट रोड रायपुरा मों. :- 7415540290, 7828888438. (RO-6201)

आवश्यकता है- समीर ट्रेवल्स दुर्ग में कंपनी में टैक्सी चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवरों की तत्काल आवश्यकता है संपर्क करें:- मो. 7224062041, 9301744445.(आरो न.-669)

**सफाई कार्य**

आवश्यकता है- ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड सराफा बाजार दुर्ग में साफ सफाई हेतु बाई की ,कार्य समय 9:30 से 8:30, मिले-शाम 4 से 5 ,ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग (आरो न.-1898)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।(RO-444)

आवश्यकता है- थोक दुकान में परमानेंट कार्य हेतु दुकान-दुकान सप्लाई हेतु लड़को की आवश्यकता है योग्यता 8+ उम्र 16 से 25 वर्ष। ट्रेनिंग + रहना + खाना फ्री। ट्रेनिंग बाद 7000 से 20,000 संपर्क:- उतई दुर्ग मो.97544.09440, 99930-31494. (आरो न.-660)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811.(RO-7443)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- अग्रसेन आईटी आई हेतु computer operater - 1 पद (हिंदी/इंग्लिश टाइपिंग अनिवार्य), प्रशिक्षण अधिकारी, ट्रेड इलेक्ट्रीशियन योग्यता B.E./Diploma/ITI pass की आवश्यकता है। आवेदन मेल करे : agraseniti@gmail.com(आरो न.-7158)

**हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है- भिलाई कार एसी वर्कशॉप में कार की एसी रिपेयरिंग हेतु हेल्परो की अवसक्ता है पता - पॉलिटेनिक कॉलेज के सामने दुर्ग मोबाइल नंबर - 9098026110. (आरो न.-667)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता, 10 वी, 12 वी, स्वयं की बाईक अनिवार्य संपर्क करे:- रामा मेडिटेक, गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर- 15/A, रायपुर, 7089933233. (RO-901)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3253)

**टीचर**

आवश्यकता है- अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा दुर्ग एवं कोहका भिलाई में सभी विषय हेतु बीएसपी/शासकीय स्कूलों के रिटायर्ड शिक्षकों की आवश्यकता है। आवेदन मेल करे : aisbhilai@gmail.com (आरो न.-7157)

**ऑपरेटर/सेल्समैन**

आवश्यकता है- कार्य करने योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें कंप्यूटर ऑपरेटर ,सेल्समैन ,सेल्स गर्ल्स, टेलर वेतन योग्यतानुसार संपर्क जनता फर्निशिंग होलसेल क्लॉथ मार्केट पुलगांव चौक दुर्ग (आरो न.-1897)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 7450945537, 8335088415. (RO-818)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004.(RO-3026)

आवश्यकता है-आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9034410425.. (RO-661)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें:- 8240426971, 9163849676. (RO-755)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- डुप्लेक्स मकान बेचना है साई नगर वेलफेयर सोसायटी धमतरी रोड अभनपुर में डुप्लेक्स बेचना है संपर्क करें-9407455263, 7089313050.(RO-134)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





## स्कूल का बहिष्कार, बच्चों को 15 दिन से नहीं भेज रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



प्राथमिक शाला डोंगरी पारा खुडियाड़ीह में नए शिक्षक की मांग को लेकर ग्रामीणों ने स्कूल का बहिष्कार कर दिया है। स्कूल प्रतिदिन खुलता तो जरूर है, मगर वहां बच्चे नहीं आते और यहां पर पदस्थ दो शिक्षक दिनभर बैठकर वापस आ जाते हैं। यहां तक की पालक पांचवी कक्षा के प्री टेस्ट में भी बच्चों को नहीं भेजें। विगत 15 जनवरी से से बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं और स्कूल सुना है। इस पर प्रधानपाठक सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने बैठक कर पालकों को समझने का प्रयास किया, किंतु पालक शिक्षकों के हटाने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक रोहित साहू के पास पहुंचकर शिक्षक हटाने की मांग की। ग्रामीण चन्द्रहास सेन, भीखम नेताम सहित ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों की शिक्षा से संपर्क बने रहे, इसलिए गांव के रंगमंच में ही एक शिक्षक की नियुक्ति कर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है एवं प्रत्येक बच्चों से 100 लेकर शिक्षक को भुगतान किया जाएगा, किंतु शासकीय स्कूल में बच्चों को नहीं भेजेंगे।

- शिक्षकों पर पढ़ाई नहीं कराने का लगा रहे आरोप दोनों शिक्षकों को हटाने की मांग पर अड़े

### आचार संहिता चल रही है

ग्रामीणों की शिकायत पर उच्च अधिकारियों से चर्चा कर संकुल समन्वयक से हटाया गया है एवं दो शिक्षक नियमित रूप से स्कूल जा रहे हैं, किंतु ग्रामीण दोनों शिक्षकों के हटाने की मांग कर रहे हैं, जो आचार संहिता में संभव नहीं है एवं पूरे प्रकरण की जानकारी उच्च अधिकारी को दी चुकी है।

**केएल मतवाले**
शिक्षा अधिकारी, विकासखंड छुरा

### दोनों शिक्षक बच्चों को नहीं पढ़ाते : ग्रामीण

इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक शाला स्कूल में लगभग 34 बच्चे का अध्ययनरत है। दो शिक्षक पदस्थ है, जिसमें से प्रधानपाठक और एक संकुल समन्वयक है और दोनों अपने कार्यों में व्यस्त होने की वजह से दोनों शिक्षकीय कार्य में ध्यान नहीं होते देते, जिससे बच्चों का शिक्षा का स्तर गिर रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए पालकों ने स्कूल बहिष्कार का निर्णय लिया। ग्रामीण चन्द्रहास सेन एवं भीखम नेताम ने कहा कि इस संबंध में शिक्षकों को लगातार कहा गया है कि आप लोग बच्चों को पढ़ाने में समय नहीं देते, उन्हें समय प्रदान करें, तब शिक्षकों ने कहा था कि वह अपने शासकीय कार्यों की वजह से बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे हैं। तब ग्रामीणों ने संकुल समन्वयक को हटाने एवं यहां पर प्रधानपाठक को लाने की मांग को लेकर स्कूल का बहिष्कार किया है।

## दिनदहाड़े बैंक के रिकवरी एजेंट से लूट, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एक निजी बैंक के रिकवरी एजेंट से दिनदहाड़े कुछ युवकों द्वारा लूटपाट की वारदात को अंजाम देकर उससे नगदी, लैपटॉप, मोटर सायकल, मोबाइल सहित अन्य सामानों को लूटकर फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने वारदात के चंद घंटे बाद ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित बंधन बैंक का रिकवरी एजेंट संजय यादव 28 जनवरी को फील्ड में कलेक्शन कर वापस लौट रहा था तभी ग्राम आछीदादर नानबांका की कच्ची सड़क व निर्माणाधीन रेलवे लाइन के पास 5 युवकों ने उसे रोक लिया।चाकू की नोक पर संजय को धमकाकर उससे 42 हजार 290 रुपए नकद, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल व टेबलेट को लूट कर घटनास्थल से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कटघोरा धर्मनारायण तिवारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान कर टीम के साथ घेराबंदी की और लूट के आरोपी जमनीमुड़ा थाना पाली निवासी राजपाल चौहान उम्र 21 वर्ष पिता पीताम्बर चौहान, पखनापारा लिटियाखार दीपका निवासी आशीष चौहान उम्र 21 वर्ष पिता स्व. रघुवर सिंह, सूरज चौहान उम्र 30 वर्ष पिता विश्राम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और दो आरोपी फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 42 हजार 290 रुपए नगद, मोबाइल फोन, टेबलेट, मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है।



# कबीर सिंह से अलग है 'देवा' का किरदार...

**मुंबई।** शाहिद कपूर इन दिनों अपनी फिल्म देवा को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। देवा 31 जनवरी को रिलीज हो रही है। इसी बीच शाहिद ने अपनी एक्शन फिल्म कबीर सिंह और देवा के बारे में डिफ्रेंस बताया है। सोशल मीडिया पर देवा की तुलना संदीप वांगा रेड्डी की कबीर सिंह से की जा रही है। फिल्म को लेकर आगे शाहिद ने कहा, 'एक अभिनेता के तौर पर, मैं अपने काम को अपने तक ही सीमित रखता हूं। मैं चाहता हूं कि हर कोई इसे महसूस करे। मैं बस थोड़ा सा फिलर जोड़ रहा हूं। मुझे वह भूमिका निभाना दिलचस्प लगा। मैंने हमेशा अपनी फिल्मोग्राफी के लिए चुनौतीपूर्ण फिल्मों का सेलेक्शन किया है।'

लाइफ Style



# सान्या

## नौकरी छोड़ने की उम्मीद महिला से क्यों?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अपनी आगामी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में हैं। कई फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित हो चुकी और तारीफ बटोर चुकी फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में सान्या एक प्रतिभाशाली डांसर की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी शादी के बाद एक नाटकीय मोड़ लेती है।

हाल ही में अभिनेत्री अपनी इस फिल्म के बहाने समाज में महिलाओं से की जाने वाली उम्मीदों और भेदभाव पर बात करती दिखीं। फिल्म 'मिसेज' में सान्या मल्होत्रा एक हाउस वाइफ के रोल में हैं, जो प्रतिभाशाली डांसर है। एक पुरुष प्रधान घर में शादी के बाद उसकी जिंदगी में बड़े बदलाव आते हैं। फिल्म समाज में महिला और पुरुषों के बीच मौजूद भेदभाव को दिखाती है। आरती कडव के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिसेज' के बहाने सान्या मल्होत्रा ने समाज में महिलाओं से की जाने वाली गैर-जरूरी उम्मीदों पर बात की। सान्या ने समाज के रवैये पर बात की, जिसमें शादी और बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं को नौकरी छोड़ देने के लिए कहा जाता है। सान्या मल्होत्रा ने कहा, 'समाज में महिलाओं से बहुत सारी अपेक्षाएं हैं। आजकल यह बहुत स्वाभाविक है कि महिला से उम्मीद की जाती है कि वह बच्चे को जन्म देने के बाद नौकरी छोड़ दे। लेकिन बच्चा दोनों का है, है न? यह पति और पत्नी दोनों की जिम्मेदारी है। ऐसे में हमें परिवार में एक बेहतर तालमेल की जरूरत है। हमारे किरदार शायद ऐसा करने में सक्षम न हों, लेकिन इसके कई उदाहरण हैं। लोगों को उससे सीखना चाहिए'।

हॉलीवुड मसाला





# एमिलिया से जुड़ी हैं कंट्रोवर्सी...

**लॉस एंजिल्स।** 'एमिलिया पेरेज'जरूर कई अवॉर्ड फंक्शन में सराही जा रही है, लेकिन इसके साथ कुछ कंट्रोवर्सी भी जुड़ी हैं। जैसे कहा जा रहा है कि इसकी कहानी मैक्सिकन बैकड्रॉप पर है पर इसमें मैक्सिकन कलाकारों की भागीदारी कम है। फिल्म के डायरेक्टर जैक्स ऑडियार्ड खुद एक फ्रेंच हैं। फिल्म को पेरिस में शूट किया गया है। फिल्म की एक ही एक्ट्रेस पाज सिर्फ मैक्सिको में पैदा हुई हैं। सेलेना गोमेज जरूर मैक्सिकन मूल की हैं, लेकिन उनकी स्पेनिश लैंग्वेज पर पकड़ बहुत कमजोर है, जिससे दर्शक नाराज हैं।



# 'हम ये दो हफ्ते नहीं भूलेंगे'

**मुंबई।** ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले ने अहमदाबाद में 'म्यूजिक ऑफ द स्फेयर्स वर्ल्ड टूर' के भाग के रूप में अपना अंतिम संगीत कार्यक्रम आयोजित किया, जिसके बाद उन्होंने अपने फैंस के सपोर्ट और प्यार के लिए एक भावुकता भरा संदेश दिया, जिसमें वो अपने पिछले दो सप्ताह के लिए फैंस का शुक्रिया अदा कर रहे हैं। कोल्डप्ले बैंड ने अपने अहमदाबाद शो के बाद एक्स पर लिखा कि 'धन्यवाद अहमदाबाद, धन्यवाद भारत। हम इन दो हफ्तों को कभी नहीं भूलेंगे। आपका प्यार और दयालुता हमेशा हमारे साथ रहेगी।" इस भावुक संदेश को लिख इस बैंड ने भारत को अलविदा कहा। इससे पहले क्रिस मार्टिन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'मां तुझे सलाम' गाकर भारतीयों को शुभकामनाएं दी थीं।



# 'तेरे इश्क में' के टीजर में दिखीं कृति...


**मुंबई।** आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में'का दूसरा टीजर रिलीज हुआ है। इस फिल्म में एक्टर धनुष के अपोजिट कृति सेनन नजर आएंगी, इस बात से पर्दा उठा गया है। टीजर में कृति सेनन का अंदाज ऑडियंस को काफी पसंद आया है। कृति के कहे डायलॉग, उनका इंटेंस लुक दर्शकों को काफी भा गया। यूट्यूब के कमेंट सेक्शन में एक यूजर लिखता है- 'यह जादू की तरह है। बैकग्राउंड में बजने वाला सोलफुल म्यूजिक इस फिल्म को एक मास्टर पीस बना रहा है। कृति इस कहानी के लिए बिल्कुल सही च्वाइस है।'वहीं एक यूजर ने लिखा- 'कृति की आवाज में दमदार डायलॉग सुनकर रोंगटे खड़े हो गए।' टीजर में कृति की आवाज में एक डायलॉग सुनाई देता है-'तुम मंदिरों में, शिवालयों में पटक लो माथा, 'मुक्ति' मिल ही जाए यह जरूरी तो नहीं।'



# 'द मेहता बॉयज' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बोमन ईरानी की फिल्म 'द मेहता बॉयज'का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह अभिनेता की बतौर निर्देशक पहली फिल्म है। इससे वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। ट्रेलर में बाप-बेटे के उलझे हुए रिश्ते की झलक देखने को मिली। कहानी हल्के-फुल्के पलों के साथ भावनाओं को गहन तरीके प्रस्तुत करती दिखी। यह फिल्म प्राइम वीडियो पर 7 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म के स्टार कास्ट की बात करें तो इसका निर्देशन बोमन ईरानी ने किया है। उन्होंने फिल्म में अहम भूमिका भी अदा की है। फिल्म की कहानी अकादमी पुरस्कार विजेता अलेक्जेंडर दिनलारिस जूनियर ने बोमन ईरानी के साथ लिखा है। श्रेया चौधरी और पूजा सरूप अहम भूमिका अदा करती दिखी हैं। बुधवार को 'द मेहता बॉयज'का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज किया गया।

टीवी मसाला



# अर्शी को लगेगा झटका, बहन झनक से होगी मुलाकात?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में बोस परिवार और पारेख परिवार में ड्रामा जारी है। आनेवाले एपिसोड में आप देखेंगे कि अर्शी और अनिरुद्ध विहान के घर जाने का प्लान कर रहे हैं। अनिरुद्ध जानता है कि वहां पर झनक है इसलिए वो अर्शी को वहां ले जाने से घबरा रहा है, लेकिन अर्शी ने वहां जाने के लिए बहुत उत्साहित है। प्रोमो में देखने को मिला कि वहां जाने से पहले अनिरुद्ध अर्शी से कहेगा कि वहां उसके लिए एक सरप्राइज है। इधर झनक भी विहान से पूछती है कि अनिरुद्ध आ रहा है क्या? इसपर विहान ने कहा कि उसके साथ अर्शी भी आएगी। झनक सुनकर हैरान हो जाएगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या झनक से मिलकर अर्शी को लगेगा झटका। पारेख परिवार में झनक जहां घर की बेटियों के लिए आवाज उठा रही है। तो वहीं, बोस परिवार में घरवालों के बीच अनबन जारी है। झनक विहान की बड़ी भाभी की बेटी (प्रियांशी) को डांस सिखाकर उसे कम्पटीशन में लेकर जाती है। वो अपनी सास से झूठ बोलकर प्रियांशी को स्कूल लेकर जाती है। वहीं, इधर लड़के वाले उसे देखने के लिए घर आ जाते हैं। झनक की सास बार-बार अपनी बड़ी बहू से कहेगी कि प्रियांशी को कमरे से लेकर आए। जब प्रियांशी बहुत देर तक नहीं आती है तो विहान की छोटी भाभी प्रियांशी के कमरे में जाती है। तब उसे पता चलता है कि प्रियांशी कमरे में नहीं है। वो नीचे आकर सबको बताती है कि प्रियांशी घर में नहीं है। ये सुनकर झनक की सास के होश उड़ जाते हैं।

## छवि ने ट्रोलर को दिया करारा जवाब

नई दिल्ली। टीवी अभिनेत्री छवि मित्तल ने सोशल मीडिया पर एक नेटिजन को जमकर फटकार लगाई। ट्रोलर ने उन्हें बाल झड़ने के लिए ट्रोल किया था। दरअसल, साल 2022 में अभिनेत्री को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला,



जिसके ट्रीटमेंट के दौरान उन्हें अपने कुछ बाल खोने पड़े। हाल ही में उन्होंने अपने जिम वर्काउट के दौरान की एक वीडियो शेयर की थी, जिस पर एक यूजर ने उनके बालों को लेकर कमेंट किया। इसके बाद एक्ट्रेस ने उसे सोशल मीडिया पर फटकार लगाई और इसे अपने कैंसर ट्रीटमेंट का साइड इफेक्ट बताया। छवि ने इस घटना को मानवता की मृत्यु कहा। यह घटना कुछ दिन पहले हुई जब छवि ने जिम में वर्कआउट करते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया। अभिनेत्री ने जो स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें ट्रोलर ने कमेंट किया था, 'सर के बाल उड़ गए आपके, ट्रीटमेंट करवाओ।' जिसके बाद छवि ने जिम से अपनी एक और तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'आज मैंने एक बार फिर मानवता की मृत्यु का अनुभव किया। मुझे अपने कैंसर ट्रीटमेंट के कारण बाल झड़ने के लिए ट्रोल किया गया।

# सिनेमाघरों में 31 को रिलीज होगी 'कभी कभी'...

**नई दिल्ली।** नई फिल्मों की रिलीज के साथ-साथ पुरानी फिल्मों को रिलीज किए जाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। बीते वर्ष 90 के दशक की कई फिल्मों को सिनेमाघरों में फिर से दिखाया गया। अब इस साल 70 के दशक की क्लासिक फिल्म 'कभी कभी' रिलीज होने वाली है। अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और राखी जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कभी कभी' को एक बार फिर सिनेमाघरों में देखने का मौका मिलने वाला है। इस फिल्म को फिर से रिलीज किया जा रहा है। 31 जनवरी से फिल्म थिएटर्स में देखी जा सकेगी। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया था। इसमें ऋषि कपूर, वहीदा रहमान और नीतू सिंह जैसे सितारे भी नजर आए। फिल्म 'कभी कभी' मूल रूप से साल 1976 में रिलीज हुई। यह यश चोपड़ा की निर्देशक के रूप में 'दीवार' के बाद दूसरी फिल्म थी। इस फिल्म का म्यूजिक खूब हिट रहा। फिल्म का गाना 'कभी कभी मेरे दिल में' आज भी सुना जाता है। गीतकार साहिर लुधियानवी को इसके लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार का पुरस्कार मिला था। इसके अलावा सिंगर मुकेश को बेस्ट प्लेबैग सिंगर का अवॉर्ड मिला।



# जब लता की जगह सुमन ने गाए मोहम्मद रफी के साथ गाने ...

***नई दिल्ली।** अनोखी आवाज की मालकिन सुमन कल्याणपुर का जन्म 28 जनवरी 1937 को ढाका में हुआ। सुमन को उनकी आवाज में गाए शानदार गानों के लिए जाना जाता है। सुमन का परिवार बाद में मुंबई आ गई। सुमन ने कई सारे बड़े गायकों के साथ गाने गाए। तलक महमूद ने भी उनके साथ गाना गाने की इच्छा जताई थी। एस डी बर्मन के लिए भी गायिका ने कई गाने गाए।*

### मोहम्मद रफी के साथ गाए गाने

कहा जाता है कि लता मंगेशकर की आवाज और सुमन कल्याणपुर की आवाज में कोई अंतर है, इस बारे में फैंस समझ नहीं पाते थे। हालांकि, उन्होंने अपनी अलग पहचान जरूर बनाई। खबरों के मुताबिक जब लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी की लड़ाई हो गई थी, तब सुमन ने ही रफी साथ के साथ कई गाने गाए।



### कुछ निजी जीवन से जुड़ा सब कुछ

सुमन ने बाद में 1958 में रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनकी एक बेटी हुई, चारुल अग्नि, जो अमेरिका में सेटल हो गईं। सुमन के पति रामानंद हर शो में उनके साथ जाया करते थे। कला में उनके योगदान के लिए उन्हें 2023 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें 2009 में लता मंगेशकर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

### सुमन कल्याणपुर के शानदार गाने

सुमन कल्याणपुर को उनके शानदार गानों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'तुम मर्द निकालोगे घूंघट जब राज हमारा आएगा', 'आज कल तेरे मेरे प्यार', 'है न बोलो बोलो', 'न न करते प्यार', 'तुमने पुकारा और', 'रहें न रहें', 'इतना है तुमसे प्यार मुझे', 'सुनो सुनो रे कहानी', 'ना तुम जानों न हम', 'दिल गम से जल रहा है', 'मेरे संग गा', 'मेरे महबूब न जा', 'जो हम पे गुजरती है', 'बहना ने भाई की कलाई में' आदि कई गाने काफी हिट हो चुके हैं।

## कई पुराने कंटेस्टेंट भी शो में कुकिंग और मस्ती करते दिखेंगे

# लाफ्टर शेफ का नया सीजन, कुकिंग के साथ हंसी का तड़का लौटा

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

कलर्स के एंटरटेनिंग शो लाफ्टर शेफ के पहले सीजन की सफलता के बाद अब दूसरा सीजन शुरू हुआ है। इस बार जहां कुछ पुराने कंटेस्टेंट हैं तो कुछ नए भी हैं। भारती सिंह, कृष्णा अभिषेक, सुदेश लहरी जैसे पुराने कलाकार फिर हंसाने आए हैं, वहीं कश्मीरा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, राहुल वैद्य समेत कई पुराने कंटेस्टेंट भी शो में कुकिंग और मस्ती करते दिखेंगे। वहीं नए कंटेस्टेंट की बात की जाए तो एल्विश यादव, मनारा चोपड़ा, रुबिना दिलैक, अभिषेक, समर्थ और अब्दू रोजिक जैसे सितारों की एंट्री हो गई है।

### लाफ्टर शेफ सितारों से खास बातचीत

हरिभूमि, आईएनएच 24X7 की टीम लाफ्टर शेफ के सेट पर पहुंची और सितारों से बातचीत की। बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले विक्की जैन, बिग-बॉस फेम अब्दू रोजिक, अभिषेक और लाफ्टर क्वीन भारती समेत कई कलाकारों से बातचीत की गई। सभी को हंसाने वाली भारती ने बताया कि अब कई जेन ज़ी कंटेस्टेंट इस बार हैं जो लेवल अप करेंगे और पुराने सीजन के सह-कलाकारों को भी वह मिस करती हैं । वहीं अपनी लाफ्टर शेफ फैमिली के अलावा फैमिली प्लानिंग की बात करते हुए कहा कि अब उन्हें दूसरा बच्चा चाहिए, वो भी एक लड़की।



### अभिषेक-समर्थ के रिश्ते पर बोलें अभिषेक

'पुरानी चीजें भूल जानी चाहिए। मेरे अभी फ्रेंड अमन जयसवाल की डेथ हुई। कुछ नहीं पता कब क्या हो जाए, तो क्यों दिल में गिले-शिकवे रखना। बिग-बॉस के बाद काफी बदलाव आए हैं मुझमें, गुस्सा और अहंकार कम है और पेशेंस और बैलेंस रखना सीख गया हूं।' बता दें, बिगबॉस में जहां अभिषेक-समर्थ के बीच रिश्ते अच्छे नहीं दिखे थे, तो इस शो में दोनों एक टीम है। बता दें, लाफ्टर शेफ का दूसरा सीजन 25 जनवरी से प्रसारित हुआ है। हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे कलर्स चैनल पर आप इसे देख सकते हैं।

### विक्की जैन को है छत्तीसगढ़ का समोसा पसंद

विक्की भैया से जब पूछा गया कि कौन-कौन से छत्तीसगढ़ी व्यंजन उन्हें पसंद हैं तो उन्होंने बताया कि बिलासपुर के समोसे उन्हें काफी पसंद हैं, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि असल में पेट अंकिता की डांट से भरता है या खाने से, तो उन्होंने बड़े प्यार से कहा- कि अब समझ आ गया है कि अंकिता की डांट ही उसका प्यार है।

### अब्दू का फेवरेट इंडियन फूड है 'वड़ापाव'

वैसे तो बर्गर के दीवाने हैं अब्दू रोजिक, लेकिन जब उनसे पूछा कि भारतीय डिश कौन सी पसंद है तो उन्होंने वड़ापाव का नाम लिया। वहीं कुकिंग पर उन्होंने कहा कि कभी मेरा हाथ जल रहा है खाना बनाते समय तो कभी हाथ कट रहा है, लेकिन मजा काफी आ रहा है।

# ब्रिटेन की 200 कंपनियों ने लिया बड़ा फैसला, 4 दिन काम, 3 दिन आराम

**कदम वर्क-लाइफ बैलेंस को सुधारने व कर्मियों की संतुष्टि सुधारने उठाया गया**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ इस नई नीति का लाभ 5000 से अधिक कर्मचारियों को मिलेगा

भारत में जहां, 70 घंटे, 90 घंटे हफ्ते में काम करने की वकालत की जा रही है, वहीं दूसरी ओर ब्रिटेन की 200 कंपनियों ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिसके तहत कर्मचारियों को केवल चार दिन काम करना होगा और तीन दिन की छुट्टी मिलेगी। यह कदम वर्क-लाइफ बैलेंस को सुधारने और कर्मचारियों की संतुष्टि बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस नई नीति का लाभ 5,000 से अधिक कर्मचारियों को मिलेगा, जो अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जैसे कि मार्केटिंग, टेक्नोलॉजी और चैरिटी। इस फैसले के पीछे का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। चार दिन का कार्य सप्ताह अपनाने वाली कंपनियों का मानना है कि यह पुरानी आर्थिक संरचना से बाहर निकलने का एक तरीका है।

### सैलरी उतनी ही मिलेगी

सबसे खास बात ये है कि काम के दिन कम करने के बाद भी कर्मचारियों की सैलरी में कोई कटौती नहीं की जाएगी। इससे कर्मचारियों को बिना किसी वित्तीय चिंता के अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलेगा। कंपनियों ने इस नीति को लागू करने के लिए गंभीरता से विचार किया है, जिससे न केवल कर्मचारी बल्कि कंपनियां भी लाभान्वित होंगी।



### 70, 90 घंटे वालों को मिला जवाब

ब्रिटेन की इन 200 कंपनियों के फैसले का असर वैश्विक संदर्भ में भी महत्व रखता है, खासकर तब जब भारत में कुछ कंपनियां अपने कर्मचारियों से 70 से 90 घंटे काम करने की अपेक्षा कर रही हैं। ब्रिटेन का यह कदम न केवल कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि यह अन्य देशों के लिए भी एक उदाहरण पेश करता है कि कैसे वर्क-लाइफ बैलेंस को प्राथमिकता दी जा सकती है।

### 9 से 5 का पैटर्न पुराना हो गया

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, फाउंडेशन कैम्पैन के निदेशक जोई राइल ने कहा कि '9 से 5 का वर्क पैटर्न 100 साल पहले विकसित हुआ था और अब यह आधुनिक समय के लिए उपयुक्त नहीं है'। उन्होंने आगे कहा कि इस बदलाव से कर्मचारियों को 50 फीसदी अधिक फ्री टाइम मिलेगा, जिससे वे खुशहाल और संतुष्ट जीवन जी सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 2,852 करोड़ रुपये हो गया। इंडियन बैंक ने पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही में 2,119 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। उसकी चालू वित्त वर्ष की इस तिमाही में कुल आय बढ़कर 17,912 करोड़ रुपये हो गई।

### डेंटा वाटर का शेयर 12% उछाल के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** जल एवं बुनियादी ढांचा समाधान कंपनी डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस का शेयर अपने निर्गम मूल्य 294 रुपये से 12 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 12.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 330 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 17.84 प्रतिशत चढ़कर 346.45 रुपये पर पहुंच गया।

### दीपक फर्टिलाइजर्स का शुद्ध लाभ हुआ चार गुना

**नई दिल्ली।** दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में चार गुना से अधिक बढ़कर 253.09 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से बिक्री बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 60.53 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### अदाणी पावर का शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** अदाणी पावर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़कर 2,940 करोड़ रुपये हो गया। बिजली की बिक्री बढ़ने से राजस्व में वृद्धि हुई है। 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत कुल राजस्व 11 प्रतिशत बढ़कर 14,833 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही में 13,355 करोड़ रुपये था। शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़कर 2,940 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 2,738 करोड़ रुपये था।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

# सरकार ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को दी मंजूरी, 16,300 करोड़ रुपए स्वीकृत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ मिशन को अगले सात वर्षों में 18 हजार करोड़ का निवेश मिलेगा

■ देश के भीतर खनिजों की खोज को बढ़ावा देने निवेश किया जाएगा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बुधवार को 16,300 करोड़ रुपये के 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' (एनसीएमएम) को स्वीकृति दी। इस मिशन को अगले सात वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से 18,000 करोड़ रुपये का निवेश भी मिलने की संभावना है। देश के भीतर और अपतटीय स्थानों पर महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को बढ़ावा देने पर यह निवेश किया जाएगा। तांबा, लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी खनिज जैसे महत्वपूर्ण खनिज तेजी से बढ़ती हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

### 24 महत्वपूर्ण खनिजों को चिन्हित किया गया

*वैष्णव ने कहा कि एनसीएमएम का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना और इस मामले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, /"इस मिशन के तहत 24 महत्वपूर्ण खनिजों को चिह्नित किया गया है। इसके लिए 16,300 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।*

■ तांबा, लिथियम, निकेल, कोबाल्ट जैसे खनिजों पर होगा ध्यान



### खनिजों के लिए 227 परियोजनाएं शुरू होगी

इस संशोधन के बाद रणनीतिक महत्व वाले खनिजों के 24 ब्लॉकों की नीलामी की गई। इसके साथ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने पिछले तीन वर्षों में महत्वपूर्ण खनिजों के लिए 368 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं जिनमें से 195 परियोजनाएं इस समय चल रही हैं। अगले वित्त वर्ष में जीएसआई विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के लिए 227 परियोजनाएं शुरू करेगा।

### खनिजों की खोज तेज होगी

सरकार को उम्मीद है कि यह मिशन देश के भीतर और इसके अपतटीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को तेज करेगा। इस मिशन के लिए आवंटित 16,300 करोड़ रुपये के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के भी इसमें अगले सात वर्षों में 18,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की संभावना है।

### सरकार ने एथेनॉल का खरीद मूल्य बढ़ाया

आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए सी श्रेणी के शीरा से प्राप्त एथनॉल की कीमत (एक्स-मिल) 1.69 रुपए बढ़ाकर 57.97 रुपए प्रति लीटर करने को कैबिनेट में मंजूरी दे दी। एथेनॉल का आपूर्ति वर्ष एक नवंबर से 31 अक्टूबर तक चलता है। चीनी उद्योग के उप-उत्पादों से एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मूल्य वृद्धि ऐसे समय में की गई है, जब भारत 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहा है।

#### बी श्रेणी के एथेनॉल की कीमत यथावत

पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य पहले 2030 तक था। बी श्रेणी के भारी शीरा और गन्ना रस/चीनी/शीरा से उत्पादित एथनॉल की कीमतें क्रमशः 60.73 रुपये प्रति लीटर और 65.61 रुपये प्रति लीटर पर यथावत रखी गईं। अन्य गन्ना उत्पादों की तुलना में सी श्रेणी के शीरा में बहुत कम चीनी सामग्री होती है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) सरकार के एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत चालू आपूर्ति वर्ष 2024-25 (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान संशोधित दरों पर एथनॉल की खरीद करेंगी।

#### तीन फीसदी की वृद्धि की गई

सी श्रेणी के भारी शीरा एथनॉल की कीमत में तीन प्रतिशत की वृद्धि का उद्देश्य बढ़े हुए मिश्रण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। पिछले वर्षों की तरह, गन्ना किसानों को सहायता देने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और परिवहन शुल्क का भुगतान अलग से किया जाएगा। मूल्य समायोजन से बढ़े हुए मिश्रण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त एथनॉल आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 631 अंक मजबूत



■ पूंजीगत उत्पाद व औद्योगिक शेयरों में निकली लिवाली

■ बजट से पहले विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में लिवाली आने से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 631 अंक और निफ्टी करीब 206 अंक चढ़कर बंद हुआ।

एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से पहले विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 631.55 अंक उछलकर 76,532.96 पर बंद हुआ। निफ्टी 205.85 अंक बढ़कर 23,163.10 पर पहुंच गया।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भारतीय बाजार ने खपत और रोजगार बढ़ाने के लिए कुछ नीतिगत उपायों की उम्मीद में बजट के पहले जुझारू रवैया दिखाया है। निवेशकों की नजरें अब फेडरल रिजर्व समिति की आगामी बैठक पर टिकी हैं।/सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने लगभग सात प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। इसके उलट, आईटीसी होटल, भारती एयरटेल, मारुति, एशियन पेंट्स और आईटीसी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### एशियाई व यूरोपीय बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त पर रहे। शंघाई और हांगकांग के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी का माहौल रहा था।


# तीसरी तिमाही में 16 फीसदी उछला मारुति का मुनाफा

■ एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर हुआ 3727 करोड़ रुपए

■ पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में मुनाफा 3207 करोड़ रुपए था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 3,207 करोड़ रुपये रहा था। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय बढ़कर 38,764 करोड़ रुपये हो गई जो गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 33,513 करोड़ रुपये थी। कंपनी का एकल आधार



पर शुद्ध लाभ 3,525 करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 की तीसरी तिमाही के 3,130 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत अधिक है।

### तीसरी तिमाही में 5,66,213 वाहन बेचे

मारुति सुजुकी तीसरी तिमाही में कुल 5,66,213 वाहन बेचे, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बाजार में बिक्री 4,66,993 इकाई रही, जबकि निर्यात 99,220 इकाई रहा जो किसी भी तिमाही में अब तक का सर्वाधिक है।

### घरेलू बाजार में बिक्री बढ़ी

घरेलू बाजार में बिक्री 1,382,135 इकाई तथा निर्यात 247,496 इकाई रहा। मारुति ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए 10,244 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 9,331 करोड़ रुपये था।

*गुजरात की सुजुकी मोटर को विलय की मंजूरी : इस बीच, कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर गुजरात को मोटर वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी में विलय करने की योजना को मंजूरी दे दी है।*

# सोना 910 रुपए चढ़ा, चांदी 1000 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की भारी लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 910 रुपये चढ़कर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एक जनवरी से देखा जाए तो सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4,360 रुपये बढ़कर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। दो दिनों की गिरावट के बाद, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी बुधवार को 910 रुपये बढ़कर 83,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 82,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत 1,000 रुपए के उछाल के साथ 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो पिछले कारोबारी दिन 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वैश्विक स्तर पर जिंस बाजार में सोना वायदा 2,794.70 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने में तेजी आई। इसका कारण कारोबारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड की अपेक्षित टैरिफ योजना को देखते हुए सुरक्षित निवेश को तरजीह दी।''

डॉ. वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

### टाटा मोटर्स के लाभ में 22 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत घटकर 5,578 करोड़ रुपये रह गया। टाटा मोटर्स ने बुधवार को शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही के नतीजे की सूचना दी। उसने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,145 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने पेश किया 'आकाश इनविक्टस'



■ अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम

**नई दिल्ली।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने 'आकाश इनविक्टस' का शुभारंभ किया है। यह जेईई (एडवांस्ड) की तैयारी के लिए एक अनूठा और उन्नत प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से शीर्ष और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह कार्यक्रम छात्रों को आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी के लिए तैयार करता है और इसमें उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित, परिणाम-केंद्रित प्रशिक्षण शामिल है। इस प्रोग्राम में एक व्यापक रिविजन और टेस्टिंग मॉड्यूल है, जो जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा की अंतिम तैयारी पर फोकस करता है। छात्रों को विशेष कोर्स, डाउट-सॉल्विंग सत्र और उनके प्रदर्शन को अधिकतम करने के लिए तैयार की गई टेस्ट सीरीज़ का लाभ मिलेगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक मेहरोत्रा ने कहा कि आकाश इनविक्टस सिर्फ एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है, यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आकाश इन्विक्टस का प्रवेश एक विशेष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल सबसे प्रतिभाशाली और समर्पित छात्र ही इसमें भाग लें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# 38वां नेशनल गेम्स : छत्तीसगढ़ ने 28 खेलों में जीत से किया आगाज, मिशा ने जीता स्वर्ण

देहरादून से ललित राठोड़

देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में पहले दिन छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर रहा। बुधवार को कलारीपयट्टु खेल में मिशा सिंधु ने छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक दिलाया है।

पहले दिन छत्तीसगढ़ ने 28 खेलों में जीत से आगाज किया है। बता दें कि राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ के 109 पुरुष, 116 महिला, 58 ऑफिशियल और 04 प्रतिनिधिमंडल सहित कुल 287 सदस्य इस खेल महाकुंभ में भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ की मिशा सिंधु ने कलारीपयट्टु खेल में 40 से 60 किलोग्राम वजन वर्ग में पहला स्वर्ण पदक हासिल किया है।

## बीच हैंडबॉल महिला में छत्तीसगढ़ ने गोवा को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश



मिशा सिंधु : स्वर्ण पदक
खेल : कलारीपयट्टू

### बीच हैंडबॉल महिला टीम स्वर्ण से दो कदम दूर

बीच हैंडबॉल महिला में छत्तीसगढ़ ने गोवा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। सेमीफाइनल मुकाबला 30 जनवरी को छत्तीसगढ़ और हरियाणा के बीच खेला जाएगा। बास्केटबॉल 5x5 में छत्तीसगढ़ महिला टीम तमिलनाडु से 67-125 से पराजित हुई। अगला मुकाबला 30 जनवरी को छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के बीच खेला जाएगा। वूशु में शिवानी 5वें स्थान पर रही, जबकि ट्रायथलॉन में अशोक वर्मा 21वें, धानु ओझा 20वें, प्रिया निषाद 21वें और मिक्स रिले में 13वें स्थान पर रहे।




शूटिंग 10 मीटर एयर राइफल महिला सेमीफाइनल मैच में, छत्तीसगढ़ शूटिंग टीम की प्राजू स्त्री और कुशी सक्सेना ने अच्छा प्रदर्शन किया और प्राजू को 9वां स्थान प्राप्त हुआ।

### 96-54 से जीता पंजाब

राष्ट्रीय खेलों में महिला वर्ग का पहला मुकाबला बास्केटबॉल में उत्तराखंड ने पंजाब के खिलाफ खेला। इसमें उत्तराखंड ने करीब दोगुने के अंतर हार का सामना किया। पंजाब ने कुल 96 अंक अर्जित किए। उत्तराखंड 54 अंक ही बना पाया। तीसरे राउंड को छोड़कर बाकी तीन राउंड में उत्तराखंड बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाया। आखिरकार 96-54 के बड़े अंतर से हार गया। विधूषी पाठक और अजमेर सिंह अंपायर की भूमिका में रहे।

### 1 अंक से हारा छत्तीसगढ़

महिला वर्ग के दूसरे मैच बास्केटबॉल में दिल्ली ने छत्तीसगढ़ को 75-76 के मामूली अंतर से हराया। रोमांचक मुकाबले में दर्शकों की सांसे थमी रही। हालांकि, दिल्ली ने पहले राउंड में 14-22 की बढ़त बना दी थी, लेकिन छत्तीसगढ़ ने शानदार वापसी की। दूसरे राउंड में 27 अंक अर्जित किए। इस राउंड में दिल्ली केवल 11 प्वाइंट ही कमा पाया, लेकिन इसके बाद दिल्ली की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाए रखी, जिसके बाद मुकाबला जीत लिया।

### खो-खो में पिछड़ा छत्तीसगढ़

पहले दिन आठ लीग मुकाबले हुए। उत्तराखंड के दो मुकाबले महाराष्ट्र से हुए। दोनों में महाराष्ट्र विजेता रही। लीग मैच जीतने पर विजेता टीम को दो-दो अंक मिले। पहला मैच पुरुष वर्ग में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच हुआ। इसमें ओडिशा ने 43-34 के स्कोर से जीत दर्ज की।

### विजेताओं को दिए जाएंगे कचरे से तैयार मेडल और ट्रॉफी

देहरादून। 38वें नेशनल गेम्स का आगाज देहरादून के राजीव गांधी स्टेडियम में देशभर के 9000 हजार खिलाड़ियों और 25 हजार दर्शकों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस बार नेशनल गेम्स में कई बड़े बदलाव देखने को मिल रहे है। ग्रीन गेम्स की थीम पर हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में रीसाइकिल ई-वेस्ट से बनी सामग्री का प्रयोग किया गया है। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले मेडल, ट्राफी, मोमेंटो, शाल, टोपी या फिर खेलों के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले कप, प्लेट, बर्तन, थर्मस आदि सभी सामग्री ई-वेस्ट से तैयार किए गए हैं। राष्ट्रीय खेलों के निमंत्रण पत्र भी ई-वेस्ट से ही बनाए गए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है।

## खबर संक्षेप




### बंगाल-ब्रिटेन आज खेलेंगे फ्रेंडशिप कप

**कोलकाता।** 'बंगाल-ब्रिटेन ट्रैवल फ्रेंडशिप कप' का दूसरा चरण यहां पुलिस एथलेटिक क्लब में एक और दो फरवरी को खेला जाएगा जिसमें महिला क्रिकेट आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला टीमों के मुकाबले खेले जाएंगे जो क्रिकेट और सांस्कृतिक जुड़ाव का अनूठा मिश्रण होगा। टूर्नामेंट को ब्रिटेन और भारत के बीच रिश्ते मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है जहां लोग क्रिकेट और पर्यटन के प्रति काफी जुनूनी है।

### 14 वर्षीय देसिंघु की गोल्डन हैट्रिक

**देहरादून।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारत की सबसे युवा खिलाड़ी चौदह वर्षीय धीनिधि देसिंघु ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं जबकि कर्नाटक पांच स्वर्ण पदक जीतकर पहले दिन पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। कर्नाटक ने पहले दिन सात पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत) जीते जबकि मणिपुर (चार स्वर्ण, चार रजत) दूसरे और महाराष्ट्र (दो स्वर्ण, तीन रजत, तीन कांस्य) तीसरे स्थान पर है।


## टेस्ट : श्रीलंका के खिलाफ पहले दिन आस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 330 रन

# स्मिथ ने जड़ा 35वां शतक, 10 हजार रन बनाने वाले चौथे आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶। गॉले

ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक साथ दो-दो उपलब्धि हासिल की है। श्रीलंका के खिलाफ बुधवार को पहले टेस्ट मैच के दौरान खाता खोलने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किए। वहीं, 100 रन पूरा करते ही टेस्ट क्रिकेट में अपना 35वां शतक पूरा किया। इन दो उपलब्धियों से वह दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट के नुकसान पर 330 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 147 और कप्तान स्टीव स्मिथ 104 रन बनाकर नाबाद लौटे।

ट्रेविस हेड ने 57 और लाबुशेन ने 20 रन की पारी खेली। बता दें कि स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर में 10 हजार टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। इसी के साथ स्मिथ सबसे तेज 10 हजार टेस्ट रन बनाने वाले दुनिया के पांचवे बल्लेबाज बन गए हैं। स्मिथ ने 115 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाले दुनिया के 15वें बल्लेबाज बने। हालांकि, अब वह 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के यूनुस खान को पीछे छोड़ दिया है।




### टेस्ट में सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 15921 |
| रिकी पोंटिंग | 13378 |
| जैक कैलिस | 13289 |
| राहुल द्रविड़ | 13288 |
| जो रूट | 12972* |
| एलिस्टर कुक | 12472 |
| कुमार संगाकारा | 12400 |
| ब्रायन लारा | 11953 |
| शिवनारायण चंद्रपाल | 11867 |
| महिला जयवर्धने | 11814 |
| एलन बॉर्डर | 11174 |
| स्टीव वॉ | 10927 |
| सुनील गावस्कर | 10122 |
| स्टीव स्मिथ | 10101* |

### सबसे ज्यादा शतक

| खिलाड़ी | शतक |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 51 |
| जैक कैलिस | 45 |
| रिकी पोंटिंग | 41 |
| कुमार संगाकारा | 38 |
| जो रूट | 36* |
| राहुल द्रविड़ | 36 |
| स्टीव स्मिथ | 35* |

### गावस्कर-लारा को पीछे छोड़ा

35 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने करियर के 35वें टेस्ट शतक के साथ पाकिस्तान के यूनिस खान, भारत के सुनील गावस्कर, वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और श्रीलंका के महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ दिया। इन सभी दिग्गजों के नाम टेस्ट क्रिकेट में 34 शतक दर्ज हैं। इस सीरीज में एक और शतक के साथ स्टीव स्मिथ पूर्व भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और इंग्लैंड के दिग्गज जो रूट की बराबरी कर सकते हैं। दोनों के नाम टेस्ट क्रिकेट में 36 शतक दर्ज हैं।

## अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 12 रन से हराकर खत्म किया अभियान



एजेंसी ▶▶। बांगी

श्रीलंका ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 12 रन की शानदार जीत से आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान खत्म किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही सेमीफाइनल में क्वालीफाई कर लिया था लेकिन टीम अंतिम चार से पहले अपनी विजयी लय जारी रखने में असफल रही।

चामुडी प्रबोदा की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण से श्रीलंका ने लगातार अंतराल पर विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लय हासिल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ओवर में जीत के लिए 20 रन की दरकार थी और श्रीलंका ने संयम से गेंदबाजी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बनाने दिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब फाइनल में जगह बनाने के लिए 31 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी जबकि भारत का सामना इसी दिन इंग्लैंड से होगा। नाईजीरिया ने भी आयरलैंड पर छह रन की रोमांचक जीत के बाद टूर्नामेंट में अपना अभियान खत्म किया।

### आईएमएल का प्रसारण करेगा डिजनी/हॉटस्टार

*मुंबई। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले सत्र की शुरुआत 22 फरवरी से होगी और उद्घाटन मैच में सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली भारतीय टीम का सामना श्रीलंकाई टीम से होगा जिसके कप्तान कुमार संगकारा हैं। आयोजकों द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार लीग के पहले सत्र में छह टीमें भारत, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज भाग लेंगे। जियो स्टार के डिजनी प्लस हॉटस्टार और कलर्स सिनेप्लेक्स और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी मैच शाम 7.30 से शुरू होंगे।*

# श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे, सुब्रमण्यन भी जीते

एजेंसी ▶▶। पातुमवान

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वी पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड मास्टर्स बीडब्लूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इस्राइल के दानिल दुबोवेंको को 21-13, 21-18 से मात दी। यह दुबोवेंको पर श्रीकांत की दूसरी जीत है, इससे पहले उन्होंने पिछले साल सितंबर में 2024 मकाऊ ओपन में उन्हें हराया था। पुरुष एकल में अन्य भारतीयों में एस संकर मुथुसैमी सुब्रमण्यन ने तीन



गेम के चुनौतीपूर्ण मुकाबले में मलेशिया के जून वेई चीम को 15-21, 21-15, 21-19 से शिकस्त दी और अब वह इंडोनेशिया के चिको औरा द्वी वारदोयो के सामने होंगे। आयुष शेट्टी को मलेशिया के जिंग हांग कोक से 15-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि मिथुन मंजूनाथ भी एक और मलेशियाई खिलाड़ी शोलेह एदिल से 14-21, 13-21 हार गए।

रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाडे की मिश्रित युगल जोड़ी ने थाईलैंड के वीराफाट फाकजारूंग और सराराात चेयूबोका की जोड़ी को 21-8, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। पुरुष युगल में रुबेन कुमार और हरिहरन ने थाईलैंड के पन्नावात जामतुबतिम और रतचापोल मकासिसिथोर्ण की जोड़ी को 21-18, 21-12 से शिकस्त दी।




## रणजी ट्रॉफी

# विराट के आने से बढ़ी चमक जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली



एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

विराट कोहली की करिश्माई मौजूदगी से रणजी ट्रॉफी की चमक ही नहीं बढ़ी है बल्कि खराब दौर से जूझ रही दिल्ली की टीम का मनोबल भी ऊंचा हुआ है जो रेलवे के खिलाफ ग्रुप डी के आखिरी मैच में जीत के साथ विदा लेने के इरादे से उतरेगी।

रेलवे के छह मैचों में 17 अंक है और दिल्ली को बोनस अंक के साथ हराने पर वह नॉकआउट में पहुंच सकता है। वैसे कोहली को खेलते देखने आने वाले दर्शकों को नतीजे की परवाह कहां है।

दिल्ली की टीम अगर पहले गेंदबाजी करती है तो मैदान में 3000 से ज्यादा दर्शक नहीं होंगे लेकिन दिल्ली के पहले बल्लेबाजी करने पर दर्शक यही चाहेंगे कि कोहली जल्दी से क्रीज पर उतरें। लेकिन अगर 'किंग कोहली' जल्दी आउट हो जाते हैं तो ? फिर रणजी ट्रॉफी वापिस 'रणजी ट्रॉफी' ही हो जाएगा जिसमें चार या पांच पत्रकार और सौ दो सौ दर्शक मैदान पर होते हैं।

## टी20 रैंकिंग : तिलक बने वर्ल्ड नंबर-2

**दुबई।** भारत के प्रतिभाशाली बल्लेबाज तिलक वर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बुधवार को जारी की गई पुरुष टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 25 स्थान की लंबी छलांग लगाकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वर्मा अब बल्लेबाजों की सूची में ट्रैविस हेड के ठीक पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ने वर्मा पर



23 अंक की बढ़त बना रखी है। बाएं हाथ के बल्लेबाज वर्मा इस समय शानदार फॉर्म में है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की मौजूदा टी20 श्रृंखला में नाबाद 19, नाबाद 72 और 18 रन बनाए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच वर्तमान श्रृंखला में अभी दो मैच खेले जाने बाकी हैं तथा वर्मा के पास हेड से आगे निकलने और रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का मौका है।

**एसए20 : कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को हराया**

**सेंचुरियन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को छह विकेट से हराकर बोनस अंक भी लिया और एसए 20 लीग प्लेआफ की दौड़ में खुद को बनाए रखा है। कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को नौ विकेट पर 99 रन पर रोक दिया और फिर चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ कैपिटल्स 14 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि सुपर किंग्स 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**

बजाज फाईनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी / आरटीजीएस / बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक / नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित / निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(12-02-25) बिलासपुर–अग्रसेन चौक; PGJ8GOL9893630, 9988410, 0023554, 0033344, 0049131, 0055170, 0097638, 0137318, 0176237. बिलासपुर–सरकंडा; P42HGOL9907300, 9943570, 9941623, 0010152, 0108921, 0122674, 0147030. (13-02-25) कटघोरा; P25EGOL9946623, 9954716, 9989034, 0005959, 0039479, 0131806. कोरबा – सीएसईबी चौक; PEQ2GOL9856777, 9860616, 9884982, 9943216, 0079465, 0083941. (14-02-25) मनेन्द्रगढ़; PV99GOL9947544, 9981851, 9984442, 9983066, 9992794, 0005003, 0115088, 0109841, 0130785, 0128422, 0153647. (17-02-25): महासमुंद; P6U8GOL10171128. (18-02-25) रायपुर – जीई रोड; PCZ6GOL9884544, 0024201, 0178655. रायपुर – पियांक टावर; PEN5GOL9972891, 9993771, 0081823, 0113505, 0113240. रायपुर – तेलीबंधा रोड; PF45GOL9862833, 9872509, 9931897, 9957935, 0039568, 0052466, 0050509, 0175437. (19-02-25): भिलाई – जीई रोड; PBX2GOL10098751. दुर्ग – स्टेशन रोड; P08IGOL9954678, 9973294, 0067147, 0099195, 0116701, 0132815, 0132429, 0132887, 0153031. (20-02-25) राजनंदगाँव – जीई रोड; PEN6GOL9868621, 0085494.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

# जब धरती पर आएगी तबाही, खत्म हो जाएंगे इंसान, तब भी ज़िंदा बचा रहेगा ये इकलौता जीव!

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

धरती पर एक ऐसा भी वक्त आएगा, जब इंसानों की आबादी खत्म हो जाएगी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इसके खत्म हो जाने के बाद भी एक आधा मिलीमीटर का जीव जीवित रहेगा। यह जीव तब तक नहीं मरेगा, जब तक सूरज की उम्र खत्म नहीं हो जाती। यह जानवर बिना भोजन और पानी के 30 साल तक जीवित रह सकता है। ये जानवर इतना जीवट है कि 150 डिग्री सेल्सियस या 302 डिग्री फ़ारेनहाइट की गर्मी और -457 डिग्री की ठंड भी इसका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। जब इंसान भी खत्म हो जाएंगे, तो भी जानवर को खरोंच नहीं आएगी। दुनिया के अंत तक कौन जीवित रहेगा?



## तब भी 200 साल तक रहेगा जीवित...

आपके मन में सवाल आ रहा होगा कि क्या मानव अस्तित्व मिट जाने के बाद भी जीवन रहेगा? जवाब ये है कि जब तक सूर्य अपनी गर्मी नहीं खो देता और अंधकार में बदल नहीं जाता, तब तक सिर्फ यही प्राणी ज़िंदा रहेगा आठ पैरों वाले उस जानवर को टार्डिग्रेड कहा जाता है। इसे पानी का भालू या पानी का सूअर भी कहते हैं। सोचिए, एक जल-सुअर में इतनी शक्ति कैसे? यह जानवर बिना भोजन और पानी के 30 साल तक जीवित रह सकता है। 150 डिग्री सेल्सियस या 302 डिग्री फ़ारेनहाइट गर्मी और -457 डिग्री ठंड जल-सुअर का कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। यह वॉटर-पिग केवल 0.5 मिलीमीटर लंबा हो सकता है। इसे चाहे उबलते पानी में उबाला जाए या डीप-फ्रीज़ किया जाए, तो भी यह जानवर 200 साल तक जीवित रहेगा।



## वॉटर पिग का जीवन है बहुत ही टफ


पृथ्वी और क्षुद्रग्रह के बीच टक्कर से सब कुछ नष्ट हो सकता है। कोई तारा सुपरनोवा के रूप में विस्फोट कर सकता है। गामा किरणों का विस्फोट विनाश के बीज बो सकता है, लेकिन वॉटर पिग फिर भी ज़िंदा रहेगा। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के अध्ययन से ऐसी सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। इस वॉटर पिग का जीवन बहुत ही टफ है, जो किसी भी परिस्थिति में सर्वाइव कर सकता है। ये डरावने डायनासोर से भी ज्यादा जीवट है। वैज्ञानिकों का कहना है कि टार्डिग्रेड्स या वॉटर पिग्स धरती पर पाई जाने वाली इतनी जीवट प्रजाति है, जो मर ही नहीं सकते। लेकिन हो सकता है कि ब्रह्मांड के दूसरे ग्रहों पर भी इस तरह के जीव पाए जाते हों, जो सब कुछ झेलकर भी कहीं ज़िंदा होंगे।

# अंतरिक्ष में चलना तक भूलीं भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स को धरती पर लाएंगे मस्क?

*वॉशिंगटन। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स पिछले 8 महीनों से अंतरिक्ष में फंसी हैं। उन्हें लाने की कोशिशें बार बार नाकाम हो रही हैं। वहीं, अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अरबपति कारोबारी एलन मस्क से मदद मांगी है। अंतरिक्ष एजेंसी स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी की सुविधा देने के लिए कहा है। दोनों वैज्ञानिक पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। इसके अलावा, एलन मस्क ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि, 'ये काफी भयानक था कि जो बाइडेन ने दोनों को इतने लंबे समय तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर फंसा छोड़ दिया, जबकि नासा ने अपने क्रू-9 मिशन के तहत दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए स्पेसएक्स को महीनों पहले ही शामिल कर लिया था।'*

**डोनाल्ड ट्रंप ने मांगी मदद**

**जून 2024 से स्पेस स्टेशन पर हैं सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर**



## जल्द ही एक मिशन शुरू करेगा एलन मस्क

एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्पेस स्टेशन पर फंसे 2 अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द से जल्द घर लाने के लिए कहा है। हम ऐसा करेंगे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि स्पेसएक्स 'जल्द ही' दोनों अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए एक मिशन शुरू करेगा, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर महीनों से फंसे हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि 'एलन जल्द ही कोशिश शुरू करेंगे और उम्मीद हैं, कि सभी सुरक्षित होंगे। शुभकामनाएं एलन!!!' हालांकि, फिलहाल उन्होंने इस बात की जानकारी नहीं दी है, कि ये मिशन कब शुरू होगा।

## मार्च या अप्रैल में हो सकती है वापसी

अगस्त 2024 में नासा ने कहा था कि उसने दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ बातचीत की है और स्पेसएक्स को क्रू-9 कैप्सूल से दोनों को घर लाने के लिए कहा है। लेकिन, क्रू-9 कैप्सूल तब तक वापस नहीं लौट सकता है, जब तक कि क्रू-10 को अंतरिक्ष में लांच ना किया जाए। हालांकि, फिलहाल तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है, कि मार्च या अप्रैल में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की धरती पर वापसी हो सकती है।

## अंतरिक्ष में कैसे फंसी सुनीता विलियम्स?

आपको बता दें, कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर पिछले साल 5 जून को बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गये थे, लेकिन बोइंग स्पेसक्राफ्ट में टेक्निकल दिक्कतें आ गईं और दोनों अंतरिक्षयात्री वहीं फंस गये। सुनीता विलियम्स को सिर्फ 10 दिनों तक ही स्पेस स्टेशन में रहना था, लेकिन पिछले 8 महीनों से वो वहीं फंसी हुई हैं। नासा और बोइंग ने स्पेसक्राफ्ट को ठीक करने की काफी कोशिश की, लेकिन आखिरकार फैसला लिया गया कि स्पेसक्राफ्ट को वैज्ञानिकों के साथ धरती पर लाना काफी जोखिम भरा कदम होगा।

## लौटने का कर रहीं इंतजार

वहीं, पिछले 8 महीनों में सुनीता विलियम्स का बुरा हाल हो चुका है और उन्होंने पीपल मैगजीन को दिए गए इंटरव्यू में कहा है कि वो काफी बेसब्री से धरती पर लौटने का इंतजार कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि वो अब चलना तक भूल गई हैं। उन्होंने कहा कि वो याद कर रही हैं, कैसे चलती थीं। उन्होंने कहा, 'मैं स्पेस स्टेशन में काफी समय से हूं और मैं यह याद करने की कोशिश कर रही हूं, कि चलना कैसा होता है। मैं नहीं चली हूं। मैं नहीं बैठी हूं। मैं नहीं लेटी हूं। आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। आप बस अपनी आंखें बंद कर सकते हैं और जहां आप हैं, वहीं तैर सकते हैं।'

# तिहरे हत्याकांड में पांच आरोपियों को मिला आजीवन कारावास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. प्यारेलाल कंवर के सबसे छोटे पुत्र, पुत्रवधू और पोती की हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पूर्व मुख्यमंत्री के छोटे बेटे हरीश कंवर, पत्नी सुमित्रा कंवर, पुत्री यासमी को मृतक हरीश के बड़े भाई हरभजन कंवर सहित चार अन्य रिश्तेदारों ने मिलकर मौत के घाट उतार दिया था। उल्लेखनीय है कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैसमा में अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व.प्यारेलाल कंवर के दो पुत्र हरभजन कंवर व हरीश कंवर एक ही घर में अपने-अपने परिवार के साथ निवासरत थे। 21 अप्रैल 2021 को हरभजन कंवर रोज की तरह अलसुबह 4 बजे अपनी पत्नी धनकंवर, 11 वर्षीय पुत्री गीतांजलि, 8 वर्षीय पुत्री आशी के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकला था। हरभजन ने घूमने जाने के दौरान घर के मुख्यद्वार में बाहर से कुंडी लगा दी थी। सुबह लगभग 5.15 बजे जब हरभजन मॉर्निंग वॉक कर वापस अपने घर लौटा तो उन्होंने देखा कि अज्ञात हत्यारों ने परिवार के साथ सो रहे उसके छोटे भाई हरीश कंवर 40 वर्ष उसकी पत्नी सुमित्रा कंवर 35 वर्ष, इकलौती पुत्री यासमी 5 वर्ष की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी है। हरीश जमीन पर तो उसकी पत्नी और बच्ची बिस्तर पर खून से लथपथ पड़े हुए थे। घर में भाई, भाई बहु, भतीजी की रक्तरंजित लाश देखकर हरभजन व उसके परिवार के सदस्यों के होश उड़ गए और घर में चीख पुकार शुरु हो गई।

■ संपत्ति के लालच में बड़े भाई व भाभी ने ही रची थी हत्या की साजिश




## चार स्पेशल ट्रेनें जोन से और 120 बसें रवाना हो रही हैं प्रयागराज तक

**बिलासपुर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने चार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया है। इनमें से एक ट्रेन 25 जनवरी को रवाना हो चुकी है, जबकि बाकी तीन ट्रेनें 26 फरवरी तक यात्रियों को सेवा प्रदान करेंगी। इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचने वाले यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिल रही है। इसके अलावा, यात्रियों की सुविधा के लिए अन्य रेलवे द्वारा परिचालित होने वाली 30 ट्रेनें भी प्रयागराज की ओर रवाना हो रही हैं। इस व्यवस्था के तहत, प्रदेश स्तर से 120 बसों का भी परिचालन किया जा रहा है, जिसमें से 20 बसों का संचालन बिलासपुर से किया जा रहा है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

# इंजन के पहियों पर ड्रिलिंग जांच के लिए दो सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रेलवे इंजन के पहियों पर ड्रिलिंग कर दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति रविन्द्र अग्रवाल की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए रेलवे के पक्ष को सुना और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान रेलवे ने स्पष्ट किया कि इंजन के पहियों पर किसी भी तरह की अवैध ड्रिलिंग नहीं की जा रही है। हालांकि रेलवे कर्मचारी होने और अन्य कानूनी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। रायगढ़ रेलवे ऑपरेशनल विभाग में कार्यरत कर्मचारी अमोश नाग ने 13 जनवरी 2025 को हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि रेलवे के अधिकारी अवैध तरीकों से कार्य कर रहे हैं, जिससे संभावित दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है।

■ जनहित याचिका पर कोर्ट का निर्देश

## जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित

सुनवाई के दौरान रेलवे का पक्ष रखते हुए केंद्र सरकार के अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि रेलवे में इस प्रकार की कोई भी अवैध गतिविधि नहीं हो रही है। इसके अलावा, रेलवे ने इस मामले की जांच के लिए डीआरएम के निर्देश पर दो सदस्यीय समिति गठित की है। इस समिति में डिविजनल सेफ्टी ऑफिसर सौरभ दवाक और डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अमित गुप्ता को शामिल किया गया है, जो जल्द ही अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

## सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा

याचिका खारिज होने के बावजूद, कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे जनहित से जुड़ा विषय माना और रेलवे को सुरक्षा व मानकों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी। इस पूरे मामले में रेलवे की ओर से दी गई सफाई के बाद हाईकोर्ट ने रेलवे की कार्यशैली पर कोई संदेह नहीं जताया, लेकिन सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस मामले की जांच के लिए गठित समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि याचिकाकर्ता के आरोपों में कितनी सच्चाई थी।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com